सुप्रभात
रांची, बुधवार
14.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | जेठ, कृष्णपक्ष पक्ष, द्वितीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 298



12 भारत ने फिर कहा- पाक को खाली करना ही होगा पीओके

## न्यूज डायरी

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 15 को, कई फैसले होंगे

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 15 मई को प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षा में होनेवाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। यह जानकारी मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### सेना को समर्पित 'तिरंगा यात्रा' शुरू

**नयी दिल्ली।** झारखंड समेत पूरे देश में भाजपा की 10 दिवसीय 'तिरंगा यात्रा' मंगलवार से दिल्ली समेत अलग अलग राज्यों में शुरू की गयी। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखायी। सेना को समर्पित इस यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। भाजपा का उद्देश्य इस यात्रा के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को हर घर तक पहुंचाना है। अलग अलग राज्यों में राज्य की भाजपा इकाइयों ने यात्रा निकलकर भारतीय सैन्य बलों के प्रति सम्मान प्रकट किया। 13 से 23 मई तक अलग अलग राज्यों में यह यात्रा निकाली जायेगी।

### चतरा में टेलर खाई में गिरी, 2 की मौत

**चतरा।** संघरी में एक दर्दनाक सड़क हादस में दो लोगों की मौत हो गयी। चतरा से हंटरगंज जा रही टेलर रात के समय संघरी घाटी के खतरनाक मोड़ पर खाई में गिर गयी। इस हादसे में चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों के शव टेलर में बुरी तरह फंस गये, जिन्हें निकालने के लिए 12 घंटे से अधिक समय तक प्रयास जारी रहा। बचाव कार्य में चुनौतियों के कारण शवों को निकालने में देरी हुई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

### हिंदुओं की जनसंख्या नीति खतरे में : विहिप

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री बजरंग बागड़ा ने झारखंड के अधिवक्ताओं के साथ ग्रीन एक्रस होटल एअरपोर्ट रोड रांची में बेठक की। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतवर्ष के हिन्दुओं ने साढ़े सात सौ वर्ष तक इस्लामिक शासन और दो सौ वर्षों का इसाई शासन को झेला, इसके बावजूद अपने अस्तित्व को बचा कर रखने में सफल रहा हैं। वहीं आज के मौजूदा दौर में हम हिंदुओं के द्वारा कुटुम्ब और विवाह प्रणाली में हो रहे परिवर्तन के कारण हमारा अस्तित्व खतरे में है।

### पंजाब में जहरीली शराब से 17 की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के मजीठा विधानसभा क्षेत्र के अधीन पड़ते तीन गावों में देर शाम जहरीली शराब पीने से करीब 17 लोगों की मौत हो जाने की खबर है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।




## सीबीएसइ रिजल्ट जारी : 10वीं में झारखंड के 92.16%, 12वीं में 88.16% छात्र सफल

# अतुल्य 99.2 फीसदी अंक लाकर बनी टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा (2025) का रिजल्ट जारी कर दिया। झारखंड के बच्चों ने अपनी मेधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते अपना परचम लहराया है। अतुल्य श्रेष्ठ 99.2 प्रतिशत लाकर विद्यालय की टॉपर रहीं। झारखंड के बच्चे सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.16% और 12वीं में 88.16% विद्यार्थी सफल रहे। इस सफलता पर सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड के विद्यार्थियों और स्कूल प्रबंधकों को बधाई दी है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में झारखंड से 80,242 छात्र-छात्राएं रजिस्टर्ड हुए थे, जिनमें 46,133 छात्र और 34,109 छात्राएं शामिल थीं। परीक्षा में शामिल हुए 79,595 में से 73,351 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस बार राज्य से 88.16% छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। पटना जोन के अंतर्गत आने वाले झारखंड के 483 स्कूलों के विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था।





**टापर ने सफलता का श्रेय शिक्षकों को दी :** डीपीएस रांची की टॉपर अतुल्य श्रेष्ठ (99.2 प्रतिशत) ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को दिया है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ आरके झा ने विद्यार्थियों के सफलता पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता यहां के शिक्षकों और छात्रों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। परीक्षा में बैठने वाले 381 विद्यार्थियों में 76 ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम हेमंत सोरेन ने दी बच्चों को बधाई

सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स के माध्यम से कहा कि सीबीएसई बारवीं और दसवीं परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जोहार। उन्होंने कहा, परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया है, वो निराश ना हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो, यही कामना करता हूं। सीएम ने लिखा-सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी मैं हार्दिक बधाई और जोहार। करता हूं।

### बच्चियां फिर बच्चों से आगे निकलीं

वहीं राष्ट्रीय स्तर पर लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से फिर बेहतर रहा। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में लड़कियों का रिजल्ट 95.0% रहा, लड़कों का पास प्रतिशत 92.63% रहा। इस तरह लड़कियां, लड़कों से 2.37% आगे रहीं।

# डूबा पैसा निवेशकों को दिलाने का प्रयास करेंगे : सीएम हेमंत

## सहारा निवेशकों की मदद को ले सीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सहारा में डूबे पैसे निवेशकों को दिलाने में राज्य सरकार विधिसम्मत कदम उठायेगी। यह भरोसा उन्होंने मंगलवार को सीएम आवासीय कार्यालय में विश्व भारती जनसेवा संस्थान के एक प्रतिनिधिमंडल को दी। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से भेंट कर उनसे सहारा इंडिया निवेशकों का पैसा वापस दिलाने, जांच आयोग का गठन और राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में हस्तक्षेप याचिका दायर करने की दिशा में पहल किये जाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि उनकी सरकार इस मामले में विधिसम्मत कदम उठायेगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों मे संस्थान के राष्ट्रीय सचिव नागेंद्र कुमार कुशवाहा, संयुक्त सचिव अशोक कुमार राम, उप सचिव प्रवीण कुमार श्रीवास्तव और रेजिना सुचिता कच्छप शामिल थे।



## निर्दोषों का खून बहाना महाविनाश को जन्म देता है : मोदी

# पाकिस्तान कई दिनों तक सो नहीं पायेगा

### आदमपुर एयर बेस पर जवानों से मिले पीएम, कहा

- 'ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं
- भारत माता की जय से दुश्मन के कलेजे कांपते हैं,
- घर में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया
- स्वदेशी हथियार से जवानों ने दिखाया जलवा



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पंजाब के जालंधर स्थित आदमपुर एयर बेस पर पहुंच कर पीएम मोदी ने देश के बहादुर जवानों का हौसला बढ़ाया। अपने संबोधन पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायकता का संगम है। आपने जो किया, पूरा देश आभारी रहेगा। भारत माता की जय घोष की ताकत दुनिया ने देखी है और निर्दोशों का खून बहाने का एक ही अंजाम महाविनाश है, यह भी देखा। उन्होंने कहा, हमारे ड्रोन, हमारी मिसाइलें, इसकी कल्पना करके पाकिस्तान कई दिनों तक सो नहीं पायेगा। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवानों ने देश का आत्मविश्वास बढ़ाया है। आपने वो कर दिखाया है जो अभूतपूर्व है, अकल्पनीय है। ऑपरेशन सिंदूर का हर पल भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता का प्रमाण है। सशस्त्र बलों का समन्वय वाकई शानदार रहा। चाहे वह थल सेना हो, नौसेना हो या वायु सेना - उनका समन्वय अद्भुत था। (शेष पेज 11 पर)

### 'ऑपरेशन सिंदूर सामान्य अभियान नहीं

पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर कोई सामान्य सैन्य अभियान नहीं है यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायकता का संगम है। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध और गुरु गोविंद सिंह जी की भूमि है...जब हमारी बहनों और बेटियों का सिंदूर मिटाया गया, तो हमने आतंकवादियों के घर में घुसकर उन्हें कुचल दिया। पाकिस्तान की तमाम कोशिशों के बावजूद, चाहे वह हमारा एयरबेस हो या अन्य रक्षा ढांचा - इन सभी पर कोई असर नहीं पड़ा। इसका क्रेडिट आप सभी को जाता है। मुझे आप सभी पर गर्व है। उन्होंने कहा, मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी ने अपने लक्ष्य को पूर्णता के साथ हासिल किया। पाकिस्तान में न केवल आतंकवादी शिविर और उनके हवाई अड्डे नष्ट किये, बल्कि उनके नापाक मंसूबों और दुस्साहस को भी परास्त किया गया।

## शोपियां मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

# लश्कर का टॉप कमांडर कुट्टे समेत 3 आतंकी ढेर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तवान के बीच सुरक्षाबलों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने लश्कर के तीन बड़े आतंकियों को मार गिराया। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) का ऑपरेशनल चीफ कमांडर शाहिद कुट्टे को भी ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ शुकरू केलर क्षेत्र में हुई, जहां खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया था। पुलिस के मुताबिक शाहिद कुट्टे शोपियां के छोटीपोरा हीरपोरा गांव का निवासी था और 8 मार्च 2023 को आतंकी संगठन से जुड़ा था। वह कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा था, जिनमें 8 अप्रैल 2024 को डैनिश रिसॉर्ट पर हमला शामिल है, जिसमें दो जर्मन पर्यटक और उनका ड्राइवर घायल हुए थे। इसके अलावा वह कुलगाम के बेजबाग में भाजपा सरपंच और टेरिटोरियल आर्मी के जवान की हत्या में भी शामिल था।



दूसरे मारे गये आतंकी की पहचान अदनान शफी डार के रूप में हुई। वह वंदुना मेलहोरा का रहने वाला था। तीसरे आतंकी की पहचान अभी नहीं हो सकी है। आइजीपी कश्मीर वीके बर्डी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया गया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। भारतीय सेना ने कहा कि शुकरू केलर क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी की सटीक सूचना के बाद सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन शुरू किया गया था। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर भारी गोलीबारी की, जिसके जवाब में जोरदार मुठभेड़ हुई और तीन कट्टर आतंकी ढेर कर दिये गये। यह मुठभेड़ ऐसे समय हुई जब 11 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सभी तरह की शत्रुता रोकने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद यह जम्मू-कश्मीर में दूसरी आतंकी घटना है।

## अरगोड़ा मंडा पूजा : भक्तों पर फूल बरसाते भोक्ता



# पाक के किराना हिल्स में परमाणु रेडियेशन का खतरा

## परमाणु गतिविधियों का आकलन करने पहुंचा अमेरिकी विमान

### किसी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं किया : भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान में परमाणु रेडियेशन का खतरा मंडराने लगा है। पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि आपरेशन सिंदूर के तहत भारत की जवाबी कार्रवाई में भारतीय वायुसेना हे हमले में पाकिस्तान के एक परमाणु ठिकाने को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, एक दिन पहले ही भारतीय वायुसेना ने इस बातों का खंडन कर दिया था। परमाणु ठिकाने पर हमले के बारे में पूछा गया, तो एयर ऑपरेशंस के महानिदेशक (डीजीएओ) एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि उन्होंने किसी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं किया है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें तो पता ही नहीं था कि किरना हिल्स में कोई परमाणु ठिकाना है। पाकिस्तान में परमाणु गतिविधियों का आकलन करने पहुंचे अमेरिकी विमान से अटकलें तेज हो गयी कि इसे परमाणु सुरक्षा के लिए भेजा गया है। (शेष पेज 11 पर)



### चर्चा में है किराना हिल्स

वैसे तो स्पष्ट जानकारी किसी के पास भी जानकारी नहीं है, लेकिन अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि किराना हिल्स में 10 या उससे अधिक टनल बने हुए हैं और इन टनल में परमाणु वॉरहेड्स रखा गया है। सरगोधा शहर और राबवाह के बीच का पहाड़ी इलाका किराना हिल्स कहलाता है। एफ-16 और जेफ-16 फाइटर प्लेन को मुशफ एयरबेस पर तैनात रखता है। यह पाकिस्तान का कमांड हेडक्वार्टर है। इसके पास ही सरगोधा एयर बेस भी है। यहां से करीब 75 किलोमीटर दूर पर खुशब न्यूक्लियर कॉम्प्लेक्स स्थित है। लगभग 68 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली और 39 किलोमीटर की परिधि से घिरी किराना हिल्स को बहुस्तरीय रक्षा प्रणाली के साथ डिजाइन किया गया है। यह एक सबक्रिटिकल एटॉमिक टेस्टिंग प्लेस है। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की एक पुरानी रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान ने 1983-1990 के बीच अपने परमाणु क्रार्यक्रम को विकसित किया था और इसके आसपास के एरिया में गोला-बारूद का बड़ा भंडार भी है। अमेरिकी सैटेलाइट के पास इस एरिया का फोटोग्राफ है, जिसने परमाणु एक्टिविटी को कैप्चर किया है।

# पाकिस्तान हाइकमीशन के एक अफसर को भारत ने निकाला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत में पाकिस्तान हाई कमीशन में काम करने वाले एक पाकिस्तानी अधिकारी को अवांछित घोषित करते हुए केंद्र सरकार ने उसे भारत 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश दिया है। केंद्र सरकार का कहना है कि वह पाकिस्तान अधिकारी कुछ ऐसी अवांछित गतिविधियों में शामिल था, जो उसके पद के हिसाब से ठीक नहीं थीं। उस अधिकारी को 24 घंटे के अंदर भारत छोड़ना होगा। पाकिस्तान हाई कमीशन के प्रभारी को इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया। इसका अर्थ यह है कि सरकार ने इस मामले में पाकिस्तान से औपचारिक रूप से विरोध जताया है। सरकार ने साफ कहा है कि ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं हैं। यह घटना ऐसे समय में घटी है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाते हुए 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया है।

**सिंधु जल संधि कब तक स्थगित रहेगी :** वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखेगा जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।

## भाजपा की आज नागरिक बैनर तले तिरंगा यात्रा

**रांची।** आतंकवाद पर भारत के कठोर कार्रवाई के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर तले भाजपा की तिरंगा यात्रा बुधवार को शुरू हो रही है। इसमें जिला स्कूल मैदान से धरती आबा की समाधि तक तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। इसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शामिल होंगे। राजधानी रांची के बाद निर्धारित तिथियों को प्रमंडल, जिला और मंडल स्तर पर भी तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम होंगे। इसमें आम नागरिक, सामाजिक संगठन, प्रबुद्ध जन सहित हजारों लोग शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार 15 मई को प्रमंडल स्तर पर, 16 मई को जिला मुख्यालयों में और 19-20 मई को निर्धारित मंडलों में कार्यक्रम होंगे। 19 मई को पलामू, संथाल एवं हजारीबाग प्रमंडल के सभी मंडलों में जबकि 20 मई को कोल्हान और दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के मंडलों में कार्यक्रम होंगे।

### एसीएस स्वास्थ्य ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

# बंद पड़े सभी 108 नंबर एंबुलेंस को 15 दिन में संचालित करें : स्वास्थ्य सचिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) अजय कुमार सिंह ने मंगलवार को राज्य के सभी सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव ने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी 108 एंबुलेंस छोटी-मोटी खराबी के कारण बंद हैं, उन्हें 15 दिनों के अंदर प्रस्ताव तैयार प्राक्कलन के




अनुसार राशि उपलब्ध करवाई जाये। एंबुलेंस 100 प्रतिशत संचालित होने चाहिये। उन्होंने सभी अस्पतालों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आंकलन कर उसकी सूची विभाग को प्रेषित करने के के निर्देश दिए ताकि मशीनों का क्रय किया जा सके।

जहां एक्स-रे मशीन नहीं है उसकी सूची उपलब्ध करायें। जिन अस्पतालों में एक्स-रे मशीन नहीं है, उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एक सप्ताह के अंदर मॉड्यूलर ओटी का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन पर भी चर्चा की गई। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जहां जगह नहीं है वहां आईपीएच मानक के अनुरूप स्थान उपलब्ध कराया जाये।

### एनएचएम की योजनाओं की समीक्षा की

अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन और उपाधीक्षकों को सदर अस्पताल से लेकर पीएचसी तक के स्वास्थ्य केंद्रों के रंग-रोगन एवं सुसज्जित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि 1 महीने के अंदर सभी कार्यों को संपन्न करते हुए सभी का फोटोग्राफ अपलोड करें। एक महीने के बाद फिर से कृत कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। वर्तमान वित्तीय वर्ष की वांछित राशि उपलब्ध करा दी गयी है।

### 12 सूत्री मांग पूरी करने की अपील

## संविदा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपनी मांगों को लेकर राज्य के संविदा कर्मियों ने मोरचा खोल दिया है। झारखंड राज्य दैनिक एवं संविदा वेतनभोगी कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार से संविदा, अनुबंध और एकमुश्त मासिक पारिश्रमिक पर काम करने वाले कर्मचारियों के लिए 12 सूत्री मांग-पत्र जारी किया है। साथ ही महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे की राह पर जाएंगे।

### क्या है उनकी मांगें

संविदाकर्मियों की प्रमुख मांगों में संविदा एवं अनुबंध कर्मियों को वार्षिक अवकाश की सुविधा देना। लंबे समय से कार्यरत कर्मियों को स्थायी सेवा में समायोजित करना। नियमित सेवा में कार्यरत कर्मचारियों की तर्ज पर संविदा कर्मियों को समान वेतन व सेवा शर्तें देना। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और सेवा नियमितीकरण की स्पष्ट नीति बनाना।कर्मियों को ईपीएफ की सुविधा देना। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सभी संविदा व अनुबंध कर्मचारियों को शामिल करना। कार्यकाल के आधार पर 5 और 10 वर्ष पूर्ण करने पर नियमितीकरण का लाभ देना। सेवा अवधि बढ़ाकर 2025 तक करना। राज्य सरकार द्वारा गठित झारखंड राजभाषा आयोग की अनुशंसा अनुसार वेतन पुनरीक्षण करना। स्वास्थ्य कर्मियों को जोखिम भत्ता देना और महंगाई भत्ते की दरें नियमित कर्मियों की तरह तय करना शामिल है।

## झारखंड में जदयू के संगठन प्रभारी घोषित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जदयू ने झारखंड में पार्टी संगठन को गतिशील एवं सशक्त बनाने के लिए मंगलवार को संगठन प्रभारियों की घोषणा की। पार्टी की घोषणा के अनुसार जगदीश महतो को रांची जिले का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह बेनी माधव झा को धनबाद और दीप नारायण सिंह को बोकारो जिले का संगठन प्रभारी बनाया गया है।

### इन्हें मिली जिले की कमान

| | |
|---|---|
| रांची - जगदीश महतो | कोडरमा - सरयू गोप |
| खूंटी - आशीष शीतल मुण्डा | गिरिडीह - सुशील कुमार सिंह |
| पश्चिमी सिंहभूम - संजय ठाकुर | हजारीबाग - संजय कुमार सिंह |
| पूर्वी सिंहभूम - पी एन सिंह | रामगढ़ - कुमेश्वर महतो |
| सरायकेला-खरसावां - कौशल कुमार | देवघर - रुद्रकांत लाल दास |
| गुमला - उपेंद्र नारायण सिंह | गोड्डा - त्रिवेणी वर्मा |
| सिमडेगा - अजय सोनी | दुमका - उदय सिंह |
| लोहरदगा - संतोष सोनी | साहेबगंज - रमाकांत मण्डल |
| लातेहार - दिलीप पांडेय | पाकुड़ - राजेंद्र प्रसाद |
| पलामू - सुयश पांडेय | धनबाद - बेनी माधव झा |
| गढ़वा - डॉ राजनारायण पटेल | बोकारो - दीप नारायण सिंह |
| चतरा - मिथिलेश सिंह | जामताड़ा - रणजीत जायसवाल |

## कांग्रेस नेता अपना दोहरा राजनीतिक चरित्र दिखाना बंद करें : प्रतुल शाहदेव

### आरोप : पीएम मोदी और सेना पर बार बार सवाल उठा रहे कांग्रेसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुये कहा कि जब पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सेना के साथ खड़ा है, तो उसमें भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी देश के साथ और सरकार के हर कदम के साथ चलने का दंभ भर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत लगातार मोदी सरकार की मंशा और भारतीय सैन्य क्षमता पर प्रश्न करते हुये देश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल जो ऑपरेशन ब्रेक हुआ



है उसमें किसी दूसरे राष्ट्र की मध्यस्थता नहीं है, लेकिन, कांग्रेस का एक बड़ा तबका बार-बार भारत को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता स्वर्गीय पीएम इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि उन्होंने 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा कर दिया था। उन्होंने कहा कि ये नेता इस बात को भूल जाते हैं कि 1972 के शिमला समझौते के तहत बांग्लादेश में 93000 आत्मसमर्पण किये पाकिस्तानी सैनिकों को श्रीमती गांधी ने बिना शर्त पाकिस्तान को लौटा दिया था, जबकि ये एक्सचेंज की बदौलत पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लेने का एक उपयुक्त समय था। उन्होंने कहा कि देश इंदिरा गांधी को इमरजेंसी के जरिये संविधान को बदलने की कोशिश और न्यायपालिका पर कुठाराघात के लिए भी याद रखा है। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों का नरसंहार भी लोग नहीं भूले। उन्होंने झारखंड सरकार से ये भी जानना चाहा कि विदेश मंत्रालय के निर्देश के अनुसार ओवर स्टे करने वाले कितने पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित किया है। इनमें से कितने को बाहर निकला गया।

## पीएम ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ निश्चय दिखाया : चंपाई सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ निश्चय दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और पाकिस्तान से बातचीत केवल पीओके और आतंकवाद के मुद्दे पर होगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी सेनाओं को आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी देगा। उन्होंने कहा कि सेनाएं किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम हैं और देश के दुश्मनों को मिट्टी में मिला सकती हैं। चंपाई सोरेन ने कहा कि पीएम का बयान नये भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है।

### महंगाई भत्ता देने और मानदेय वृद्धि की भी मांग की

## एनएचएम कर्मियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिले : संघ

- एनएचएम कर्मियों को जनवरी 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा।
- सीएम, स्वास्थ्य मंत्री और विभाग से न्याय की गुहार।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम संघ की प्रदेश महासचिव वीणा कुमारी और प्रदेश अध्यक्ष मीरा कुमारी ने कहा कि एनएचएम के अंतर्गत अल्प मानदेय में कार्यरत एनएचएम कर्मियों को जनवरी 2025 से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस कारण एन एनएचएम कर्मियों के जीवन यापन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के भरण पोषण शिक्षा और यहां तक की खाने के भी लाले पड़े हुए हैं। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विभाग से अनुरोध करते हैं कि हमें ससमय मानदेय का भुगतान किया जाये, ताकि उनका जीवन यापन सरल हो पाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मियों को न तो स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाता हैऔर न ही महंगाई भत्ता का, न ही ईएसआइ दिया जाता है और यहां तक की मरने के बाद एक कफन के लिए भी कोई फंड निर्धारित नहीं है। इसलिए झारखंड सरकार से यह भी अनुरोध है कि अन्य राज्य कर्मियों की भांति हम एनएचएम में कार्यरत कर्मियों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना महंगाई भत्ता और मानदेय वृद्धि का लाभ दिया जाये।

## कड़ी सुरक्षा के बीच 3 जून तक होगी सीयूईटी (यूजी) 2025 की परीक्षा


### पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्व संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीयूईटी (यूजी)-2025 की ऑनलाइन परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। पहले दिन की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। 3 जून 2025 तक होनेवाली इस परीक्षा को लेकर जिले के कुछ परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़-भाड़ और किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष सुरक्षा प्रबंध किए हैं।

### क्या है निर्णय

एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार ने परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू किया है। यह नियम हर दिन सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक प्रभावी रहेगा।



**इन गतिविधियों पर प्रतिबंध :** पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्र होना (सरकारी कार्य में लगे व्यक्ति अपवाद होंगे), लाउडस्पीकर, माइक या किसी ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग, किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, बम, पटाखा या अन्य हथियार लेकर चलना, लाठी, डंडा, तीर-धनुष जैसे पारंपरिक हथियार लाना और कोई सभा, जुलूस या सार्वजनिक बैठक आयोजित करने पर रोक होगी।

**इन परीक्षा केंद्रों जहां यह नियम लागू रहेगा :** राम टहल चौधरी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, ओरमांझी, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, आईओएन डिजिटल जोन, टुपुदाना, अरुणुमा टेक्निकल सर्विस, लोअर चुटिया, फ्यूचर ब्राइट, पुंदाग रोड और सक्सेस क्रेज, सिलवाई, टाटीसिल्वे को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

**शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी** प्रशासन ने इन केंद्रों के आसपास पुलिस बल और निगरानी अधिकारी तैनात किए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो और किसी भी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था को रोका जा सके।

## 1161 शिक्षकों को थमाया नोटिस, 25 तक मांगा जवाब

**रांची।** राज्य का स्कूली शिक्षा विभाग पूरी तरह से एक्शन में है। विभाग ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के 1161 शिक्षकों को नोटिस थमा कर 25 मई तक जवाब मांगा है। विभाग ने कहा है कि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो विभागीय कार्यवाई की जाएगी। शिक्षकों को यह नोटिस समय पर ऑनलाइन ट्रेनिंग नहीं करने के कारण थमाया गया है। वर्ग एक से वर्ग आठ के शिक्षकों को जे-गुरुजी एप के जरिए ऑनलाइन ट्रेनिंग करने का निर्देश दिया गया था।

**किस जिले के कितने शिक्षकों को मिला नोटिसः** विभाग की ओर से जिस जिले के शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है। उनमें रांची जिले के 417 शिक्षक, गुमला जिले के 293 शिक्षक, सिमडेगा जिले के 164 शिक्षक, खूंटी जिले के 160 शिक्षक और लोहरदगा जिले के 127 शिक्षक शामिल हैं।

### नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ ने जेट परीक्षा का किया विरोध, कहा

## राज्य सरकार पहले से नियुक्त नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापकों को समायोजित करे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक संघ ने जेट परीक्षा का विरोध करते हुए कहा कि सरकार को पहले से नियुक्त नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापकों को समायोजित करना चाहिए, इसके बाद ही जेट परीक्षा का आयोजन किया जाये। नीड बेस सहायक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ त्रिभुवन साही ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में लगभग 700 प्राध्यापक वर्ष 2017-18 से काम कर रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि पहले इन नीड बेस प्राध्यापकों को समायोजित किया जाए, फिर अन्य परीक्षाओं और बहाली की प्रक्रिया की जाये।

राज्य के विश्वविद्यालयों जैसे रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, विहार विश्वविद्यालय, पलामू विश्वविद्यालय, झारखंड विश्वविद्यालय, संथाल परगना विश्वविद्यालय, देवघर विश्वविद्यालय और बीबीएमकेयू और इनके अंगीभूत महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 4317 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 2808 पद रिक्त हैं। इस बीच, 700 नीड बेस सहायक प्राध्यापक पिछले सात वर्षों से कार्यरत हैं ।

डॉ त्रिभुवन साही ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 2404 पदों के लिए वेकेंसी निकाली है। उन्होंने यह भी कहा कि वे सभी नीड बेस सहायक प्राध्यापक चाहते हैं कि इसी विज्ञापन में उन्हें समायोजित किया जाये। डॉ साही ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में नीड बेस प्राध्यापकों की नियमित नियुक्ति का वादा किया था। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि अधीनस्थ विश्वविद्यालयों और सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों को भरने के लिए एक प्रगतिशील नीति बनाई जाये। झारखंड में 17 साल पहले जेट परीक्षा आयोजित हुई थी और इसके बाद बहाली का जो सिलसिला चला था, वह अब तक विवादों में है। उन्होंने कहा कि सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। जब साल में दो बार नेट परीक्षा होती है, तो फिर जेट परीक्षा की आवश्यकता क्यों पड़ी? यह नीति समझ से परे है। डॉ साही ने यह भी सवाल उठाया कि हर साल झारखंड के कितने छात्र नेट परीक्षा पास कर रहे हैं, तो फिर जेट परीक्षा क्यों आयोजित की जा रही है जब जेट परीक्षा पास करने वाले छात्रों को झारखंड की बहाली में कोई लाभ नहीं मिलेगा, तो इसकी आवश्यकता क्या है। उन्होंने यह भी कहा कि जेट परीक्षा में पूरे भारत के अभ्यर्थी शामिल होंगे, तो फिर नेट परीक्षा का औचित्य ही समाप्त हो जाता है।

## दारोगा संध्या टोपनो हत्याकांड में पांचवीं चार्जशीट दाखिल




**रांची।** महिला दारोगा संध्या टोपनो की हत्या से जुड़े तीन साल पुराने मामले में धुर्वा पुलिस ने एक और आरोपी बल्लू उर्फ नबीब के खिलाफ जांच पूरी करते हुये सीजेएम कोर्ट में पांचवीं चार्जशीट दाखिल की है। इस पर अदालत ने संज्ञान ले लिया है। बल्लू ओड़िशा के खटकूल बहार में अपने यहां 8 पशुओं को रखा था। इसे पिकअप वैन से रांची के रास्ते ले जाया जा रहा था। तुपुदाना क्षेत्र में 20 जुलाई 2022 को संध्या टोपनो को पशु लदे वाहन ने उड़ा दिया था। मामले में पांचवीं चार्जशीट दाखिल की गई है। घटना को लेकर धुर्वा थाना क्षेत्र में हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अब तक मो नेजार खान समेत नौ आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है।

### कृषि मंत्री ने अधिकारियों के साथ मासिक विभागीय समीक्षा बैठक की

## उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए अंडा उत्पादन में सब्सिडी का प्रस्ताव तैयार करें : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अंडा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी आधारित प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसका उद्देश्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देना है। राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मासिक विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिया है। पशुपालन निदेशालय हेसाग में मंगलवार को दिन भर चली मैराथन बैठक में उद्यमशीलता को सरकार के स्तर पर सहयोग करने की कार्य योजना बनाई गई है। विभाग का लक्ष्य राज्य में अंडा की मांग के अनुरूप उत्पादन को हासिल करना है। सब्सिडी का प्रस्ताव के जरिए विभाग अंडा उत्पादन से जुड़ने वाले लोगों को आर्थिक सहयोग कर उनकी मदद करेगा।

मासिक समीक्षा बैठक में सबसे पहले मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने



पिछले माह हुई बैठक पर समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य के वीएलडब्ल्यू की ट्रेनिंग विभागीय स्तर पर जल्द से जल्द कराई जाये। राज्य भर के वीएलडब्ल्यू का अलग-अलग ग्रुप बना कर उन्हें बीएयू के कृषि वैज्ञानिक ट्रेनिंग देंगे। इस ट्रेनिंग से वीएलडब्ल्यू कृषि के क्षेत्र में हर दिन हो रहे बदलाव और वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पशुधन योजना का लाभ देने के लिए कलस्टर फॉर्मेट पर काम करने को कहा है । राज्य में पलायन प्रखंड पंचायत और गांव को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही समीक्षा बैठक में नेचुरल फॉर्मिंग के लिए 88 कलस्टर बनाने की कार्य योजना तैयार की जा रही है। ऐसा करने से नेचुरल फॉर्मिंग को राज्य में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। समीक्षा बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीख के अलावा सभी विभागीय निदेशक मौजूद थे।

## देश में हिन्दुओं की कुटुंब प्रणाली व जनसंख्या नीति खतरे में : बजरंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री बजरंग बागड़ा ने मंगलवार को अधिवक्ताओं के साथ ग्रीन एकर्स होटल में बेठक की। श्री बागड़ा ने कहा कि भारतवर्ष के हिन्दुओं ने साढ़े सात सौ वर्ष तक इस्लामिक शासन और दो सौ वर्षों का इसाई शासन को झेला। इसके बावजूद अपने अस्तित्व को बचा कर रखने में सफल रहा है। इसका मुख्य कारण हैं विवाह और कुटुम्ब प्रणाली। लेकिन, मौजूदा दौर में हिन्दुओं के द्वारा कुटुम्ब और विवाह प्रणाली में हो रहे परिवर्तन के कारण हमारा अस्तित्व खतरे में है। यह हिन्दू समाज के नाश का कारण बन सकती है।

उन्होंने हिंदू परिवारों की कुटुंब प्रणाली और जनसंख्या नीति में आये कई बदलाओं पर चिंता जाहिर करते हुये आग्रह किया कि सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने श्रीराम मंदिर से जुड़े अभियान की सफलता और प्रयाग राज के



महाकुंभ में 66 लाख हिन्दुओं के भागीदारी की सराहना करते हुये कहा कि इन कार्यक्रमों से विश्वभर में नई ऊर्जा की जागृति हुई है। लेकिन, यह जागृति हमें सिर्फ धार्मिक आयोजनों एवं मंदिरों तक ही सीमित नहीं रखना है। ऐसी जागृति हम हिन्दुओं को अपने मूल जीवन विंदु और जीवन दर्शन के क्षेत्र में भी खास तौर पर दिखाने की जरूरत है। हमारी विवाह प्रणाली पूरे दुनिया में अनूठी है। विवाह प्रणाली में कॉन्ट्रैक्ट का कोई स्थान नहीं है। बच्चों की संख्या कम होने से परिवार की निरंतरता में कमी आई है। बच्चों में एकाकीपन बढ़ा है। जिससे उनके संतुलित विकास में कमी आई है। परिवार में बुजुर्गों के सम्मान कम होने से परिवार के अंदर संकट बढ़ गये हैं। उन्होंने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू आबादी के घटने के कारण एकजुटता पर बल दिया।

इस कार्यक्रम मे विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेन्द्र विमल, मिथिलेश्व मिश्र, रंगनाथ महतो, देवी सिंह, राजेंद्र कृष्णा, शिवपाल सिंह, प्रकाश रंजन, अमरनाथ ठाकुर, जुगल किशोर, प्रदीप चौरसिया, विश्व रंजन आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आइआइटी दिल्ली से इंजीनियरिंग हमारा लक्ष्य : गुरुवंश सिंह



**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, टेल्को के छात्र गुरुवंश सिंह ने सीबीएसई 12 वीं में साइंस सेगमेंट में 95 .2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया है। गुरुवंश सिंह के पिता गुरुचरण सिंह और माता सरनप्रीत सिंह हैं जो मानगो गुरुद्वारा रोड में रहते हैं। गुरुवंश के पिता टाटा स्टील के आइबीएमडी डिपार्टमेंट में हैं। गुरुवंश की छोटी बहन गुरलीन कौर हैं। गुरुवंश सिंह ने खबर मन्त्र को बताया कि अब उनका सपना जेईई एडवांस की परीक्षा पर है। वहां बहुत बेहतर रैंक लाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं ताकि आइआइटी दिल्ली में उन्हें पढ़ने का मौका मिल सके। वे इस संस्थान के लिए ब्रांच से भी कंपरमाइज करने को तैयार रहेंगे। वैसे वे कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करना चाहते हैं किंतु आइआइटी दिल्ली में उन्हें इलेक्ट्रिकल या अन्य ब्रांच भी मिल जाए तो वहां नामांकन लेना चाहेंगे।

### चिन्मया विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**जमशेदपुर।** चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क के सत्र 2024-25 के दसवीं और बारहवीं बोर्ड का परीक्षाफल अत्यंत संतोषजनक रहा। 10वीं बोर्ड की परीक्षा का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा जिसमें 95 प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किये। 12वीं में 74 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया और रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की सफलता की कामना के साथ रुचि के विषय के साथ आगे बढ़ने तथा इससे बेहतर परिणाम हेतु शुभकामना दी है।

### जोबा माझी करेंगी जनता से सीधा संवाद

**चाईबासा।** सिंहभूम की सांसद जोबा माझी क्षेत्र की जनता के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगी। इसके लिए जिला परिषद के डाक बंगला में सांसद कार्यालय खोला गया है। मंगलवार को सांसद जोबा माझी ने जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन व झामुमो जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम की उपस्थिति में कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद ने बताया कि वह महीने में कम से कम दो दिन मंगलवार के दिन कार्यालय में जनता दरबार आयोजित करेंगी। इस दौरान क्षेत्र की जनता से रूबरू होने के साथ उनकी समस्याओं से अवगत होंगी एवं समाधान करेंगी। सांसद ने बताया कि सिंहभूम संसदीय क्षेत्र काफी बड़ा है। आम लोगों से सांसद से मिलने या अपनी समस्या उनके तक पहुंचाने में कोई परेशानी नहीं हो इसे ध्यान में रखते हुए चाईबासा में कार्यालय खोला गया है। उन्होंने बताया कि इसी तरह जल्द ही सरायकेला के जिला परिषद कार्यालय में भी सांसद कार्यालय खोला जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा सांसद कार्यालय खुलने से चाईबासा के अलावा मझगांव और जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग भी सांसद तक अपनी समस्या आसानी से पहुंचा सकेंगे।

### अरविंद सिंह के प्रयास से आरडी रबर ने मजदूरों का दिया बकाया

**गम्हरिया।** ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह के प्रयास से औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित आरडी रबर कंपनी के मजदूरों का बकाया वेतन 45 लाख का भुगतान प्रबंधन द्वारा किया गया। मंगलवार को सरायकेला श्रम अधीक्षक कार्यालय में श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधन ने मजदूरों को बकाया 45 लख रुपए भुगतान करने पर राजी हुई है। इससे पूर्व बैठक में श्रम अधीक्षक के अलावा पूर्व विधायक अरविंद सिंह, आरडी रबर कंपनी के एमडी, मजदूर समेत कोल्हान मजदूर यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद विधायक अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल मजदूरों को प्रबंधन ने 45 लाख रुपए बकाया भुगतान देने पर सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि करीब 45 मजदूरों के बीच बकाया का भुगतान किया जाना है।

# विद्या भारती चिन्मया के अमितेश दास, डीएवी की कौशिकी पाठक और संत मेरिज की वंशिका टॉपर

- सीबीएसई 12 वीं के साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स में कमाल का प्रदर्शन
- सीबीएसई 10 वीं में इनिका कर 98.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी सिटी टॉपर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ चिन्मया, टेल्को की प्राचार्या श्रीमती मीना विलखु और सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाएं।

**जमशेदपुर।** सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा के परिणाम आज जारी हुए। जमशेदपुर की छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में कमाल का प्रदर्शन किया है।

सीबीएसई की दसवीं की परीक्षा में डीएवी बिष्टुपुर की इनिका कर 98.6 प्रतिशत अंक लाकर सिटी टॉपर बनी हैं जबकि विद्या भारती चिन्मया टेल्को की छात्रा मान्या कांत 98.2 प्रतिशत अंक लाकर सेकेंड सिटी टॉपर बनी हैं। डीएवी बिष्टुपुर के वेदांत त्रिवेदी और समृद्धि 98 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रुप से सिटी में तीसरे स्थान पर हैं।

जहां तक 12 वीं सीबीएसई के परिणाम की बात है तो साइंस में विद्या भारती चिन्मया के छात्र अमितेश दास 98.2 प्रतिशत अंक लाकर सिटी टॉपर बने हैं। दूसरे स्थान पर डीएवी बिष्टुपुर के आर्यन मिश्रा और रुसिल कुमार हैं जिन्होंने 97.6 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रुप से सेकेंड सिटी टॉपर बने हैं जबकि विद्या भारती चिन्मया के छात्र रमन भारद्वाज 97.6% अंक लाकर थर्ड सिटी टॉपर बने हैं।

12 वीं कॉमर्स में सेंट मैरीज इंग्लिस स्कूल की वंशिका 97.8% अंक लाकर सिटी टॉपर बनी हैं जबकि सेंट मैरीज इंग्लिश स्कूल बिष्टुपुर के ही छात्र केशव गनेड़ीवाल 97.6% अंक लाकर सेकेंड सिटी टॉपर और विद्या भारती चिन्मया की छात्रा अंतरा सिंह 95.6 प्रतिशत अंक लाकर थर्ड सिटी टॉपर बनी हैं।

आर्ट 12 वीं में डीएवी बिष्टुपुर की छात्रा कौशिकी पाठक 98.2 प्रतिशत अंक लाकर सिटी टॉपर बनी हैं। बाल्डविन फार्म एरिया स्कूल,कदमा की रिद्धिमा सिंह 98% अंक लाकर सेकेंड सिटी टॉपर और विद्या भारती चिन्मया की आलोयाना सेन 97.2% अंक लाकर थर्ड सिटी टॉपर बनी हैं।

### 10 वीं टॉपर

- 1- इनिका कर 98.6 डीएवी
- 2- मान्या कांत 98.2% विद्या भर्ती चिन्मया विद्यालय टेल्को
- 3- वेदांत राज त्रिवेदी 98 डीएवी बिष्टुपुर
- 3- समृद्धि 98 डीएवी बिष्टुपुर
- 4- विनायक कुमार श्रीधर 97.8% सेंट मेरिज इंग्लिश स्कूल
- 5- प्रणय राज 97.6 डीएवी बिष्टुपुर
- 6- स्तुति कुमारी 97.4 डीएवी बिष्टुपुर
- 6- आयुषी अंशु 97.4 डीएवी बिष्टुपुर
- 6- ध्रुवम रॉय चौधरी 97.4 डीएवी बिष्टुपुर
- 7- अविनाश राज यादव 97% विवेक विद्यालय
- 7- तनिष्का कुमारी अग्रवाल 97% चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क
- 7- हिमांशु सिंह 97% चिन्मया विद्यालय टेल्को
- 7- अनुष्का राय 97% चिन्मया विद्यालय टेल्को
- 8- सानिया परवीन 96.8% सेंट मेरिज
- 9- पीयूष राज 96.6% डीबीएमएस कदमा
- 9- अन्वेषा बॉस 96.6 डीएवी बिष्टुपुर
- 9- आयुषी कुमारी 96.6 डीएवी बिष्टुपुर
- 9- अंशिका कुमारी 96.6% वैली व्यू टेल्को
- 10 अजीता झा 96.4 डीएवी बिष्टुपुर
- 10- उज्जीवन दास 96.4% काशीडीह हाई स्कूल
- 10- शुभ्रदीप दास 96.4% सेंट मैरी स्कूल

### 12 वीं सीबीएसई साइंस टॉपर

- 1- अमितेश दास 98.2% चिन्मया विद्यालय टेल्को
- 2- आर्यन मिश्रा 97.6% डीएवी बिष्टुपुर
- 2- रुसिल कुमार 97.6% डीएवी बिष्टुपुर
- 2- रमन भारद्वाज 97.6% चिन्मया विद्यालय टेल्को
- 3-सात्विक सिवान 97.2% बाल्डविन फार्म एरिया स्कूल
- 4- अश्विनी कुमार 97% सेंट मेरिज
- 5- कुमार अनिर्बन 96% डीएवी बिष्टुपुर
- 5- हर्ष शर्मा 96% डीबीएमएस कदमा

# विद्या भारती चिन्मया, टेल्को के अमितेश दास को साइंस में मिला 98.2 परशेंटाइल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मया, टेल्को के छात्र अमितेश दास ने सीबीएसई 12 वीं साइंस में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर कमाल किया है। अमितेश दास की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है कि संगीत उसकी प्राथमिकता है जबकि पढाई का स्थान उसके बाद आता है। खबर मन्त्र से बातचीत में अमितेश दास ने बताया कि वह इंडियन स्टैटिकल इंस्टीट्यूट, बंगलोर से पढ़ाई करना चाहता है ताकि देश की बेहतर ढंग से सेवा कर सके। इस संस्थान के लिए अमितेश ने इंट्रेंस एग्जाम दे दिया है और रिजल्ट का इंतजार कर रहा है। इसके अलावा दूसरी प्राथमिकता उसे जेईई एडवांस एग्जाम में बेहतर करना है ताकि आइआइटी अथवा एनआइटी से इंजीनियरिंग कर सके।



अपने माता-पिता और बहन के साथ अमितेश।

अमितेश दास खड़ंगाझार राधिकानगर विकास मैदान निवासी एवं आरएसबी ट्रांसमिशन से सेवानिवृत स्वपन दास और विग एलिट स्कूल, घोड़ाबांधा की शिक्षिका आम्रपाली दास के पुत्र हैं। उनकी एक बड़ी बहन सुसौमी दास हैं जो हैदराबाद में जॉब करती है।

यह पूछने पर कि इतने शानदार परशेंटाइल की उम्मीद आपको थी? अमितेश ने कहा कि मैं इसे लेकर कतई तनाव वाला लक्ष्य लेकर नहीं चल रहा था। अगर 75 प्रतिशत भी अंक मिलता तो भी मैं खुश रहता। मुझे लगता है कि संगीत के रियाज ने मुझे खुश रहना और तनाव रहित जिंदगी दी और इसका ही सकारात्मक प्रभाव सीबीएसई 12 वीं के रिजल्ट में मुझे मिला है। आगे भी मैं बिंदास होकर अध्ययन करुंगा। पढाई में सहयोग देने के लिए मैं अपने माता-पिता और बहन के साथ-साथ शिक्षकगुण के प्रति आभारी हूं। अमितेश ने परीक्षा उतीर्ण करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं को भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एयरो स्पेस इंजीनियर बनना चाहता है चिन्मया का सेकेंड टॉपर रमण भारद्वाज

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, टेल्को के छात्र रमण भारद्वाज ने सीबीएसई साइंस 12 वीं परीक्षा में 97 .6 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय के सेकेंड टॉपर बने हैं। उन्होंने यह उपलब्धि बिना किसी टयूशन और कोचिंग के हासिल की है। रमण के पिता शशिकांत सिंह झारखंड पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं और फिलहाल गोलमुरी पुलिसलाइन में तैनात हैं जबकि मां रमा देवी गृहणी हैं। रमण भारद्वाज चार भाई-बहन में सबसे छोटे हैं। उनकी बड़ी बहन नम्रता, अंजलि हैं जबकि बड़े भाई चमन भारद्वाज इंजीनियिंग सेकेंड ईयर के छात्र हैं। रमण भारद्वाज की मेधा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने जेईई मेंस की परीक्षा में 99 .42 प्रतिशत अंक हासिल किया है और अब वे 18 मई को होने जा रहे जेईई एडवांस की तैयारी में जुटे हैं।



रमण एयरो स्पेस इंजीनियर बनना चाहते हैं। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय ईश्वर रुपी माता-पिता को दिया है। यह पूछने पर इतने शानदार प्रदर्शन का कारण? रमण भारद्वाज ने कहा कि हम अपने जूनियर्स से कहना चाहेंगे कि वे बोर्ड की परीक्षा को भी 11 वीं की परीक्षा की तरह ही तनाव रहित होकर तैयारी करें। पढाई में निरंतरता बनाये रखें और खूब मेहनत करें, सफलता अवश्य कदम चूमेगी।

## परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय का दीपक बना 10 वीं में स्कूल टॉपर

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा के धर्मडीह गांव निवासी दीपक कुमार सिंह ने मैट्रिक परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। इधर उसके टॉपर होने की खबर के बाद जादूगोड़ा के छोटे से गांव धर्मडीह गांव में जश्न का महौल। उसके पिता बिक्रम सिंह जादूगोड़ा माइंस डिविजन में केज ऑपरेटर है। उनकी मां रेणु देवीगृहणी है। उसके यूसीलकर्मी पिता बिक्रम सिंह व मां रेणु देवी कहती है कि वह पढ़ने में



बच्चन से ही मेधावी था। उसकी आगे की पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी उसकी है। । विद्यालय टॉपर दीपक कुमार सिंह की मैट्रिक परीक्षा में मिले अंक अंग्रेजी में 98, गणित में 96 ,विज्ञान में 96,हिंदी 90 ,सोशल साइंस 95 ए आई में 99 अंक मिले है। विद्यालय का दूसरा टॉपर शिवम बाग 90.6% है।

## डीएवी बिष्टुपुर की छात्रा कौशिकी पाठक आर्ट्स में बनी कोल्हान टॉपर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** डीएवी बिष्टुपुर की छात्रा कौशिकी पाठक ने 12 वीं सीबीएसई की परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक लाकर कोल्हान टॉपर बनने का श्रेय हासिल किया है। सबसे बड़ी बात कि कौशिकी पाठक ने स्व अध्याय के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उसने कोचिंग एवं ट्यूशन आदि का सहारा नहीं लिया। कौशिकी के पिता एवं मानगो निवासी पूर्णेन्दु पाठक व्यवसायी हैं जबकि माता रीना पाठक गृहणी हैं। कौशिकी को



अपने माता-पिता के साथ कौशिकी पाठक।

अंग्रेजी, इतिहास और अर्थशास्त्र में 98 प्रतिशत अंक मिला है जबकि भूगोल में 97 प्रतिशत और राजनीति विज्ञान में 100 प्रतिशत अंक मिला है। कौशिकी का कहना है कि उसकी उपलब्धि में माता-पिता का बहुत योगदान है जिन्होंने हमेशा ही पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

## नारायणा जमशेदपुर के विद्यार्थियों का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. (10वीं) एवं सी.बी.एस.ई. (12वीं) बोर्ड 2025 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा के नेशनल एकेडिक हेड श्री श्याम भूषण ने कहा कि सी.बी.एस.ई. (10वीं) एवं





सी.बी.एस.ई. (12वीं) बोर्ड 2025 के रिजल्ट जिसमें नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर करने वाले छात्रों की संख्या 106 है। जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के 90 प्रतिशत से अधिक स्कोर होने की संभावना है। नारायणा जमशेदपुर से सी.बी.एस.ई. (10वीं) एवं सी.बी.एस.ई. (12वीं) बोर्ड 2025 के रिजल्ट में 90 % से अधिक स्कोर करने वाले कुछ सफल छात्रों के नामः सी.बी.एस.ई 10वीं की परीक्षा में नारायणा जमशेदपुर के छात्रः मान्या कांत (97.8%), स्वरूप विशाल यादव (97.6 %), ध्रुवम राय चैधरी (97.4%), अनुष्का राय (97%), आयुष राज (95.4%), आएशा मंसूर (95.4%), श्रीया मंडल (95.4%)।

## सीबीएसई 12वीं में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय जादूगोड़ा का बारहवीं कक्षा का परिणाम आज घोषित कर दिया गया। इधर बेहतर परिणाम को लेकर प्राचार्य नीरज भालोठिया ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**12 वीं सीबीएसई विज्ञान के टॉपरों की सूची**

बारहवीं की विज्ञान परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय की अन्यया सिंह ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का साइंस में टॉपर बनी ।दूसरे नंबर पर आयुष शर्मा 91. 6 प्रतिशत व अंकित भारद्वाज 89.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान पर रहे ।इसी तरह कॉमर्स में राजमणि कुमार 88.4 प्रतिशत अंक लाकर कॉमर्स में विद्यालय का टॉपर बने दूसरे नंबर अर्जुन कुमार 82 .4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा नंबर ,रश्मि हांसदा 81. ड प्रतिशत लाकर तीसरे नंबर पर रही। इसके अतिरिक्त आर्ट्स में सृष्टि निधि 85.6 लाकर आर्ट्स में टॉपर्स बनी जबकि प्रीति सिंह 84. 4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे नम्बर पर रही व सीता मार्डी 84 .0 अंक लाकर तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा।

## आकाश इंस्टीट्यूट के 10वीं-12वी सीबीएसई छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आकाश इंस्टिट्यूट, जमशेदपुर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर से अपने शानदार प्रदर्शन से संस्थान को गौरवान्वित किया है। इन छात्र-छात्राओं ने न केवल अपने नाम को राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मंगलवार को घोषित 10वी और 12वी सीबीएसई परीक्षा के परिणाम में, आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने राज्य में सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किया है। यह सफलता संस्थान की योजनाबद्ध



बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं आकाश के शिक्षकों संग।

रणनीति का प्रमाण है। संस्थान एक तरफ जहाँ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करवाती है तो दूसरी तरफ बोर्ड एग्जामिनेशन पर भी उतना ही प्रभावी एवं योजनाबद्ध तरीके से उन्हें प्रशिक्षित करती है` जिसके परिणामस्वरूप यहाँ के छात्र छात्राओं ने प्रत्येक वर्ष सबसे उत्कृष्ट परिणाम देने में कामयाब हुए हैं। प्रणय राज जहाँ 10वी सीबीएसई की परीक्षा में कुल 97.20% अंक लाकर संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वही तनीषा कुमारी ने 12वी सीबीएसई में कुल 95.60% अंक प्राप्त की है। प्रणय राज आगे एक सफल इंजीनियर बनना चाहता है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने स्वरुप उन्होंने आकाश इंस्टिट्यूट के तीन वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स कक्षा 8वीं से 10 वीं के साथ साथ दो वर्षीय इंजीनियर व बोर्ड परीक्षा के लिए दाखिला लिया है` प्रणय राज शुरूआत से ही एक बहुत ही सुसंगत छात्र रहा है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वह आने वाले वर्षो में इंजीनियर के परीक्षा में अपनी कठिन परिश्रम से बहुत अच्छा परिणाम हासिल करेगा `संस्थान के निदेशक, श्री राजेश प्रसाद जी, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों को सफलता पर बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें मोटिवेशन एवं गाइडेंस दिया, गौरतलब है कि संस्थान के कक्षा 10वी सीबीएसई में करीब 87% छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक एवं 12वी सीबीएसई में करीब 63% छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, परिणाम की खोज अभी जारी है।

## एक नजर में

### राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण को लेकर इंचडा के ग्रामीणों की ग्राम सभा में मिली मंजूरी




**जादूगोड़ा।** राखा कॉपर माइंस लीज नवीकरण को लेकर मंगलवार को इंचडा गांव में ग्राम सभा आयोजित की गई। हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड प्रबंधन ने ग्राम सभा की मंजूरी का प्रस्ताव रखा जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्या पर प्रबंधन ने सिलसिलेवार जवाब दिया। अंत में ग्रामीणों ने माइंस लीज नवीकरण की मंजूरी दे दी। इधर प्रचार_ प्रसार के अभाव में मसलन धर्मडीह व ईंटा _भट्ठा के ग्रामीण ग्रामसभा में नहीं पहुंचे व बड़ी आबादी ग्राम सभा से दूरी बनाकर रखी। यू कहे तो हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ग्राम सभा सिर्फ औपचारिकता भर रह गई ।इस ग्रामसभा में इंचडा गांव के ग्रामीणों ने बढ़_ चढ़ हिस्सा लिया। इस मौके पर ग्रामीणों कीओर से प्लांट खोलने से पूर्व रोजगार के लिए एक बड़ी राशि घुस के रूप मागें जाने का मामला जोड़ पकड़ा जिसे कंपनी के उप महाप्रबंधक दीपक श्रीवास्तव मामले की संभालते हुए स्पष्ट किया कि नियोजन ग्राम प्रधान की अनुशंसा पर होगी। किसी को घुस देने की जरूरत नहीं है। घुस मांगने पर कंपनी को सूचना दे। कार्यक्रम में कंपनी के उपमहाप्रबंधक दीपक श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि संवेदक के समकक्ष बहाली में घूसखोरी नहीं चलाएगी ।ग्राम प्रधान के अनुशंसा पर नियोजन कंपनी में मिलेगा,जिसमे सबसे गरीब व जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थाई जॉब में लोग बहाल होगे ।30 साल का टेंडर है। 20 साल तक निश्चित रूप से काम मिलेगा। कई लोगों को प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाकर उसे स्किल्ड बनायेगे। फिलहाल उत्पादन चालू होने में चार साल लगेगा। ।इस समारोह में एच सी एल के सीनियर मैनेजर अर्जुन लोहरा ने कहा कि भर्ती की प्रक्रिया पारदर्शी होगा। ग्राम प्रधान तय करेंगे। ग्राम प्रधान को जानकारी दी जाएगी। राखा चापड़ी अगले पांच साल बाद डेढ़ हजार लोगों को नियोजन देगा। उच्च पद के बाहर से लोगों को लाया जाएगा ।उन्होंने आगे कहा कि सीएसआर के तहत गांव में जलमीनार, हाइमास्ट, स्ट्रीट लाइट, मैदान समतली कारण, स्मार्ट क्लास जैसे सामग्री स्कूल को कंपनी मुहैया कराएगी ।गांव की सड़के मरम्मती ,किसानों के उपकरण, समेत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मुड़ी मशीन, मसाला बनाने जुट बैग बनाने कार्यक्रम के जरिए महिलाओ को प्रशिक्षण देकर आत्म निर्भर बनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के वरीय अधिकारियों में दीपक श्रीवास्तव( उपमहाप्रबंधक, परियोजना) कमलेश कुमार( चीफ मैनेजर एच आर) अर्जुन लोहरा( सीनियर मैनेजर) कन्हाई लाल हांसदा( मुसाबनी प्रखण्ड कर्मी)) एन एस जांगड़े ( सहायक उप महाप्रबंधक) समीर कुमार( उप महाप्रबंधक, मैकेनिकल ने हिस्सा लिया जबकि ग्रामीणों की ओर मुखिया मनजीत सिंह , उतरी इंचडा की मुखिया मंजरी बानरा, रूपक मंडल, ,ग्राम प्रधान समेश मंडल, तुलसी भक्त,सुभाष सिंह,समेत अन्य जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### 'मइयां सम्मान योजना' के संभावित फर्जी लाभुकों की जांच का आदेश




**जमशेदपुर।** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल ने जिले में संचालित 'मइयां सम्मान योजना' के अंतर्गत लाभुकों की सूची में अनियमितता की संभावनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच का आदेश जारी किया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि कई लाभुकों के नाम एक ही बैंक खाता संख्या से जुड़े हुए हैं, जो योजना के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध है। इस संदर्भ में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र की लाभुक सूची की गहन जांच करें और तीन कार्यदिवसों के भीतर जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय को समर्पित करें। गौरतलब है कि 'मइयां सम्मान योजना' के तहत ऐसे 2912 बैंक खाता से दो या दो से अधिक नामों के लाभुकों ने योजना का लाभ उठाया है। इस सूची में चाकुलिया अंचल से 10, धालभूमगढ़ से 81, मुसाबनी 97, बहरागोड़ा 99, डुमरिया 111, पटमदा 113, गुड़ाबान्दा 122, चाकुलिया प्रखंड 164, बोड़ाम 191, घाटशिला 271, मानगो अंचल 300, गोलमुरी सह जुगसलाई 388, जमशेदपुर अंचल 390, पोटका 573 शामिल हैं। उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है कि इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित प्रखंडों में दोषी पाए गए लाभुकों के नाम सूची से हटाए जाएंगे, साथ ही उनसे राशि की वसूली की जाएगी। यदि किसी कर्मी या पदाधिकारी की लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ह्यमइयां सम्मान योजनाह्न का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं पात्र महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत दी जा रही सहायता केवल उन्हीं महिलाओं को मिलनी चाहिए जो योग्य हैं। जिला प्रशासन सभी लाभुकों और नागरिकों से अपील करता है कि वे योजना के अंतर्गत सही जानकारी उपलब्ध कराएं और यदि किसी को ऐसी अनियमितता की जानकारी हो तो उसे प्रशासन के संज्ञान में लाएं।

### जमशेदपुर में 15 को निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा



**जमशेदपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद जिले के नागरिक बैनर तले भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं पूर्वी सिंहभूम ग्रामीण के संयुक्त समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के दृढ़ नेतृत्व और सशस्त्र बलों की वीरता के बारे में लोगों तक पहुंच बनाने एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रगाढ़ करने हेतु 15 मई (गुरुवार) को दोपहर 3 बजे जमशेदपुर में विशाल 'तिरंगा यात्रा' निकालेगी। जिसकी शुरूआत साकची स्थित जुबिली पार्क गोलचक्कर से होगी। तिरंगा यात्रा पूर्णतः नागरिक बैनर के अंतर्गत आयोजित की जाएगी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी का कोई झंडा, प्रतीक चिन्ह या राजनीतिक स्वरूप नहीं रहेगा। यात्रा का स्वरूप केवल और केवल राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं सैन्य पराक्रम की भावना से प्रेरित होगा। यात्रा में आम नागरिकों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों की भी व्यापक भागीदारी रहेगी।

## स्पीड न्यूज

### धर्म का वास्तविक मार्ग आत्मचिंतन और हृदय की शुद्धि से : गौरांगी गौरी



**हुसैनाबाद (पलामू)।** विश्व के सबसे ऊंचे दुर्गा मंदिर एवं नवग्रह मंदिर की प्रस्तावित निर्माण भूमि पर आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रवचन में पूज्य पंडिता गौरांगी गौरी जी ने कहा कि गंगा में स्नान मात्र से पाप नहीं धुलते। वे पाप ही नष्ट होते हैं, जो अनजाने में किये गये हों। जान-बूझकर किये गये कर्मों का फल तो व्यक्ति को भुगतना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि धर्म का वास्तविक मार्ग आत्मचिंतन और हृदय की शुद्धि से होकर जाता है। उन्होंने सदन कसाई की मार्मिक कथा सुनाकर जनसमूह को भक्ति की सच्ची परिभाषा से परिचित कराया।

### धक्के से घायल युवक की रिम्स में मौत

**पंडवा पलामू।** थाना क्षेत्र के मधुरी जंगल में अज्ञात वाहन के धक्के से माथे में चोट लगने के कारण भूसरा के मिथिलेश महतो के पुत्र सोनू (25) की मौत रांची रिम्स में मंगलवार को हो गयी। जानकारी के अनुसार सोनू अपने पिता को लेने पड़वा मोड़ की ओर सोमवार की शाम करीबन 7:45 बजे आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात चार पहिया वाहन ने मधुरी जंगल में उसे धक्का मार भाग गया। उसे रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### बराही धाम ने निकली भव्य शोभायात्रा



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रसिद्ध बराही धाम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकली। शुरुआत मंदिर परिसर से होकर जपला दंगवार मुख्य सड़क से जपला शहर में प्रवेश किया। यहां शहर के जय प्रकाश चौक, मुख्य बाजार,गांधी चौक पटेल चौक होते हुए शोभायात्रा दंगवार की ओर प्रस्थान की गई दंगवार में मुख्य बाजार भ्रमण के बाद पुनः बराही धाम परिसर में समापन किया गया। जुलूस आगे सैकड़ों बाइक से राम भक्तों ने महावीरी झंडा को लेकर जय श्री राम, जय हनुमान का नारा बुलंद किया। वहीं भगवान श्री कृष्ण, राम लक्ष्मण हनुमान व शिव पार्वती के आकर्षक झांकी सजायी गयी थी। शोभायात्रा में विधायक संजय सिंह यादव, मंदिर ट्रस्ट के रणधीर सिंह, प्रबंधन व क्षेत्र के गणमान्य शामिल थे। विदित हो बराही धाम में 551फिट ऊंची माता की मंदिर व 151 फिट ऊंची नवग्रह मंदिर का निर्माण होना है जिसकी आधारशिला भूमि पूजन 14 मई को होनी है। इसमें सीएम हेमंत, यूपी, बिहार व झारखंड के बड़े नेता, सैकड़ों साधु संत, भोजपुरी स्टार पवन सिंह, गुंजन सिंह आदि के आने की सूचना है।

### केसीसी शिविर में 45 ने किया आवेदन



**हरिहरगंज पलामू।** पिपरा प्रखंड सभागार में किसानों के लिए मंगलवार को प्रखंड स्तरीय शिविर लगा। जिसमें नया केसीसी ऋण व बीज वितरण हेतु पंजीकरण केसीसी ऋण माफी की कार्यवाई प्रक्रिया सहित कृषि संबंधित अन्य आवेदन जमा लिये गये। प्रखंड कृषि पदाधिकारी सरजुन राम ने बताया कि नया केसीसी ऋण के लिए 45 आवेदन प्राप्त हुए तथा बीज हेतु 38 किसानो ने अपना पंजीकरण कराया है। वहीं प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष गौतम राज ने कहा कि किसी कारणवश जो किसान शिविर तक नहीं पहुंच पाए हैं। उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। इसी माह के 20 व 27 मई को पुनः शिविर का आयोजन होना है।

### बच्चों ने जाना गुड टच और बैड टच



**विश्रामपुर (पलामू)।** पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर मंगलवार को विश्रामपुर पुलिस ने थाना परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत स्कूली बच्चों को पुलिस व थाने से जुड़ी कई जानकारियां दी गयी। वहीं गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया। साथ ही डायल 112 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। बच्चों को कानून की बारीकियां भी समझाया गया। थाना प्रभारी सौरभ चौबे ने कहा कि किसी भी विकट परिस्थिति में 112 पर डायल कर अपनी समस्याओं की जानकारी नजदीकी पुलिस को दें। पुलिस आपको समस्याओं से निजात दिलायेगी। मौके पर एसआई शिवनाथ रंजन, प्रदीप शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता राजन पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।


### संत मरियम स्कूल का शानदार प्रदर्शन

■ 12वीं विज्ञान में आयुष 95.2, 10वीं में रविकांत 95.2% के साथ बना विद्यालय टॉपर



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 10-12वीं के परीक्षा परिणाम में संत मरियम स्कूल का परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। 119 ने परीक्षा में भाग लिये जिनमें 118 उत्तीर्ण हुए। विज्ञान में आयुष रंजन सिंह 95.2 टॉपर रहा। वहीं नीरज महतो 92.4 के साथ दूसरे स्थान और आदित्य गौरव 90.6 प्रतिशत के साथ थर्ड रहा। वाणिज्य में अभिजीत अग्रवाल 71.4, मोमिना कौसर 66.8 और आर्यन मेहता 66.4 टॉपर रहे। वहीं 10वीं के 366 परीक्षार्थियों में दो फेल कर गये। 95.2 के साथ रविकांत विद्यालय टॉपर रहा। दीपांशु पांडे 94 एवं सिबतेन राजा 92.2 प्रतिशत टॉपर रहे।

### प्रशासन फेल, नहीं थम रहा बालू का खेल



**पाटन।** बालू माफिया गुड्डू मेहता पिता गोपाल महतो, प्रमोद मेहता पिता सीता राम महतो (मेराल) प्रशासन को ताक पर रख धड़ल्ले से बालू चोरी कर रहे हैं। बालू माफियाओं के मनोबल के आगे प्रशासन बिल्कुल फेल है। पुलिस की मिलीभगत से बालू का खेल पाटन प्रखंड में थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## पंसा से हैदरनगर तक पथ निर्माण की मिल गयी स्वीकृति : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



विष्णुदयाल राम, पलामू सांसद।

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम जी के लगातार प्रयासों के फलस्वरुप पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हुसैनाबाद अनुमंडल के पंसा से हैदरनगर तक लगभग 7.505 किलोमीटर सड़क (कुल राशि 36 करोड़ 23 लाख रुपये) के लागत से निर्माण सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय अवसंरचना निधि से स्वीकृत की गयी है। सांसद श्री राम ने कहा कि उम्मीद है कि बहुत जल्द उक्त सड़क के निर्माण हेतु निविदा प्रकाशित की जाएगी। उक्त जर्जर सड़क के निर्माण हेतु स्थानीय ग्रामीण जनता के द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। सांसद ने कहा कि उक्त सड़क के निर्माण से जनता को आवागमन सुगम होगी। श्री राम ने पलामू संसदीय संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की तरफ से उक्त सड़क के निर्माण हेतु केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## दिवंगत जवान राजेंद्र ठाकुर के घर पहुंचे सांसद

■ पलामू ने एक होनहार लाल को खो दिया : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



जवान के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते पलामू सांसद व अन्य।

**चैनपुर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के ग्राम बरांव निवासी एवं लेह-लद्दाख में सेना में पदस्थापित जवान राजेन्द्र ठाकुर की सड़क दुर्घटना में हुई दुःखद मौत की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे तथा पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर सांसद श्री राम ने जवान की इस मौत को अपूरणीय क्षति बताते हुए परिवार के लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

साथ ही परिजनों को ढाढ़स भी बंधाया। उन्होंने कहा कि मृत जवान राजेन्द्र ठाकुर के माता-पिता ने ही सिर्फ अपने लाल को नहीं खोया है बल्कि आज हमसभी पलामू वासियो ने एक होनहार लाल को हमेशा के लिए खो दिया है। विदित है कि बीते दिनों भारतीय सेना के जवान राजेंद्र कुमार ठाकुर की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी।

राजेंद्र कुमार ठाकुर लेह-लद्दाख में पोस्टेड थे और बीते 11 मार्च को छुट्टी पर अपने घर आये थे। मिली जानकारी के अनुसार जवान राजेंद्र कुमार ठाकुर रविवार की रात रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा इलाके में अपने एक करीबी रिश्तेदार के विवाह समारोह में भाग लेने के लिए बाइक से जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक को एक अन्य बाइक से टक्कर हो गयी। इस हादसे में जवान गंभीर रूप से घायल गये। उन्हें तत्काल विश्रामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया। वहां ले जाने पर डॉक्टरों ने राजेंद्र कुमार ठाकुर को मृत घोषित कर दिया था। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव प्रसाद, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भोला पाण्डेय, मथुरा पासवान, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सिकंदर चौधरी, जय दुबे आदि शामिल थे।

ग्रासिम सीएसआर ने किया महिलाओं के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

## शिविर में 76 महिलाओं की जांच व उपचार, दवाइयां भी दी गयी मुफ्त

खबर मन्त्र संवाददाता



जांच के बाद महिलाओं को दवा देते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** ग्रासिम सीएसआर ने रेहला- बिशुनपुर स्थित प्रशिक्षण केंद्र प्रांगण में महिलाओं के लिए मंगलवार को विशेष चिकित्सा शिविर लगाया। जिसमें 76 महिलाओं की जांच व उपचार के बाद उन्हें निःशुल्क दवा भी दी गयी। उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि महिला मंडल की अध्यक्ष नमिता अवस्थी, सदस्य वंदना कोहली, निशा पाठक, महिला चिकित्सक डॉ अनूपा कुजूर व सीएसआर के चिकित्सक डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय ने किया। संचालन सीएसआर पदाधिकारी अनिल गिरी ने किया। नमिता अवस्थी ने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं, उन पर पूरे परिवार की जिम्मेवारी होती है। सबके लिए साप्ताहिक अवकाश होते हैं, लेकिन महिलाओं के लिए कभी कोई अवकाश नहीं होता। ऐसे में महिलाओं को अपना समुचित ध्यान खुद रखना चाहिए। उन्हें स्वास्थ्य के प्रति स्वयं सजग रहने की जरूरत है। किसी भी तरह की कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो बेझिझक चिकित्सक से मिल अपना इलाज करना चाहिए। कई बार महिलाएं अपनी तकलीफों व रोगों को छुपाती हैं, जिससे समय के साथ समस्या और बढ़ जाती है। इसीलिए रोगों को न छुपायें और डॉक्टर से समय पर उचित परामर्श लें। श्रीमती अवस्थी ने सीएसआर टीम को इस तरह के आयोजन करने के लिये आभार व्यक्त किया। महिला डॉ अनूपा कुजूर ने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की समुचित देखभाल व खान-पान से संबंधित विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

**ये भी थे मौजूद :** मौके पर जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार, अनुपमा मिश्रा, प्रभा सिंह, अनुश्री नायक, दीपिका उपाध्याय, जन सेवा ट्रस्ट के मो कैफ, वंदना झा, आफताब अंसारी, नागेंद्र यादव, अनीता देवी, योगेश पाल, भोला सिंह, सतेंद्र सिंह, मारुति नंदन त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बारहवीं के विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय के सभी 27 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकार लगातार तीनों बैच का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बारहवीं के तृतीय बैच के विद्यार्थियों ने एआईएसएससीई 12वीं 2025 की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय एवं कला संकाय के कुल 27 विद्यार्थियों में से सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय के प्रिया कुमारी 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही दूसरे स्थान पर पूजा भारती ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में कुल 18 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 80 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 14 है। 75 प्रतिशत से अधिक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 17 है। वाणिज्य संकाय के रितिक जायसवाल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहे। वाणिज्य संकाय के कुल चार विद्यार्थी शामिल हुए सभी विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कला संकाय के कुल पाँच विद्यार्थियों में अनामिका सिंह 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। चारों विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। विद्यालय के निदेशक डॉ एसबीपी मेहता ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय का तृतीय बैच है।

## विज्ञान वर्ग में आयुषी, प्राची और कॉमर्स में अदिति प्रिया बनी टॉपर

■ सीबीएसई 10-12वीं परीक्षा में एमके डीएवी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** सीबीएसई नई दिल्ली का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। एमके डीएवी के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की गरिमा में चार चांद लगा दिया। इस वर्ष 12 वीं विज्ञान वर्ग में कुल 181 छात्र परीक्षा में बैठे और सभी उतीर्ण घोषित हुए। वाणिज्य वर्ग में कुल 73 छात्र परीक्षा दिए एवं सभी छात्र उतीर्ण घोषित हुए। विज्ञान वर्ग में 9 छात्रों ने एवं वाणिज्य वर्ग में 3 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया।

### बच्चों की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है संत मरियम का शानदार परिणाम : अविनाश देव

■ सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, संत मरियम का आयुष 95.2% के साथ बना विद्यालय टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। इस बार संत मरियम स्कूल का परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। विज्ञान संकाय में आयुष रंजन सिंह 95.2% के साथ विद्यालय टॉपर रहा, वहीं नीरज महतो 92.4% के साथ दूसरे स्थान और आदित्य गौरव 90.6% के साथ तीसरे स्थान पर रहा। वाणिज्य संकाय में अभिजीत अग्रवाल 71.4% के साथ विद्यालय टॉपर, मोमिना कौसर 66.8% और आर्यन कुमार मेहता 66.4% के साथ क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बताया कि विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष परीक्षा परिणाम काफी उत्कृष्ट रहा। बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षक काफी प्रसन्न हैं। विद्यालय हर बार अपना नया रिकॉर्ड बनाता जा रहा है, चाहे वह शैक्षणिक शिक्षा की बात हो या फिर अन्य खेल गतिविधियों की।

### भीषण लू से बाजार में पसरा सन्नाटा



**मोहम्मदगंज पलामू (अनूप)।** मंगलवार को तापमान में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की गयी। अधिकतम 43 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। 20 किमी प्रति घंटे गर्म हवा चली। सुबह से ही असह्य तीखी धूप के कारण दोपहर बाद तक घरों में दुबके रहने का कारण बना। बिना सिर ढंके बाहर निकल पाना मुश्किल भरा था। लोगों ने पानी के अलावा बेल, तरबूज, खरबूज, खीरा, ककड़ी, सत्तु, आम, नींबू-जीरा के शर्बत का सेवन उपयोगी बताया। मौसम परिवर्तन के इस दौर में तबीयत खराब रहने की वजह से सर्दी-जुकाम, खांसी और दर्द निवारक दवाओं की जरूरत बढ़ गयी है।

### आम बागवानी को लेकर बीपीओ ने की बैठक



**पाटन पलामू।** बीपीओ स्वीटी कुमारी ने पाटन प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा योजना विरसा हरित क्रांति के तहत आम बागवानी लगाने को लेकर बैठक की। जिसमें रोजगार सेवक श्रीकांत सिंह, अभय कुमार, धनंजय कुमार, विनोद यादव, धीरज सिंह, बीएफटी ब्रजेश सिंह सहित पाटन प्रखंड के सभी रोजगार सेवक एवं कृषि मित्र उपस्थित थे। बैठक में पंचायत में अधिक आम बागवानी लगाने के लिए कृषि मित्र को सहयोग करने को कहा गया। बीपीओ ने कहा कि बीपीओ ने सभी पंचायत के रोजगार सेवक को अपने अपने पंचायत में भुमि चिन्हित कर बागवानी लगाने को कहा। अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। पाटन बीपीओ ने पूरे पाटन में 332 एकड़ में आम बागवानी लगाने के लक्ष्य की जानकारी दी।

### सरयू राय दो दिवसीय दौरा पर पहुंचेंगे पलामू



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ जदयू नेता सह पूर्व मंत्री जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय दो दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंचेंगे। इनके आगमन को लेकर पलामू जिलाध्यक्ष मनोज दूबे ने कार्यकर्ताओं के साथ डालमियानगर स्थित कार्यालय में बैठक की। जिसमें पार्टी नेता का जोरदार स्वागत करने व जिले के सभी प्रखंड कमिटियों के साथ जिलास्तरीय बैठक को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। श्री दूबे ने कहा कि सरयू राय 15 व 16 मई को पलामू आ रहे हैं जिनका स्वागत परिसदन में जोरदार तरीके से किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरयू राय पलामू में कई सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर बैठक करेंगे।

## हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 10वीं का परिणाम ऐतिहासिक रहा

■ 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाये

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में हेरिटेज स्कूल का ऐतिहासिक परिणाम रहा। शत प्रतिशत छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी के साथ सफलता हासिल की। परीक्षा में यहां के परीक्षार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस विद्यालय के 183 विद्यार्थियों में 25 ने 90 प्रतिशत से अधिक, 69 ने 80 प्रतिशत से अधिक, 52 ने 70 प्रतिशत से अधिक व 37 ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 95.8 प्रतिशत से 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में अलख प्रकाश 95.8 प्रतिशत, मिसबाल फिरदौस, डॉली कुमारी, वैष्णवी शर्मा 95 प्रतिशत, आदित्य नारायण, विशाल कुमार 94.8 प्रतिशत, सुमीत कुमार 93.8 प्रतिशत व युवराज शर्मा 93 प्रतिशत शामिल हैं।

### शादी के तीन दिन बाद युवती प्रेमी संग फरार

**पाटन पलामू।** प्रखंड के गहर पथरा ग्राम के रिंकी कुमारी (20) पिता अंतु राम शादी के तीन दिन बाद ही अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। रिंकी की शादी हिंदू रीति रिवाज से परिजनों ने कसमार में कियी थी। शादी के तीन दिन बाद रिंकी अपने मायके आयी थी। सोमवार को उसे लेने उसका पति ससुराल आया था। परिजन विदाई की तैयारी कर रहे थे उसी दौरान शौच के बहाने रिंकी गांव के ही प्रेमी अभिमन्यु के साथ फरार हो गयी। उसके साथ प्रेम प्रसंग दो वर्ष से चल रहा था।

## हेरिटेज स्कूल के शत प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी से हुए उतीर्ण

■ 36 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चियांकी स्थित हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से विज्ञान संकाय में 63 एवं वाणिज्य संकाय में 33 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए जिसमें सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण रहे। इस सफलता से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञान शंकर, निर्देशिका संगीता शंकर, प्रधानाचार्य संजीव चक्रवर्ती ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान संकाय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्रों में प्रिया कुमारी 95.2 प्रतिशत, दीबा अहमद 94.2 प्रतिशत व खुशी ओझा 91.4 प्रतिशत शामिल हैं।

## राष्ट्रीय तकनीकी दिवसः ज्ञान निकेतन के बच्चों ने कई मॉडल किया प्रदर्शित

■ विद्यालय अध्यक्ष ने मॉडलों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों के बनाये मॉडल को देखते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** ज्ञान निकेतन स्कूल में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर सीनियर वर्गों के बच्चों द्वारा विभिन्न तकनीकों पर आधारित कई मॉडल्स बनाए गए और उन्हें प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने जीवन तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित करना था। आज के समय में किसी भी देश का तेज गति से तभी विकास संभव है जब प्रत्येक नागरिक तकनीकों के महत्व से परिचित हो और अपने जीवन में उसका उपयोग करने में सक्षम हो। विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने सभी मॉडलों का निरीक्षण किया और बच्चों की क्षमता की प्रशंसा की। प्राचार्य मनोहर पाण्डेय ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों के समुचित विकास में मदद मिलती है तथा सृजनात्मक सोच में वृद्धि होती है। इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा 23 मॉडल्स प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें स्वचालित सिंचाई, कूड़े करकट से बिजली उत्पादन, गृह सुरक्षा, रोबोट, ड्रोन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सेंसर वाटर टैप इत्यादि मॉडलों को खूब पसंद किया गया। इनमें से श्रेष्ठ मॉडलों के लिए बच्चों को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। स्वचालित सिंचाई व्यवस्था के मॉडल के लिए यशपाल आदित्य एवं टीम को प्रथम, कार्बन प्यूरीफिकेशन मॉडल के लिए शिव कुमार और टीम को द्वितीय तथा वेस्ट मैनेजमेंट के लिए कुमारी नंदिनी को तृतीय पुरस्कार केलिए चुना गया। विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक कुंदन दुबे के निरीक्षण में अपने मॉडल्स को बनाया।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ट्रस्ट के पदधारी व अन्य।

**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। कहा गया कि स्कूली विद्यार्थी में किशोरावस्था आते ही गाड़ी चलाने के प्रति उनकी ललक चरम पर होती है। नतीजा होता है कि कभी ओवरस्पीड, कभी गलत दिशा से ओवरटेक करने या हेल्मेट न पहनने की वजह से वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। असमय ऐसे लोगों की मृत्यु से पूरा परिवार बिखर जाता है। ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक हों और अपने अभिभावकों को भी जागरूक करें इसे लेकर लोगों को सचेत किया। टीम वरदान शाहपुर स्थित रेडरोज पब्लिक स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। प्राचार्य विमल कुमार ने टीम वरदान का गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात शर्मिला वर्मा, पंकज लोचन, अभिषेक तिवारी, मयूरेश द्विवेदी, काश्मीरी टोप्पो आदि वक्ताओं ने सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। संध्या अग्रवाल ने सड़क सुरक्षा गीत गाया और ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर दंड के प्रावधान पर जानकारी साझा की। साथ ही बच्चों से आग्रह किया कि सही उम्र से पहले गाड़ी लेकर सड़कों पर कदापि न उतरें। टीम वरदान के इस अहम और नेक कार्य में तमाम स्कूल प्रबंधनों का महत्वपूर्ण योगदान है, जिसके लिए यह टीम उनका हार्दिक आभार व्यक्त करती है।

### उपायुक्त ने की विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

# खराब पड़े चापाकलों और अन्य जल स्रोतों की मरम्मत शीघ्र करायें

- राजस्व संग्रहण में कम प्रगति दिखाने वाले बीडीओ एवं सीओ पर डीसी ने जतायी नाराजगी
- कहा– राजस्व संग्रहण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास, और 15वें वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और विकास कार्यों की प्रगति पर गहन मंथन हुआ। ग्रीष्मकाल को देखते हुए डीसी ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को निर्देशित किया कि जिले के प्रत्येक प्रखंड, पंचायत एवं टोले में पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। खराब पड़े चापाकलों और अन्य जल स्रोतों की मरम्मत शीघ्र कराए जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सरकारी व आवासीय विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुदृढ़ करने की बात कही गई। मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित करने और सामाजिक अंकेक्षण में उठे मुद्दों के समाधान के लिए पंचायत स्तरीय ज्यूरी के निर्णय के अनुसार एटीआर अपलोड करने को कहा गया। मनरेगा सॉफ्ट में शत प्रतिशत एमबी एंट्री और एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए। पीमेजी 2.0 सर्वे और जन-मन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लक्ष्य की प्राप्ति पर बल दिया। अबुआ आवास योजना की भी गहन समीक्षा करते हुए समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। जीपीडीपी सर्वे, पंचायत समिति व्यय और ग्राम पंचायत व्यय की स्थिति पर चर्चा की गई। डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा कि लक्ष्य आधारित कार्य करना अनिवार्य है। राजस्व संग्रहण की समीक्षा में कम प्रगति दिखाने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों पर डीसी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व संग्रहण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने राइट टू सर्विस एक्ट के अंतर्गत लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, पीएम किसान योजना के लाभुकों को समय पर भुगतान, लैंप्स-पैक्स गोदाम निर्माण हेतु भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसडीओ संजय कुमार, प्रभाकर मिर्धा, रुद्र प्रताप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, सहित पथ, भवन एवं पेयजल प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## भारतीय सेना के शौर्य को सलाम, 16 मई को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा




खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में और भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई के समर्थन में गढ़वा जिले में 16 मई शुक्रवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह 8 बजे काली स्थान (चिनियां मोड़) से शुरू होकर मझिआंव मोड़ तक जाएगी। इस तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया है, जिसमें पूर्व सैनिक, भाजपा कार्यकर्ता, छात्र-युवा, महिलाएं, व्यवसायी और सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति के समर्थन में निकाली जा रही है। सेना ने जिस तरह से पाकिस्तान में घुसकर आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, उससे देश का सिर गर्व से ऊंचा हुआ है। भाजपा मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सैन्य नीति सख्त हुई है और सेना को खुली छूट मिली है, जिसका असर अब पाकिस्तान पर साफ दिख रहा है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मथुरा पासवान, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, कंचन पांडेय, प्रभात तिवारी, अरुण तिवारी, विकास तिवारी समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने कनहर नदी में अवैध बालू खनन पर जताई चिंता, उपायुक्त को लिखा पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**सगमा।** धुरकी प्रखंड अंतर्गत कनहर नदी में हो रहे अवैध बालू खनन को लेकर पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस संबंध में गढ़वा उपायुक्त को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से बालू उठाव पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। भानु प्रताप शाही ने अपने पत्र में कहा है कि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उन्होंने पाया कि कनहर नदी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और टीपर के माध्यम से बड़े पैमाने पर अवैध बालू उत्खनन किया जा रहा है। इस वजह से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और क्षेत्र का सामाजिक वातावरण असंतुलित होता जा रहा है। पूर्व विधायक ने 12 मई 2025 को घटित एक गंभीर घटना का हवाला देते हुए बताया कि झारखंड से बालू ले जा रहे माफियाओं द्वारा छत्तीसगढ़ पुलिस के एक जवान को ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि इसके पूर्व भी इसी क्षेत्र में बालू विवाद को लेकर तीन लोगों की हत्या हो चुकी है। भानु ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाया है कि इस अवैध कारोबार को स्थानीय पुलिस और सफेदपोश लोगों के गठजोड़ का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि एक संगठित माफिया गिरोह इस धंधे को सक्रिय रूप से चला रहा है, जिससे क्षेत्र की शांति और आमजन का जीवन खतरे में पड़ गया है। उन्होंने उपायुक्त से यह भी मांग की है कि न केवल कनहर, बल्कि बाकी और सोन नदियों से हो रहे अवैध बालू खनन पर भी अविलंब रोक लगाई जाए। शाही ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में एक और गंभीर घटना घट सकती है।

## बीपी डीएवी का 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार, आयुषी बनी स्कूल टॉपर


आयुषी कुमारी


सौम्य पांडेय


अंकिता कुमारी

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल फरठिया ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2025 में शानदार परिणाम हासिल किया है। स्कूल के विज्ञान और वाणिज्य संकाय के सभी छात्र अच्छे अंकों के साथ सफल हुए। विज्ञान संकाय की छात्रा आयुषी कुमारी ने 92.2 प्रतिशत अंक लाकर पूरे विद्यालय में टॉप किया। आयुषी ने फिजिक्स में 95, केमेस्ट्री में 90, गणित में 94, अंग्रेजी में 93, फिजिकल एजुकेशन में 89 और आईपी में 75 अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर सौम्या पांडेय रहे जिन्होंने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने फिजिक्स में 79, केमेस्ट्री में 86, बायोलॉजी में 83, अंग्रेजी में 77, फिजिकल एजुकेशन में 83 और आईपी में 81 अंक हासिल किए। जबकि अंकिता कुमारी 75.8, दिव्या केशरी 75.6, अंकित कुमार 75.2, कोमल लता 74, ऋषिकेश सिंह 72.8, सौम्य कुमार केशरी 70.4, सुनिधि रानी 70, अरमान मिश्रा ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मण्डल ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह परिणाम बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का नतीजा है। उन्होंने विशेष रूप से परीक्षा प्रभारी वरुण कुमार चौबे और सभी शिक्षकों के कार्य की सराहना की। प्राचार्य ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।

### बीपी डीएवी की टॉपर आयुषी का सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना

फोटो 11–आयुषी को मिठाई खिलाते माता पिता

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल फरठिया की छात्रा आयुषी कुमारी ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। आयुषी की इस सफलता पर परिवार सहित पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है। आयुषी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, मामा सुनील कुमार सिंह व अशोक कुमार सिंह, और विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। उसने कहा कि उसकी सफलता की नींव कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर आधारित है। आयुषी ने बताया कि उसका सपना है कि वह एक सफल सॉफ्टवेयर इंजीनियर बने और अपने परिवार के साथ–साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन करे। उसने कहा कि वह अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर मेहनत करती रहेगी। आयुषी के पिता सत्यजीत कुमार सिंह, जो कि एक व्यवसायी हैं, ने बेटी की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा आयुषी की मेहनत और समर्पण ने ही यह मुकाम दिलाया है। हमें उस पर गर्व है। उसकी मां बिंदु देवी ने भी भावुक होते हुए कहा आयुषी हमेशा समय पर पढ़ाई करती थी, शिक्षकों के निर्देशों का पालन करती थी। उसकी लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि वह आज विद्यालय की टॉपर बनी है।

### कांडी प्रखंड में बैंकिंग सेवाओं की बदहाली : ग्राहक परेशान, समाधान की मांग

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक (जेआरजीबी) की शाखाओं में ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहकों के अनुसार, इन बैंकों में कैश की कमी, नेटवर्क समस्याएं, स्टाफ की अनुपलब्धता और बुनियादी सुविधाओं का अभाव आम हो गया है। इससे शादी, बीमारी और अन्य जरूरी कार्यों के लिए पैसे निकालने में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसबीआई कांडी शाखा में अक्सर कैशियर और शाखा प्रबंधक की अनुपस्थिति देखी जाती है। केवल एक आदेशपाल प्रमोद सिंह नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं, जबकि अन्य स्टाफ का बार–बार तबादला होता रहता है। इससे केवाईसी,

## ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट का सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

- स्नेहल दुबे ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में किया टॉप


स्नेहल


परिधि अग्रवाल


आयुषी उदयपुरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें सभी ने उत्तीर्ण होकर स्कूल का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय (पीसीएम) में स्नेहल कुमार दुबे ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 95, भौतिकी में 86, रसायन विज्ञान में 92 और गणित में 91 अंक प्राप्त किए। प्राकृतिक कुमार ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि दीपांशु चौबे ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय (पीसीबी) में परिधि अग्रवाल ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने जीवविज्ञान में 85 और रसायन विज्ञान में 92 अंक अर्जित किए। वाणिज्य संकाय में आयुषी उदयपुरी ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 93, शारीरिक शिक्षा में 85, पेंटिंग में 93 और अर्थशास्त्र में 74 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक एवं शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सफलता विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम लगातार उत्कृष्ट रहा है, जो हमारी शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रमाण है। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष विद्यालय से विज्ञान संकाय (पीसीएम) में 15, विज्ञान संकाय (पीसीबी) में 13 और वाणिज्य संकाय में 3 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। अधिकांश विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिससे विद्यालय में उत्सव का माहौल है।

## बीपी डीएवी का सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम शानदार, सक्षम मिश्रा टॉपर


सक्षम मिश्रा


फलक तहजीब


श्रेयांश सिंह


अभिनव सर्राफ

**गढ़वा।** बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल फरठिया ने इस वर्ष सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। कुल 111 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। इस शानदार प्रदर्शन में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय में प्रथम स्थान पर सक्षम मिश्रा रहे, जिन्होंने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 94, हिन्दी 94, गणित 93, विज्ञान 97, सामाजिक विज्ञान 96 और आईटी में 89 अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर फलक तहजीब रहीं, जिनके कुल अंक 91.8 प्रतिशत रहे। उन्होंने गणित में 98 और सामाजिक विज्ञान में 94 अंकों के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। तीसरे स्थान पर श्रेयांश सिंह और अभिनव सर्राफ ने संयुक्त रूप से 91.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। दोनों ने विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान में अच्छे अंक प्राप्त किए। इसके अलावा प्रत्युष कुमार चौबे और साक्षी कुमारी 90.8, सोनल कुमार पाल 90.6, मानसी केशरी और अनुष्का कुमारी 90.4, मोनिशा ओजल 88.2, मोहम्मद फैज 87.8, स्वास्तिका शालिनी 86.8, उत्कर्ष दुबे ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्रों की संख्या 19 रही, जबकि 47 छात्रों ने 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। 78 छात्र ऐसे रहे जिन्होंने 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मण्डल ने छात्रों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने टॉपर सक्षम मिश्रा को विशेष बधाई देते हुए सभी विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बीपी डीएवी का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, बल्कि नैतिक मूल्यों और जीवन कौशल से भी उन्हें समृद्ध करना है। भविष्य में भी स्कूल के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे, इसी विश्वास के साथ उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय रंका में 'वापस स्कूल चलें अभियान' का आयोजन

# स्कूल छोड़ चुकी 12 छात्राओं का कराया गया पुनः नामांकन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, रंका में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) राजेश कुमार चौधरी ने किया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिमा बेक के मार्गदर्शन में 'वापस स्कूल चलें' अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत आदिवासी एवं आदिम जनजातीय समुदाय की छात्राओं के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। पीएलवी राजेश कुमार चौधरी ने विभिन्न गांवों का दौरा कर घर-घर जाकर माता-पिता से संपर्क साधा और पढ़ाई छोड़ चुकी छात्राओं को विद्यालय में पुनः नामांकित करने का प्रयास किया।

राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य छुट्टी लेकर वापस नहीं लौट सकीं छात्राओं को पुनः विद्यालय से जोड़ना, अभिभावकों को शिक्षा, पोषक आहार, सरकारी सहायता और परीक्षा की तैयारी के महत्व के प्रति जागरूक करना है। इसी कड़ी में 12 छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय लाया गया और पुनः नामांकन की प्रक्रिया पूरी की गई।

प्रधानाध्यापिका अनिमा बेक ने पीएलवी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से विद्यालय को नई ऊर्जा मिली है और वंचित समुदाय की बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने में सहायता मिली है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार की इस जागरूकता मुहिम की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, राँची-834008, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।

**कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार**

**बस पड़ाव महुआडांड़ की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.06.2025 से 31.03.2026 तक) | महुआडांड | 19/05/2025 | 11:00 AM | 7,50,980 | 75,100 |

नोट :–
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 20/05/2025 को पूर्वाहन्/अपराहन् 11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 21/05/2025 को पूर्वाहन्/अपराहन् 11:00** बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 352279 Rural Development(25-26)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा संवेदक आर० एस० कन्स्ट्रक्सन, जिला– लातेहार को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के अधीन मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (MMGSY) अन्तर्गत ग्राम जूरिया तिगरा पथ से अरकोसा लम्बाई– 3.08 कि०मी० पथ निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। जिसका एकरारनामा संख्या– 06F2/2023-24 dated-05-10-2023 है। उक्त कार्य का एकरारनामा आपके द्वारा दिनांक– 05.10.2023 को किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 04.01.2025 निर्धारित थी, जो समाप्त हो चुका है। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक– 794 दिनांक– 05.10.2023, पत्रांक– 220 दिनांक– 29.01.2024 एवं पत्रांक– 1318 दिनांक– 19.12.2024 के द्वारा कार्य को पूर्ण करने के लिए आपको निदेशित किया गया था। आपके द्वारा उक्त कार्य को बंद रखा गया है, जो कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। आपको निदेश दिया जाता है कि सूचना प्रकाशन के तीन दिनों के अन्दर कार्य को गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप करना सुनिश्चित करें एवं इसकी सुचना अधोहस्ताक्षरी को देंगे। अन्यथा बाध्य होकर उक्त योजना का अंतिम मापी लेते हुए एकरारनामा को विखंडित कर दिया जायेगा एवं एकरारनामा की विभिन्न कंडिकाओं के तहत् कार्रवाई करते हुए अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं काली सूचि में डालने हेतु विभाग को अनुशंसा कर दी जायेगी। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगे।

| क्र० सं० | संवेदक का नाम | योजना का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आर० एस० कन्सट्रक्सन, लातेहार। | मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत ग्राम जूरिया तिगरा पथ से अरकोसा तक कार्य लम्बाई– 3.58 कि०मी० | 6F2/ 2023-24 | 04.01.2025 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 352203 Lohardaga(25-26).D

**जिला पशुपालन कार्यालय, राँची।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**अत्यधिक गर्म मौसम (लू) के दौरान सीधी गर्मी के संपर्क से जानवरों/पशु–पक्षी की देखभाल करने हेतु पशुपालकों से अपील :–**

1. पर्याप्त आश्रय प्रदान करना :– जानवरों को पूरे दिन छायादार जगह पर रखें एवं पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से अस्थायी आश्रय का निर्माण करें या उन्हें सीधे सूर्य की किरणों से बचाने के लिए पेड़ों या अन्य संरचनाओं से प्राकृतिक छाया प्रदान करें।
2. पानी के कटोरे और बर्त्तन रखना :– जल संचय योजना गर्मी के तनाव से निपटने की कुंजी है। पानी के कटोरे में साफ ताजा पानी नियमित रूप से भरें और अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए उन्हें छायादार क्षेत्रों में रखें साथ ही कुँओं, हैंडपम्प, जलमीनार आदि के पास खुले स्थानों में मिट्टी के बर्त्तनों या ऐसे कंटेनरों का उपयोग करना चाहिए जिन्हें जानवर आसानी से पलट न सकें।
3. गर्मी के तनाव के लक्षणों की निगरानी करें :– गर्मी की थकावट या हीट स्ट्रोक (लू) के लक्षणों के प्रति सत्तर्क रहें। जिनमें अत्यधिक हाँफना, सुस्ती, लार टपकना, तेजी से दिल की धड़कन और पतन आदि शामिल है। यदि पशु–पक्षी में संकट के कोई भी लक्षण दिखाए दे तो ओ०आर०एस० घोल का उपयोग करें एवं तुरन्त निकटतम पशुचिकित्सक या टोल फ्री नं० 1962 पर संपर्क स्थापित करें।
4. जागरुकता :– जानवरों/पशु–पक्षियों को अत्यधिक गर्मी से बचाने और सुरक्षा के महत्व को आम जनमानस के बीच जागरुकता अभियान चलाएं यदि आवश्यक हो तो सहायता प्रदान हेतु सामुहिक रूप से प्रोत्साहित हेतु प्रेरित करें।

पशु क्रूरता की रोकथाम के नियम 1965 के नियम 06 के उपनियम 03 में कहा गया है कि जहाँ तापमान $37^0$ सेल्सियस या उससे अधिक हो तो वहाँ अपराहन् 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच कोई भी व्यक्ति उन क्षेत्रों में पशु से वाहन खींचने या भार ढोने के लिए उपयोग नहीं करेंगे।

निवेदक
(डॉ० कवीन्द्र नाथ सिंह)
जिला पशुपालन पदाधिकारी राँची

PR 352284 REO(25-26)D

खबर मन्त्र
रांची.बुधवार.14मई 2025



epaper.khabarmantra.net

# आतंकियों का संरक्षक पाक

**दो** तीन दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि टॉक और टेरर व ट्रेड और टेरर साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने आतंक की पोषक पाक सरकार को खुले शब्दों में चेताया कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। भारत ने आतंक की लड़ाई के खिलाफ नई लकीर खींच दी है। आतंक का अपनी शर्तों पर मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, न्यूक्लियर भयादोहन सहन नहीं होगा तथा आतंकवादियों तथा आतंक को पोसने वाली सरकार को अलग-अलग करके नहीं देखा जाएगा। उन्होंने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को बता दिया है कि आतंकवाद को संरक्षण देने में पाक सरकार की सक्रिय भूमिका है। एक बार फिर पाक पोषित आतंकवाद दुनिया के सामने उजागर हुआ है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। उन्होंने सेना के पराक्रम और भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ऑपरेशन सिंदूर निश्चित ही देश का आतंक पर बड़ा प्रहार है और यह चेतावनी भी कि आगे भी यह जारी रहेगा।

## आज का राशिफल

मेष : बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# डंटे रहो : न दैन्यम न पलायनम!

**मनुष्य** का अस्तित्व कोई अकेले के बस की बात नहीं है । अन्य या दूसरे के साथ सह अस्तित्व जीवन जीने के लिए अनिवार्य है । हिंसा और संघर्ष जीवन के विरुद्ध होता है। सहयोग, सहकार अब तक के ज्ञात राजनैतिक इतिहास को देखने पर भारत सतत रूप से एक शांति का आकांक्षी देश ही सिद्ध होता है । वह दूसरे देशों पर आधिपत्य स्थापित करने या अपना कब्जा जमाने की जगह शांति चाहता रहा है। अन्य देशों के साथ परस्पर सहयोग और समर्थन पाने की उसकी बलवती चाह रही है । इसी नीति के अनुसार आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक-दूसरे के साथ परस्पर जुड़ने के प्रयास को सदैव प्राथमिकता दी गई। कलह और संघर्ष में भारत की न रुचि रही है न कभी उसका भरोसा किया गया । अपने पड़ोसी देशों की ओर से भी भारत इसी भाव से प्रतिदान की कामना करता रहा है। इस तरह की नीति और आचरण के परिप्रेक्ष्य में हमारी विदेश नीति निर्धारित की जाती रही है। इसी अपेक्षा के साथ स्वतंत्र भारत शुरू से राजनय में अपने कदम बढ़ाता रहा है । किंतु दूसरों को अपनी ही तरह समझना खामखयाली ही साबित हुई और इतिहास गवाह है कि राजनयिक परिवेश में इस तरह की नीति के चलते भारत को कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा ।

स्मरणीय है कि स्वतंत्र भारत के एक दशक बीतते-बीतते पड़ोसी चीन ने भाई-भाई के दिखावटी रिश्तों की आड़ में विश्वास को तोड़ कर धोखा दिया। यह भी सबको पता है कि तब भारत उस तरह की चुनौती के लिए बिलकुल तैयार नहीं था। तब से आज तक चीन के साथ सीमा के प्रश्न कई उतार-चढ़ावों के बीच से गुजरते आ रहे हैं। दूसरी ओर स्वयं चीन अपनी प्रगति से सबको चकित करते हुए विश्व पटल पर अमेरिका जैसी बड़ी हस्तियों से जोरदार टक्कर ले रहा है । उसकी उपस्थिति हर क्षेत्र में दर्ज हो रही है । शैक्षिक, राजनैतिक, तकनीकी, कृषि तथा सामरिक सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करते हुए चीन की उपलब्धियां निश्चय ही अचंभित करने वाली हैं। सचमुच किसी भी देश की शक्ति और सामर्थ्य का कोई विकल्प नहीं होता है।

पाकिस्तान हमारा दूसरा पड़ोसी देश है जो खार खाये बैठा है और स्वतंत्र होने के साथ और बाद में ही लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है । आतंकवाद, अलगाववाद तथा उग्रवाद को बढ़ावा देना और गतिरोध पैदा करना पाकिस्तान का मुख्य कार्य हो गया है। यह दुर्भाग्य ही था कि विभाजन की घोर मानवीय त्रासदी के बीच भारत के साथ ही उसका जन्म हुआ और तब से लेकर आज तक कलह और वैमनस्य की आंतरिक परिस्थितियों से वह लगातार जूझता आ रहा है । ऐसी स्थितियों का परिणाम राजनैतिक अस्थिरता, आपसी वैमनस्य और हिंसा के रूप में दिखता रहा है। वहां के प्रधानमंत्री और राष्ट्राध्यक्ष लगातार हत्या या फांसी के शिकार होते आए हैं । सेना का तख्तापलट भी वहां कई बार हुआ है । संघर्ष की बुनियाद पर टिका पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही भारत के साथ पट्टीदारी जैसी मानसिकता के साथ अविश्वास और द्रोह की भावना रखता आया है । चार युद्धों के अलावा शायद ही कोई ऐसा दिन बीतता होगा जब भारत की सीमा पर पाकिस्तान की ओर से शत्रुता भरी कोई छोटी-बड़ी घटना न होती रही हो । इसके बावजूद एक अच्छे पड़ोसी मान कर पाकिस्तान के साथ भारत संवाद और सहयोग के लिए सदा तत्पर रहा है। दूसरी ओर पाकिस्तान की तरफ से नकारात्मक रवैया अपनाया जाता रहा है। साथ ही वह भारत के बारे में दुष्प्रचार के साथ छद्म युद्ध भी चलाता रहा है ।





- गिरीश्वर मिश्र

> ध्यातव्य है कि पाकिस्तान के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह अपनाते रहे हैं । आजकल बलूच समुदाय की स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है । सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है । ऐसे माहौल में सेना का राजनीतिक वर्चस्व बढ़ता रहता है और प्रधानमंत्री सिर्फ कुसीर्दार हो कर रह जाता है ।

ध्यातव्य है कि पाकिस्तान के अनेक प्रांत अपनी समस्याओं के चलते अलगाववादी राह अपनाते रहे हैं । आजकल बलूच समुदाय की स्वतंत्रता की मांग जगजाहिर है । सच कहें तो आंतरिक अस्थिरता और आपसी मनमुटाव जैसे मुद्दों से वहां की सरकार लगातार जूझ रही है । ऐसे माहौल में सेना का राजनीतिक वर्चस्व बढ़ता रहता है और प्रधानमंत्री सिर्फ कुसीर्दार हो कर रह जाता है । सेना के महत्वाकांक्षी जनरल मौका देख राजनेता को आसानी से बेदखल कर तख्तनशीं बन कर राज करने लगता है । इस सिलसिले में आतंक और आतंकवादी तत्व भी सक्रिय होते रहे हैं जो पाकिस्तान के अंदर और बाहर ऊधम मचाने का काम करते हैं। इनके अलगझ्अलग स्त्रोत हैं। परंतु इन सब के ऊपर सरकार का आतंक को जायज मान कर अपनाना खतरनाक पहल है। सरकारी आतंक का प्रायोजित होना किसी भी सभ्य सरकार के लिए शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है ।सरकारपोषित आतंक की ताजी घटना पिछले महीने कश्मीर के पहलगाम नामक रमणीक स्थान पर हुई। यहां आतंकियों ने पर्यटन पर आए दो दर्जन से अधिक निहत्थे नागरिकों की गोली मार कर जघन्य हत्या कर दी। इस बर्बर घटना ने सभ्य समाज की आचरण की सारी हदों को पार कर दिया। इस दुर्घटना ने सभी भारतीयों को चोट पहुंचाई और यह सोचने पर मजबूर किया कि इस असह्य आतंक का प्रतिकार आवश्यक है। भारत ने संयम से काम लिया और सरकार ने गंभीर विचार-विमर्श के बाद आतंक के उन्मूलन के लिए जरूरी सैन्य कारवाई का निश्चय किया। आपरेशन सिंदूर चलाया गया और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नष्ट किया। इस कारवाई में इस बात को सुनिश्चित करने की पूरी चेष्टा की गई कि आम पाकिस्तान के नागरिकों को कोई आघात न पहुंचे। पाकिस्तान को यह आतंकविरोधी प्रयास नागवार गुजरा और उसने आक्रामक रुख अपनाया। फाइटर जेट, ड्रोन और मिसाइल की सहायता से पाक सेना ने आक्रमण किया जिसको भारत के मुस्तैद सैन्य बलों ने पूरी तरह से विफल कर दिया पाकिस्तान की सेना को कई जेट और सुरक्षा प्रणाली से हाथ धोना पड़ा। सभी मतभेदों से ऊपर उठ कर पूरे भारत ने भारत की सेना की कारवाई का हृदय से स्वागत किया। आपरेशन सिंदूर सरकार और सेना के बेहतरीन सहयोग, तालमेल और समझदारी का बेजोड़ नमूना साबित हुआ।

पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की मीडिया पर आतंक में सरकार के शामिल होने की खुले आम स्वीकारोक्ति सुन कर लोग दंग रह गए । भारत की सीमा पर आतंकवादी घटनाएं लगातार होती रही हैं और सीमा पार के इलाकों में आतंकवादी संगठनों को धन, प्रशिक्षण और साजो-सामान से लैस कर तरह-तरह से सरकती प्रश्रय दिया जाता रहा है । सरकार, सेना और आतंकी तीनों का मेल क्या कुछ कर सकता है यह पाकिस्तान के द्वारा किए जाने वाले कई हस्तक्षेप की घटनाओं से प्रमाणित है। मुंबई, पुलवामा और अब पहलगाम की घटनाओं से पाकिस्तान की सरकारी दहशतगर्दी की पुष्टि करते हैं जो अक्षम्य है । भारत सदैव आतंकवाद का विरोध करता रहा है और उसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है । यह आततायी से आत्मरक्षा का प्रश्न बन चुका है ।

## लेटर टू एडिटर

### आतंकवाद की चुनौती

**घाटी** में नई सरकार के सामने आतंकवाद की बड़ी चुनौती उभरी है। पहले कश्मीरी पंडितों को लक्षित हिंसा का शिकार बनाया जाता रहा, लेकिन इस बार आतंकवाद की घटनाएं मजदूरों और कर्मचारियों पर केंद्रित रही हैं। ये हिंसा की घटनाएं केंद्र सरकार के शांति प्रयासों पर पानी फेर सकती हैं। पहले भी घाटी में भाड़े के आतंकी कहर बरपा चुके हैं।

**– अमृतलाल रांची**

### आतंक के खिलाफ

पहलगाम आतंकी त्रासदी का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी अड्डों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिसमें करीब 100 आतंकी मारे गए। पाकिस्तान ने भारतीय सीमाओं पर बमबारी की और ड्रोन हमले किए, लेकिन भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के एयरबेस और ड्रोन नष्ट कर दिए। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को सरकारी नीति के रूप में बढ़ावा देने का मुद्दा अभी भी अनसुलझा है। **– रवि, रांची**

## ट्वीट

सीबीएससी बारवीं और दसवीं परीक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जोहार।

परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया वो निराश न हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आज इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधनों को भी मैं हार्दिक बधाई देता हूँ, जोहार करता हूँ।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

भारतीय सशस्त्र बलों का पराक्रम, प्रतिबद्धता और कर्तव्यनिष्ठा भारत की शांति और संप्रभुता का आधार है।आदमपुर एयरबेस पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की भारतीय वायु सेना के वीरों के मध्य उपस्थित हुए। **– योगी आदित्यनाथ**

# भारत में उत्पन्न समस्त मत-पंथ विश्व में शांति चाहते हैं

**प्रहलाद सबनानी**

सामयिक

**भारत** में सनातन हिंदू धर्म तो अनादि एवं अनंत काल से चला आ रहा है परंतु बाद के खंडकाल में भारत में कई अन्य प्रकार के मत पंथ भी विकसित हुए हैं जैसे बौद्ध धर्म, जैन धर्म, सिख धर्म आदि। भारत में विकसित विभिन्न मत पंथ मूलतः सनातन हिंदू संस्कृति का ही अनुपालन करते हुए दिखाई देते हैं और ऐसा कहा जाता है कि यह समस्त मत पंथ सनातन हिंदू धर्म की विभिन्न धाराएं ही हैं। भारत में विकसित मत पंथ सामान्यतः अपने दर्शन, कर्मकांड एवं सामाजिक ताने बाने के दायरे में अपने धर्म का अनुपालन करते हैं। भारत में हिंदू धर्म के सिद्धांतों पर चलने वाले नागरिकों की संख्या सबसे अधिक हैं एवं यह भारत का सबसे बड़ा धर्म है, जिसमें विभिन्न देवी देवताओं और पूजा प्रथाओं की एक विस्तृत प्रणाली शामिल है।

भारत में विकसित हुए मत पंथों में बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के आधार पर हुई है। यह शिक्षाएं मानव जीवन से दुःख और उसके कारणों को दूर करने के सम्बंध में हैं। बौद्ध धर्म में ध्यान, प्रेम एवं करुणा पर जोर दिया जाता है। बौद्ध धर्म में कर्मकांड के महत्व को भी रेखांकित किया गया है परंतु इसका उद्देश्य ईश्वर की आराधना नहीं बल्कि मोक्ष की प्राप्ति करने से है। भारत में ही विकसित दूसरे महत्वपूर्ण मत पंथ, जैन धर्म में अहिंसा, आत्म संयम, सत्य एवं ईमानदारी पर अधिक जोर दिया जाता है। जैन धर्म में ऐसा माना जाता है कि मोक्ष की प्राप्ति स्वयं के प्रयासों से ही सम्भव है। भारत में ही विकसित तीसरा महत्वपूर्ण मत पंथ है सिख धर्म जिसकी स्थापना श्री गुरु नानक देव जी ने की थी। सिख धर्म ईश्वर में विश्वास, सेवा, समानता एवं सत्यनिष्ठा पर आधारित है। सिख धर्म में ईश्वर की उपासना की जाती है परंतु यह उपासना कर्मकांड से परे हैं।

भारत की सनातन हिंदू संस्कृति को पूरे विश्व में अति प्राचीन संस्कृति के रूप में देखा जाता है। मूल रूप से भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में आध्यात्म का विशेष महत्व है जिसके अंतर्गत ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व, ह्लसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व, ह्लविश्व का कल्याण होह्व, ह्लकिसी भी जीव का अहित न होह्व जैसे भावों पर अमल करने का प्रयास किया जाता है। भारत में चूंकि मनुष्य के साथ साथ जीव जंतुओं, नदियों, पहाड़ों, पेड़ पौधों एवं जंगलों, आदि में भी ईश्वर का वास माना जाता है इसलिए किसी भी जीव को कोई क्षति न हो इस भावना को न केवल को आगे बढ़ाया जाता है बल्कि इस सिद्धांत पर अमल भी किया जाता है। इसीलिए भारत मूलतः शांतिप्रिय देश माना जाता है तथा भारत में हिंसा के लिए तो कोई जगह ही नहीं है। भारत के धर्मग्रंथों में भी जाने अनजाने में भी की गई जीव हत्या को पाप की संज्ञा दी गई है। सनातन हिंदू संस्कृति के ग्रंथों, उपनिषदों, आदि द्वारा काम, कर्म एवं अर्थ को धर्म के साथ जोड़कर ही सम्पन्न करने के उपदेश दिए जाते हैं।

उदाहरण के लिए, महाभारत में वेद व्यास जी ने धर्म के आठ तरीके बताए हैं - यज्ञ - जिसका आश्य है कि ऐसा कर्म जो समाज के लाभ के लिए किया जाता है। दान - समाज की सहायता करना। तप - अर्थात स्वयं में सुधार करते रहना, स्वयं का मूल्यांकन करना तथा नकारात्मक गुणों को दूर कर सकारात्मक गुणों का विस्तार करना। सत्यम्‌ सत्य के मार्ग पर चलना। क्षमा -दूसरों तथा स्वयं को गलतियों के लिए क्षमा करना। दंभ - इंद्रियों को वश में रखना। आलोभ - लालच नहीं करना एवं लालच में न आना। अध्ययन - स्वयं और दुनिया का अध्ययन करना। सनातन हिंदू धर्म एवं भारत में उत्पन्न मत पंथों के अनुयायी सामान्यतः धर्म के उक्त वर्णित आठ तरीकों पर चलने का प्रयास करते पाए जाते हैं। धर्म की इस राह पर चलकर उन्हें समाज में शांति पूर्वक रहने की प्रेरणा मिलती है एवं अंततः उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही, विश्व के अन्य देशों में विकसित मत पंथों का अनुसरण करने वाले नागरिक भी भारत में पर्याप्त मात्रा में निवास करते हैं जैसे यहूदी, ईसाई एवं इस्लाम के अनुयायी, आदि। विश्व के अन्य भागों में विकसित उक्त वर्णित मत पंथों को सेमेटिक रिलिजन की श्रेणी में रखा जाता है क्योंकि इनकी साझा उत्पत्ति एवं कुछ सामान्य अवधारणाएं होती हैं, जैसे एक ही ईश्वर में विश्वास, नैतिकता एवं कर्मकांड।

यहूदी धर्म एक धर्मग्रंथ (ताल्मुद) पर आधारित है। इस धर्मग्रंथ में यहूदी लोगों की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को दशार्या गया है। यहूदी धर्म सेमेटिक धर्म की श्रेणी में आता है क्योंकि इसमें एक ईश्वर (येहव) में विश्वास, अनुष्ठान एवं नैतिक नियमों का पालन किया जाता है। ईसाई धर्म ईसा मसीह की शिक्षाओं पर आधारित है, जो एक ईश्वर में विश्वास एवं ईसा मसीह के द्वारा उद्धार करने एवं उनके द्वारा ही मोक्ष करने पर जोर देता है।

# फिर उजागर हुआ कांग्रेस का अपने देश के प्रति अपमान

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

सामयिक

**कांग्रेस** स्वाधीनता के पूर्व और स?वतंत्रता के बाद अब तक लगातार अपनी एतिहासिक गलतियां दोहरा रही है। आश्चर्य इसमें यह है कि उसके बाद भी वह दावा करने से भी नहीं चूकती कि उसे ही देश की सबसे ज्यादा चिंता है। ताजा प्रकरण पूरी कांग्रेस पर प्रश्न खड़ा करता है। आखिर कांग्रेस अपनी भूलों से कुछ सीखना क्यों नहीं चाहती और भारत की संप्रभुता, अखण्डता एवं भौगोलिकता को लेकर इतनी लापरवाह और असंवेदनशील कैसे हो सकती है? वस्तुतः आज कांग्रेस ने कर्नाटक में जो गलती की, वह वास्तव में माफी योग्य नहीं है।

यहां कांग्रेस सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करती है और उसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा बता देती है। इसके लिए जो नक्शा उसके द्वारा प्रयोग में लाया गाया, उसमें साफ तौर पर भारत के पाकिस्तान अधिकृत कश?मीर क्षेत्र को पाकिस्तान के नक्शे में दिखाया है। जैसा कि इस पोस्टर में लिखा गया और दिख रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कांग्रेस पार्टी आक्रोश वक्त कर रही है, किंतु क्या अपनी विरोधी पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते इतना भी अंधा और विवेकहीन हुआ जा सकता है कि उसे यह भान ही न रहे कि जिस पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लेने के लिए भारत की संसद संकल्पबद्ध है, उसे वह नक्शे में पाकिस्तान का बताए।

वस्तुतः सोशल मीडिया में कन्नड़ भाषा में जारी की गई इस पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की गई, यह कहकर कि वह पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाली उधार राशि को रोकने में असफल रहे । हालांकि यह पोस्ट अब एस से हटा दी गई है। किंतु तब जब इस पर बहुत हल?ला मच गया और उसके बाद कांग्रेस को लगा कि मामला बड़ा हो गया है। अन्यथा तो कांग्रेस को जो नैरेटिव सही लगता है, वह प्रयास तो उसके माध?यम से यहां हुआ ही है। अब कांग्रेस की ओर से कहा जा रहा है, जैसा कि कर्नाटक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि एक छोटी सी गलती हुई थी। हमने उसे सुधार लिया है, सब कुछ हटा दिया गया है। किसी ने शरारत की थी।₹ लेकिन यहां विचार करने योग्य यह है कि यह गलती हुई कैसे?

दरअसल, इस संदर्भ में यही कहना होगा कि कांग्रेस इस देश को लेकर कभी गंभीर रही ही नहीं है। यदि रहती तो वह बार-बार देश को लेकर इस हद तक लापरवाह कभी नहीं हो सकती थी। जितना कि उसे देखा और परखा गया है। कांग्रेस ने देश के साथ कब-कब कितना गलत किया है, इसके उदाहरण देखेंगे तो आप क्रोधित हुए वगैर नहीं रह सकते। जिस राजनीतिक पार्टी के प्रति भारत के जनमानस ने वर्षों तक अपना भरोसा जताया, उसने भारत की स?वाधीनता के वक?त राष?ट्रीय आन?दोलन से ही गलतियां करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। सबसे पहले तो इस कांग्रेस ने मुस?लिम लीग के द्विराष?ट्र सिंद्धांत को स?वीकार करते हुए इस्लामिक ताकतों से डरकर भारत का बंटवारा करना स्वीकार किया था ।


इसके बाद जम्मू-कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाकर उसे अनसुलझा ही छोड़ दिया गया। तब नेपाल के तत्कालीन नेपाली महाराजा ने भारत में अपने विलय की इच?छा जताई तो उस विलय को मंजूरी न देकर भी एक बड़ा अपराध कांग्रेस का रहा। ऐसे ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता का विषय है, जिसमें कि स?वयं को मिलनेवाली सीट ठुकराकर उसे चीन को सौंप दी, जिसका कि आज भी भारत कई मोर्चों पर खामियाजा भुगत रहा है।

यह कांग्रेस ही थी जिसने चीनी-हिन्दी भाई-भाई का नारा दिया और चीन के भरोसे में धोखा खाकर न सि?र्फ तिब्बत जोकि भारत और चीन के बीच एक दीवार था, उसे खोया।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को अपनी रुस यात्रा की जानकारी देते रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ।**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### एमटेक के छात्र को दी गयी विदाई




रजरप्पा। पंचायत सुकरीगढ़ा के पूर्व मुखिया माथुर महतो के पुत्र भानु प्रताप बांसवार के आईआईटी आईएसएम धनबाद से एम टेक कम्पलीट होने के बाद विदाई दी गई। शिक्षकों और दोस्तों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रार्थना की। समाजसेवी महेश महतो मौजूद थे।उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद आय के साथ समाज को बेहतर बनाने और नए साधनों को खोज करने में अपनी प्रतिभा को लगाएं।

### प्रदीप सिन्हा के बड़े पुत्र का निधन



**गोला(रामगढ़)।** समाजसेवी सह सिन्हा स्टोर के मालिक प्रदीप सिन्हा के बड़े पुत्र चंदन सिन्हा (43 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका ईलाज रांची स्थित रिम्स में चल रहा था। चंदन सिन्हा अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से गोला चित्रांश महापरिवार शोक की लहर है। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण सिन्हा, राष्ट्रीय मंत्री अमित सिन्हा, गोला चित्रांश महापरिवार के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, अभाकाम के जिला सचिव अनिल कुमार सिन्हा, अभाकाम के जिला उपाध्यक्ष कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### संकट मोचन मंदिर का मना वर्षगांठ



कुजू। श्रीश्री शंभूनाथ संकट मोचन मंदिर नया बाजार टांड़, कुजू का 4वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। भव्य भंडारा का आयोजन किया गया।मंदिर में आचार्य विकास पांडेय और सह आचार्य अमित तिवारी ने पुजारी मुकेश पांडेय को मंदिर में स्थापित हनुमान समेत विभिन्न देवी देवताओं का पूजा-अर्चना कराया।नवकन्या पूजन व भोग के उपरांत आयोजित भव्य भंडारे में क्षेत्र के आसपास के लोगों ने खीर पूड़ी प्रसाद ग्रहण किया। मांडू विधायक निर्मल महतो, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह समेत आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र भेंटकर किया। वर्षगांठ को सफल बनाने में सूरज सिंह, सातों सिंह, अनिल सिंह, चिंटू सिंह, बालेश्वर शर्मा, सरिता सिंह, रेखा सिंह, शीलू देवी, शोभा देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### शिव मंदिर में मंडा पूजा संपन्न



**कुजू।** शिव भक्ति पर अटूट आस्था का पर्व मंडा बोंगाबार मंडा टांड स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में संपन्न हो गया। मंडा में विधायक तिवारी महतो, नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, निवर्तमान वार्ड पार्षद हेमनी देवी एवं आजसू जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो शामिल हुए। वहीं सोमवार रात छऊ नृत्य की शुरूआत की गई। पुरुलिया बंगाल से आए दो अलग अलग टीमों ने गीता रामायण की जुड़े प्रसंगों पर गीत नृत्य के साथ मंचन कर लोगों को खूब मनोरंजन कराया। तिवारी महतो ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड के लोकप्रिय सस्कृति एवं भगवान के प्रति एक प्रेम और आस्था का पर्व है।। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कमल पंडा, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, उत्तम पंडा, सचिव सुरेंद्र महतो,प्रेमलाल महतो,प्यारेलाल महतो, फुलेश्वर महतो, तेजनारायण कुशवाहा, वीरेंद्र साव, महेश महतो, संतोष करमाली आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### कुजू में विवाहिता ने की आत्महत्या



कुजू। आरा सात नंबर सीसीएल कॉलोनी में सोमवार देर रात विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। मृतका के मां ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी में आवेदन दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की सास उषा देवी कुछ कार्य को लेकर लिए घाटो गई हुई थी। वहीं ससुर बहादुर उरांव सीसीएल कर्मी डयूटी गये हुए थे। उषा देवी ने बताया की जब मै घाटो से अपने आवास पहुंची तो तो देखा की (बहु) रिया का कमरा अंदर से बंद है। कुछ देर बाद आवाज देने और दरवाजा खटखटाने पर अंदर से कुछ जवाब नहीं मिला तो उषा देवी घबरा गई और अगल-बगल के लोगों को बुलाकर दरवाजे को किसी तरह से दरवाजा को तोड़ा। अंदर गये तो देखा कि रिया दुपट्टा के सहारे पंखे पर फांसी लगा ली है। पुलिस को सूचना देने से पहले रिया के शव को नीचे उतार लिया था। कुजू पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में किया। साथ ही छानबीन में पुलिस ने रिया का मोबाइल से सिम कार्ड गायब पाया। जिसे लेकर रिया के पति ध्रुव ने बताया कि रिया दोपहर को खुद अपना सिम निकालकर तोड़ दी थी। बताया जाता है कि रिया व ध्रुव अलग-अलग जाति के है, एक वर्ष पहले ही दोनों का लव मैरिज हुआ था। इधर पुलिस ने ध्रुव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने को लेकर ओपी ले आयी।

### पीवीयूएनएल गेट पर प्याऊ का उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। स्वर्णरेखा महिला समिति (एसएमएस) ने मंगलवार को पीवीयूएनएल टाउनशिप गेट पर प्याऊ जल सेवा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा रीता सिंह, पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह तथा लेडीज क्लब की अन्य सदस्यगण उपस्थित रहीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रीष्मकालीन मौसम में राहगीरों और कर्मचारियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान रीता सिंह ने सभी सदस्यों के समर्पण और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं। लेडीज क्लब की सदस्यों ने इस जनकल्याणकारी पहल को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने समिति के इस सेवा कार्य की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।

# 125 दिव्यांगों को मिला व्हीलचेयर

## सांसद ने रामगढ़ सदर अस्पताल में नये भवन का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** लघु उद्योग भारती, रामगढ़ इकाई द्वारा रामगढ़ शहर के होटल शिवम इन सभागार में मंगलवार को आयोजित व्हील चेयर- सह- श्रवण यन्त्र के निःशुल्क वितरण समारोह में सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए और इस क्षेत्र के 125 दिव्यांगों को व्हील चेयर और 51 दिव्यांगों को श्रवण यंत्र दिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव सह प्रांतीय प्रभारी इन्द्र अग्रवाल, पूर्व आईपीएस निर्मला कौर, एफजेसीसीआई परेश गट्टानी, ज्योति कुमारी, प्रांतीय अध्यक्ष विजय छापरिया ,प्रांतीय महामंत्री विजय मेवाड़, अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव अखिलेश सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रवीण झा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। लघु उद्योग भारती, रामगढ़ इकाई ने कोविड काल से लेकर समाज के विभिन्न जरूरतमंदों की सेवा के साथ विशेषकर दिव्यांगों की सहायत की लिए लगातार कार्य करती है साथ ही उद्योग हित- राष्ट्रीय हित के लक्ष्य पर सराहनीय कार्य करती है । जायसवाल ने कहा कि दिव्यांगता ईश्वर का एक विशेष उपहार है। लघु भारती इकाई, रामगढ़ ने समाज के ऐसे वर्ग पर अपना सेवा कार्य फोकस किया है जिन्हें समाज से सालोंभर सहयोग की अपेक्षा रहती है। दिव्यांगों के दुःख-सुख और इनके मानसिक शसक्तता के लिए हम सभी को सदैव खड़े रहने की जरूरत है। इन्हें यह विश्वास दिलाना कि आवश्यकता है कि आपके देखभाल और सहयोग के लिए संपूर्ण मानवता आपके साथ है। दिव्यांगों के हितार्थ अभी मेरे पहल पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ परिसदन सभागार में भारत सरकार की कंपनी के सहयोग से एक कैंप लगा था जिसमें उनका परीक्षण किया गया है संभवतः इस महीने के अंत तक उनके जरूरत के अनुरूप उन्हें उपकरण उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांगों को सरकार द्वारा निर्धारित 80% दिव्यांगता होने पर ही मोटराइज्ड व्हील चेयर दिया जाता है लेकिन समय गतिशील है और समय के अनुरूप दिव्यांगों की सुविधा के उपकरणों में भी अपग्रेड की जरूरत है। हम प्रयासरत है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के शत- प्रतिशत दिव्यांग जनों को बैटरी संचालित मोटराइज्ड व्हील चेयर उपलब्ध कराया जाय और इस दिशा में सकारात्मक कार्य शुरू है जल्द ही इसका सुखद परिणाम भी दिखेगा और दिव्यांग जनों को बड़ी राहत मिलेगी। लघु उद्योग भारती रामगढ़ इकाई का कार्य मानवता के हित में बेहद प्रेरक है और समाज के अन्य समूह या वर्गों को भी ऐसे प्रेरक कार्य से प्रेरणा लेकर कदम बढ़ाना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने विधायक ममता देवी की उपस्थिति में साढे तीन करोड़ की विकास योजनाओं का किया शिलान्यास। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 07 स्थित पोचरा, बुजुर्ग जमीरा में 98 लाख रुपए की लागत से अपर पोचरा में राजू साव के घर से सरना होते हुए विक्रम यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का सांसद-विधायक ने नारियल फोड़कर, शिलापट्ट का आवरण कर और फीता काटकर किया। यहां यह दूसरे फेज में 800 मीटर सड़क निर्माण का कार्य होने है। प्रथम फेज में 800 मीटर सड़क निर्माण का कार्य डीएमएफटी मद से किया जा रहा है। मौके पर रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रामगढ़ भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, सांसद मीडिया प्रतिनिधि रीमा कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

## हजारीबाग के कई खाद्य प्रतिष्ठानों में हुयी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय एवं एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल के निर्देशानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मेसर्स अप्पार होटल एंड रिजॉर्ट प्रा. लिमिटेड, कैनरी हिल रोड, मेसर्स राज रेस्टोरेंट, स्टेडियम गेट के पास, मेसर्स फन एन फूड, मेन रोड, द फ्लोरेस्टा, कार्मेल स्कूल के पास, मेसर्स काका का सेकुवा, साकेतपुरी, मेसर्स दालचीनी इंडियन रेस्टोरेंट, पीडब्ल्यूडी चौक, मेसर्स ब्रूएड एंड बर्न प्राइवेट लिमिटेड,सिन्दूर का निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में उन्हें पैकेजिंग सामग्री का खाद्य ग्रेड प्रमाण पत्र, कीट नियंत्रण का सही से प्रबंधन करना, परिसर की सफाई के साथ-साथ व्यक्तिगत सफाई और स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

खिड़कियों और दरवाजों को कीट रोधी स्क्रीन से कवर करने का निर्देश दिया गया, साथ ही फूड हैंडलर्स का मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाने और रिकॉर्ड मेंटेन करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा लगातार अभियान चला कर किसी भी प्रकार के मिलावट या खाद्य सुरक्षा से संबंधित अपराध को रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत और तीन घायल

चरही।चरही थाना क्षेत्र के सोमवार बाजार स्थित भीषण सड़क दुर्घटना हुई।इस घटना में एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।जबकि तीन लोग घायल हो गए। मृतक मांडू निवासी प्रकाश साहू का पुत्र ज्योति कुमार साव था।यह व्यक्ति टेम्पू चालक था।तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर नंबर जेएच02वाई/0271 दो और वाहन नंबर सीजे04एमएम/9166 और जे एच01डीसी/1759 को भी अपने चपेट में ले लिया। टेम्पू चालक सड़क को पार कर रहा था।जिसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। हजारीबाग से तेज रफ्तार में रामगढ़ की ओर जा रही थी।बोलेरो वाहन की संतुलन बिगड़ गई।औ? डिवाइडर के ऊपर से दूसरे लेन में चली गई।चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार को सूचना

## साइंस में खुशी व कॉमर्स में आदर्श बने श्री अग्रसेन स्कूल के टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मंगलवार को घोषित परीक्षा परिणाम में साइंस में खुशी कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर रही। इसी तरह आदर्श बर्मन 80 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स टॉपर बना। कॉमर्स में प्रिंसी कुमारी 72.6 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व प्राची मुंडा 71.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में तीसरे स्थान पर रही। साइंस में विनायक 92.2 प्रतिशत के साथ दूसरा, अर्पित धर ने 82.2 प्रतिशत के साथ तीसरा, आंचल गुप्ता ने 81.8 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं अंशु रतन को 76.8, मुजदा खान को 76.4 प्रतिशत अंक मिला। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि बच्चों को उनके परिश्रम का सुखद फल मिला है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन से स्कूल एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर अंकित विश्वकर्मा, एचके सिंह, केएल गोस्वामी, सुफियान अख्तर, संतोष कुमार, कुमुल कुमार, मंजू कुमारी, सोनम खातून, जीशान अख्तर, रीतिका, आकाश कुमार, अरविंद दुबे, आदि शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 10वीं में सर्वोदय निकेतन स्कूल के सभी छात्र पास

**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शत प्रतिशत छात्र छात्राओं ने सीबीएसई की दसवीं में शानदार सफलता अर्जित की है। रोहित चिक बड़ाईक 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बने हैं। सुजाता उराँव और आकाश गोप 84.2%, संदीप चौधुरी 83.8%, शेख फरहाना और प्रीतम कुमार 82.4%, अंशु उराँव 81%, रूपेश कुमार सिंह, 78.6%, अनुरागिनी कुमारी 78%, याश्मी कुमारी 77.4%, और अंजल टुडू 77.2% अंक मिला।

## सर्वोदय निकेतन : 12वीं में विद्यालय टॉपर बने आदित्य




कुजू। डटमा मोड़ के शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय के छात्र आदित्य रंजन ने 93.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आदित्य रंजन को अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान और पेंटिंग विषयों में क्रमशः 95, 95, 91, 88 तथा 98 अंक प्राप्त हुए। वहीं विद्यालय की अंशिका प्रिया 92.8%, अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि रुद्र कुमार मेहता अंको के साथ 84% अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने विद्यालय के परिणाम पर चर्चा करते हुए बताया कि विद्यालय के छात्र राजीव रंजन 83.8%, संस्कार कुमार गुप्ता 81.8%, दिव्यांशु वर्मा, 81.2%, राकेश कुमार 80.6% अंक प्राप्त कर क्रमशः चौथे से लेकर सातवें स्थान पर रहे। सभी विद्यार्थी विज्ञान संकाय के ही छात्र हैं। उन्होने बताया कि इस वर्ष कुल 78 छात्र छात्राओं ने 12वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें से कुल 73 % बच्चे उत्तीर्ण हुए। जिसमें 28% छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं शेष सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 16 छात्र पूरक परीक्षा देंगे। विद्यालय के पूरे परीक्षा परिणाम पर चर्चा करते हुए विद्यालय के निर्देशक नरसिंह कुमार ने कहा कि विद्यालय का परिणाम बच्चों के कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यालय की चेयर पर्सन शबाना, प्राचार्य सूर्यनाथ यादव और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की तरफ से बधाई दी।

## ए ला एंगलाइज विद्यालय के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीबीएसई : साईस में वैभव 96.2 % और कॉमर्स वैभर कुमार 96.8 % अंक लाकर बने विद्यालय टॉपर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का यह परिणाम है कि विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में वैभव राज ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दिया ठाकुर 76.4 प्रतिशत, मो. शाहनवाज 75.8 प्रतिशत, मयंक कुमार 75.2 प्रतिशत, अनन्या 75 प्रतिशत, पीयूष कुमार 71.8 प्रतिशत, नायरा फातिमा 70.6 प्रतिशत, लक्ष्मी कुमारी 68.6 प्रतिशत, जिया कुमारी 68.2 प्रतिशत और रितिक कुमार 65.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के टॉप टेन अपनी जगह बनाई। वैभव राज अंग्रेजी में 98, भौतिकी में 94, रसायन विज्ञान में 98, गणित में 98, आईपी में 91 तथा शारीरिक स्वास्थ्य में 93 अंक हासिल किए। जबकि वाणिज्य संकाय में भी छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त किया। इसमें वैभव कुमार 96.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने अंग्रेजी में 97, अर्थशास्त्र में 95, अकाउंट में 98, व्यवसाय अध्ययन में 98, गणित में 95 और शारीरिक स्वास्थ्य में 96 अंक प्राप्त किये। वहीं सागर प्रसाद केसरी 96.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में दूसरे स्थान पर हैं। जबकि रिचा कुशवाहा 89.6 प्रतिशत, आकांक्षा कुमारी 72 प्रतिशत तथा कुदशियां ईरम 63.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉप फाइव की सूची में शामिल होने का गौरव पाया। लेखा, अर्थशास्त्र और व्यवसाय अध्ययन में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रधानाध्यापक विजयंत कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विद्यालय के निदेशक विक्रांत कुमार ने कहा कि विद्यालय के विज्ञान और वाणिज्य संकाय में छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए श्रेष्ठ परिणाम संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली, शिक्षकों की निष्ठा और छात्रों की लगन का सजीव प्रमाण है।

### राधा गोविंद स्कूल का भी शानदार प्रदर्शन




**रामगढ़ ।** राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल रामगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विज्ञान में अरमान अंसारी ने 92.6%, मानस इंद्रगुरु 91.6% तथा अहमद नवाज - 89%-3 प्राप्त किया। कला संकाय में आशिका गुप्ता-94.6%-प्रेरित कुमार दांगी - 93.4% तथा मैत्री पाठक -90.2%. अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में कुणाल किशोर ने 89.2%, सुमंत यादव 86.2% तथा रिया कुमारी ने 78. अंक प्राप्त कर अपना माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन किया ।

## एक नजर में

### सीबीएसइ 10 वीं में एंजल्स हाई स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, शौर्य शाहा व अरुण बने टॉपर




**हजारीबाग।** सीबीएसइ की ओर से मंगलवार को जारी 10 वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बड़कागांव रोड के शंकरपुर अवस्थित एंजल्स हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार जिले में रिकॉर्ड कायम किया है। पिछले 11 वर्षों में लगातार पाँच बार जिला टॉपर देने का गौरव एंजल्स हाई स्कूल को प्राप्त होता रहा है। वर्ष 2018 में स्कूल के अर्णव रॉय, वर्ष 2019 में पीयूष कुमार अग्रवाल, 2020 में अमन कुमार और 2021 में प्रतीश बंसल और तनु अग्रवाल, 2024 में ने हर्ष वैभव ने 98.6% सर्वाधिक 98.2% अंक लाकर जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वर्तमान वर्ष एंजल्स हाई स्कूल के शौर्य शाहा व श्रेष्ट अरुण (संयुक्त रूप से) ने 97.8% अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। 10 वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एंजल्स हाई स्कूल के टॉपर बने शौर्य शाहा व श्रेष्ट अरुण (संयुक्त रूप से) 97.8% अंक हासिल किया वहीं विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में द्वितीय स्थान साध्वी आनंद (97 .6%), तृतीय स्थान आलिशा बिन अरशद व सत्यम शौर्य (97.2%), चतुर्थ स्थान प्रखर राज (97%), पंचम स्थान सिद्धि सौम्या (96.8%) प्राप्त कर किया। स्कूल का औसत प्रतिशत 81.56% रहा।

### चरही में मंडा पूजा धूमधाम से हुआ संपन्न

चरही।चरही में इस वर्ष भी सात दिवसीय आस्था का महापर्व शिव-पार्वती मंडा पूजा विधि विधान और धुमधाम के साथ संपन्न हो गया। शिव भक्तों ने सात दिनों तक लोटन सेवा करते रहे। सोमवार पूर्णिमा के दिन निर्जला उपवास रख शिव-पार्वती की पूजा अर्चना किया। इस पूजा का शुरूआत पटभंगी पूजा से किया गया है। पूजा कमिटी के द्वारा मेला और दर्शकों के लिये छऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया।इसे देखने के लिये दूर-दराज के गावं से आये लोगों ने रात-भर मेले और नृत्य का आनंद लेते रहे।मंगलवार अहले सुबह शिव भक्तों ने दहकते आग के अंगारों पर नंगे पांव चले।इस कार्यक्रम को संपन्न होने के बाद पुनः शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर शिव भक्तों ने अपने-अपने पीठ पर लोहे के बने मोटे-मोटे और नुकिले कील को पीठ पर चुभोकर रस्सी के सहारे 50 फिट के बने बनस झूला को झुलकर इस पूजा को संपन्न कर पारण किया।मंडा पूजा को सफल बनाने में लाल सिंह,बासुदेव करमाली,उमेश कुमार सिंह,अजीत सिंह,भुनेश्वर ठाकुर,रमेश करमाली,मुरारी सिंह,सत्येन्द्र नारायण सिंह,गोविंद भोगता,मेघनाथ करमाली व अन्य लोग लगे हुए थे।

### श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव मना

**हजारीबाग।** गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया।इस अवसर पर सभी सदस्य द्वारा मौन- प्रभातफेरी निकाली गई। नगर भ्रमण के पश्चात स्थानीय बुढ़वा महादेव मंदिर में सदस्यों द्वारा बीस मिनट का ध्यान किया गया एवं पहलगाम हमले में दिवंगत हुए लोगों के लिए एवं शहीदों की आत्मा की शांति हेतु तथा उनके परिजनों को ईश्वर शक्ति प्रदान करें इस भाव से प्रार्थना की गई। हर साल की तरह भव्य सत्संग न करके शहर के अलग-अलग स्थानों पर सीमित एवं सादगीपूर्ण तरीके से सत्संग हुए।जो इस देश के सैनिकों को समर्पित रहा।

### बरही में तीन दिवसीय योग शिविर संपन्न


**बरही।** बरही दुर्गा मंदिर रसोई धमना, बरही में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पतंजलि के केंद्रीय प्रभारी स्वामी कौशलदेव, स्वामी विश्वदेव, कोडरमा जिला योग क्रांतिकारी बहन सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, योग चरथी इंद्रदेव शामिल हुए। इस दौरान श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल पहुंचे जहां भारतीय शिक्षा मंडल और योग के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही विद्यालय परिसर में स्वामी जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद वे रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही पहुंचे जहां सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिसके बाद उन्होंने विद्यार्थियों से योग, आयुर्वेद, शिक्षा और संस्कृति पर बात की।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बाल संसद गठित



**बरही।** मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरही डीह में गुप्त मतदान के माध्यम से बाल संसद का गठन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, सचिव रविन्द्र कुमार अग्रवाल एवं शिक्षकों की देखरेख में किया गया। गुप्त मतदान से प्रिंस कुमार को अध्यक्ष, प्रिंसी कुमारी को उपाध्यक्ष, परी गोस्वामी को प्रधानमंत्री, अनिकेत कुमार को उप प्रधानमंत्री, मारिया कुमारी को शिक्षा मंत्री, आदर्श कुमार केसरी को उप शिक्षा मंत्री, जानवी कुमारी को उपाध्यक्ष, चंदन कुमार को उप खेल मंत्री, रिश्ता कुमारी को उप स्वास्थ्य मंत्री, सुशांत कुमार को उप रक्षा मंत्री, पायल कुमारी को उप रक्षा मंत्री, आर्यन कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, लक्ष्मी कुमारी को उप पोषण मंत्री, आयुष कुमार को उप वर्तमान मंत्री, नियति कुमारी को उप वर्तमान मंत्री, राधे कुमार को उप कौशल विकास मंत्री, अनीशा कुमारी को उप कौशल मंत्री, सोनू कुमार को उप पर्यावरण मंत्री, पलक कुमारी को उप पर्यावरण मंत्री, आर्यन कुमार ठाकुर को स्वच्छता मंत्री, आंचल कुमारी को उप स्वच्छता मंत्री, अंकित कुमार को उप सूचना मंत्री, सृष्टि कुमारी को उप सूचना मंत्री, हिमांशु पांडेय को छात्रवृत्ति मंत्री, श्रुति कुमारी को उप छात्रवृत्ति मंत्री, अंशु कुमार को उप छात्रवृत्ति मंत्री चुना गया।

### मनोज यादव ने दनुआ घाटी का किया निरीक्षण



**चौपारण।** चौपारण से दनुआ घाटी तक जीटी रोड पर हो रही लगातार दुर्घटनाओं और निर्माण कार्य में गंभीर खामियों को लेकर चौपारण विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एनएचएआई परियोजना निदेशक मनोज पांडे तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। चौपारण बाजार में बन रहे ड्रेनेज सिस्टम को लेकर स्थानीय लोगों ने असंतोष जताया। एचपी गैस एजेंसी के समीप पानी निकासी स्थल संकीर्ण होने पर विधायक ने नाराजगी जताई और सीमेंटेड ढक्कन वाली पक्की नाली बनाने की मांग रखी। परियोजना निदेशक ने जानकारी दी कि बाजार क्षेत्र में दो क्रॉस कल्वर्ट बनाए जाएंगे—एक गांधी स्मारक के पास और दूसरा एचपी गैस एजेंसी के समीप। निरीक्षण दल ने दनुआ घाटी में पहुंचे और दुर्घटना के कारणों पर चर्चा की। फिलहाल मीडियन की चौड़ाई 3.30 मीटर है, जिसे घटाकर सड़क चौड़ी की जाएगी।हालांकि, सिक्स लेन प्रोजेक्ट में सबसे बड़ी बाधा वन विभाग की एनओसी न मिलने को बताया गया, क्योंकि क्षेत्र वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में आता है। पीडी ने इस दिशा में राज्य स्तर पर हस्तक्षेप की मांग की। स्थानीय लोगों द्वारा उठाए गए मंदिर मुआवजा भुगतान जैसे मुद्दों पर भी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख थेःराजदेव यादव, विनोद सिंह, राजेंद्र चंद्रवंशी, बीरेंद्र रजक, रामस्वरूप पासवान, रिशु बरनवाल, अशोक केसरी, दिलीप राणा सहित कई लोग शामिल थे।

### एसपी ने मासिक अपराध गोष्ठी में थाना प्रभारियों को दिये निर्देश, कहा

# अवैध रूप से खनिज पदार्थों का भंडारण, परिवहन और उत्खनन के खिलाफ सख्त करें कार्रवाई

- विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग (मासिक अपराध गोष्ठी) का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने विगत दो माह में थाना प्रभारियों द्वारा विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और कांडों के निष्पादन को लेकर किये गए कार्यों की समीक्षा थानावार करते हुए लम्बित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। वहीं अप्रैल माह में थानावार दर्ज किए गए विभिन्न कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित कर अंतिम प्रपत्र समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में किसी भी हाले में अवैध रूप से कोयला, बालू, पत्थर आदि खनिज पदार्थों का भंडारण, परिवहन और उत्खनन न हो, इसके लिए नियमित रूप से अभियान चलाते रहें, गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। वहीं एसपी ने थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने, थाना क्षेत्र के उपद्रवियों, असामाजिक तत्वों और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने, वाहन चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने, बैंक, एटीएम, ज्वेलरी शॉप जैसे स्थानों के आसपास मुस्तैदी से गश्ती करने, थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर लम्बित वारंट, कुर्की जब्ती के मामलों का निष्पादन करने, जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आये शिकायतों को जल्द से जल्द निष्पादित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर एसपी श्री सिंह के अलावे एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी रतिभान सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, थाना प्रभारी अरविंद कुमार, विनय कुमार, ओमप्रकाश, पुलिस निरीक्षक सुजित कुमार, शशि भूषण कुमार आदि मौजूद थे।

## सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का जीत रंजन बना विद्यालय टॉपर



**कोडरमा।** सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं का परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। परीक्षा में कुल 99 भैया-बहन सम्मिलित हुए थे। जिसमें 3 भैया-बहनों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और प्रथम श्रेणी 62 भैया-बहनों ने प्राप्त किया। जिसमें जीत रंजन ने 94.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर रहा, जबकी अमर यादव 94.2, इरा साहा 90.6, कृष कुमार ने 89.4, अदिति कुमारी 89.2, रूपम कुमारी 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष नारायण सिंह, उपाध्यक्ष नन्द राय, अरविन्द चौधरी, अनुराग सिंह, सुषमा सुमन, नवल कुमार, समिति सदस्य मंशी यादव, कुंज बिहारी त्रिवेदी, बीएनशर्मा, प्राचार्य आनंद मोहन, आचार्य प्रदीप कुमार, मनोज कुमार सिंह, रामानुज पांडे, विजय मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, सुनील कुमार, चन्द्रशेखर कुमार, विरेंद्र प्रसाद, संजय महतो, प्रणव प्रभास, उमाशंकर कुमार, किशोर प्रसाद यादव, अशोक कुमार, जितेश महतो, दीपक विश्वकर्मा, धीरज पांडे, रिमझिम कुमारी आदि ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## सीब्रीएसई.बारहवीं की परीक्षा में जीएस.पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम




**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस.पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सीब्रीएसई. बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने उत्कृष्ट अंकों के साथ बाजी मारी। बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को अपना श्रेय दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों को मिठाई खिला कर ढेरों बधाई दी। वहीं विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बारहवीं के छात्र-छात्राओं में अदिति मोदी 74 प्रतिशत, जिया कुमारी 72 प्रतिशत, अरुण कुमार 71 प्रतिशत, अनमोल सिंह 67 प्रतिशत, स्वेता सुमन 67 प्रतिशत, मंजीत कुमार 66 प्रतिशत, स्वीटी शर्मा 66 प्रतिशत, सौरभ कुमार, रियांश राज, अनुप्रिया, प्रियांशु प्रिया व प्रेम कुमार ने प्राप्त किया। वहीं बच्चों को उत्तीर्ण होने पर उपनिदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन, सीसीए. कोऑर्डिनेटर मो. इल्यास अंसारी व आईटी इंचार्ज राघव सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दीं।

## सीबीएसई 12वीं व 10वीं में मंजुला शर्मा मेमोरियल स्कूल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



**डोमचांच (कोडरमा)।** सीबीएसई 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड ने घोषित कर दिया। जिसमें डोमचांच ढाब रोड स्थित मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय के विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पर रिया कुमारी 91.5 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान पर श्रेया कुमारी 90 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर प्रिया राणा 89 प्रतिशत प्राप्त की। इसके अलावा अन्य सभी विद्यार्थी शत प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण रहे। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई 10वीं का परिणाम भी मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किया गया। जिसमें भी मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी के बच्चों ने शत-प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रौशन किया। जिसमें रॉनित कुमार पांडेय 93 प्रतिशत, आकाश कुमार 93 प्रतिशत, सौरभ कुमार 86 प्रतिशत, खुसबू कुमारी 85 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल किया। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक रजनीश शर्मा, शिक्षाविद रामप्रवेश पांडेय, प्राचार्य शिव कुमार साव आदि शिक्षक व कर्मचारियों ने बच्चों को उज्वल भविष्य की कामना की।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में बनाया नया कीर्तिमान

- अनन्या सिंह (आर्ट्स) व अनिशा राज (साइंस) बनीं विद्यालय टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ ने सत्र 2024-25 की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नया रिकॉर्ड बनाया है। विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह ने कला संकाय (आर्ट्स) में 97 प्रतिशत अंक' हासिल कर संस्थान की टॉपर बनकर इतिहास रचा है, जबकि अनिशा राज ने विज्ञान संकाय (साइंस) में 93 प्रतिशत अंक' प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।




**विद्यालय का उत्कृष्ट प्रदर्शन :** इस वर्ष विद्यालय से कुल 134 छात्र-छात्राओं ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 91 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, जबकि शेष सभी ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। विद्यालय ने विज्ञान, वाणिज्य और कला तीनों संकायों में बेहतरीन परिणाम दर्ज किए हैं।

वहीं प्राचार्य पुनीत यादव ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि संघर्ष और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित कर दिया है कि लगन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वहीं उन्होंने विशेष रूप से अनन्या सिंह और अनिशा राज की उपलब्धि को सराहा तथा सभी सफल छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने बधाई दी। वहीं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव सहित कई अन्य नेतों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत रही। वहीं उप प्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रविन्द्र कुमार रवि, प्रशासक दीपक कुमार, कोऑर्डिनेटर महेंद्र कुमार राणा, गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह, मुकेश राणा सहित सभी शिक्षकों के प्रयासों को विशेष रूप से सराहा गया। वहीं विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल से बारहवीं विज्ञान संकाय में मान्यता राज, वाणिज्य संकाय में हर्षित एवं दसवीं में प्रखर सिंह बने विद्यालय टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर से सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणामों में शानदार सफलता हासिल कर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। वाणिज्य संकाय के छात्र हर्षित गुप्ता 93.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। वहीं वाणिज्य संकाय में विद्यालय से कुल 17 छात्रों ने इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमे 80 से 89 प्रतिशत 4 छात्र, 70 से 79 प्रतिशत 7 छात्र एवं 60 से 69 प्रतिशत 5 छात्रों ने हासिल किया।

वहीं विज्ञान संकाय में छात्रा मान्यता राज ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का



गौरव हासिल किया। वहीं संस्कार जैन को 94. 8 प्रतिशत, नमन अग्रवाल, कार्तिक जैन को 92.8 प्रतिशत, सौरव गुप्ता को 92 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। वहीं विज्ञान संकाय में 29 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 28 छात्र इस परीक्षा में सफल रहे, जिसमे 90 प्रतिशत से ऊपर 5 छात्र, 80 से 89 प्रतिशत 4 छात्र, 70 से 79 प्रतिशत 12 छात्र, 60 से 69 प्रतिशत 6 छात्र, 50 से 59 प्रतिशत 2 छात्रों ने अंक प्राप्त किया।


**दसवीं के परीक्षा परिणाम में प्रखर सिंह 97.6 प्रतिशत अंक लाकर बने विद्यालय टॉपर :** वहीं दसवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के छात्र प्रखर सिंह 97. 6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बने। वहीं विद्यालय के छात्र कनिष्क छाबड़ा 96. 8 प्रतिशत, अंशुमन कुमार 95.6 प्रतिशत, शौर्य प्रभाकर 93. 4 प्रतिशत, अनन्या शौर्य, मेघा चौधरी 93.2 प्रतिशत, अदिति शर्मा 91.2 प्रतिशत, जया मिश्रा 90.8 प्रतिशत, अमित यादव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस परीक्षा में विद्यालय के 96 छात्र इस परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमे 90 प्रतिशत से ऊपर 9 छात्र, 80 से 89 प्रतिशत 33 छात्र, 70 से 79 प्रतिशत 20 छात्र, 60 से 69 प्रतिशत 20 छात्र, 50 से 59 प्रतिशत 14 छात्रों ने अंक प्राप्त किये। वहीं छात्रों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा एवं प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है और यह छात्रों तथा शिक्षकों के अथक प्रयासों और समर्पण का परिणाम है।

## सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों की रही शानदार उपलब्धि

- विद्यालय के 10 विद्यार्थियों ने प्राप्त किया 90 प्लस अंक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सीबीएसई बोर्ड के द्वारा दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस परीक्षा में विद्यालय के 10 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, प्राचार्य प्रमोद शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार से मिली जानकारी के अनुसार अनिंदिता को 95 प्रतिशत, सृष्टि मिश्रा को 94 प्रतिशत, उज्जवल कुमार शर्मा को 92. 8 प्रतिशत, अनुकल्प कुमार को 92. 4 प्रतिशत आर्ची कुमारी को 92 प्रतिशत, समय कुमारी को 91 प्रतिशत, आदित्य राज को 90. 6 प्रतिशत, राजा बाबू गौतम को 90. 4 प्रतिशत, शिवम कुमार को 90. 2 प्रतिशत और निखिल राज शर्मा को 90 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि यह परीक्षा परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का सहयोग और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।




वहीं निदेशक प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, प्रमोद शर्मा, प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, शंकर कुमार, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, भोला कुमार, सुनील पाठक, पवन ठाकुर, संजय तिवारी, रणजीत सिंह, विक्रम कुमार और टिंकू कुमार ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी ओर सीबीएसई बोर्ड के द्वारा जारी 12वीं के परीक्षा परिणाम में सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों की शानदार उपलब्धि रही है। वहीं निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रेष्ठ कुमार को 92 प्रतिशत, अंशिका सिंह को 88. 2 प्रतिशत और समृद्धि जायसवाल को 88 प्रतिशत अंक हासिल हुए हैं। जबकि साकेत कुमार को 87. 8 और आदर्श नितेश चंद्र को 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है।

## विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल के मुस्कान सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 94 प्रतिशत और निकिता बारहवीं बोर्ड में 91 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल चाराडीह के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया। कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 32 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें तीन विद्यार्थियों का एक एक विषय में कंपार्ट लगा है, बाकी सभी अच्छे अंकों व प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास किया। वहीं निकिता कुमारी ने सर्वाधिक 91 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी। वहीं कोमल गुप्ता 88 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की। और दीपप्रीत कौर ने 86 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। बाकी अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास किया।

दशवी बोर्ड परीक्षा में मुस्कान सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी

इधर दशवी बोर्ड परीक्षा में कुल 41 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुआ था। जिसमें सभी बच्चों ने परीक्षा पास किया। इस प्रकार दसवीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। दसवीं में मुस्कान शर्मा सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वहीं अकाक्षी आस्था ने 87 प्रतिशत लाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त की व चांदनी कुमारी ने 84 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। बाकी के सभी छात्र छात्राएं लगभग प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास किया।




वहीं विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि यदि बच्चे अपने अंदर पढ़कर कुछ बेहतर करने की ठान ले तो वे कोई भी परीक्षा में बैठे सफल जरूर होता है। वहीं उन्होंने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दिया। वहीं प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर शिक्षा व रिजल्ट के लिए शिक्षक अपने आप को कक्षा में समर्पित कर देते है। यदि बच्चे भी समर्पण भाव से मेहनत करे तो वे अवश्य सफल होंगे। इस सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार हर्ष व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## खबर एक नजर में

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य कलश यात्रा, सांसद व जिप उपाध्यक्ष रहे शामिल



**चतरा।** मयुरहंड प्रखंड के मझगावां गांव में नव निर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक उल्लास से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह और जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने भाग लिया। आयोजन समिति द्वारा दोनों अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यज्ञ का शुभारंभ भी हुआ, जो कुल नौ दिनों तक चलेगा। अंतिम दिन भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। इस मौके पर टुन्नी सिंह, पूर्व विधायक योगेन्द्र बैठा, विनय सिंह, मझगावां के मुखिया मंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### श्री श्री रविशंकर जी के 69वें जन्मोत्सव पर साधना व श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**चतरा।** दि आर्ट ऑफ लिविंग, चतरा परिवार द्वारा श्री श्री रविशंकर जी का 69वां जन्मोत्सव सेवा व साधना के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छठ तालाब की सफाई व सामूहिक सुदर्शन क्रिया से हुई, जिसमें दर्जनों साधक शामिल हुए। थैलीसेमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस ब्लड बैंक में किया गया। जिसका उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष श्री बिरजू तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान है जीवनदान, एक जगे देश की यह है पहचान। शिविर में 13 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। दोपहर में गंदौरी मंदिर परिसर में आम राहगीरों को शरबत वितरण कर सेवा भाव को बढ़ावा दिया गया। शाम को गुरुपूजा, ध्यान व सत्संग कार्यक्रम में 50 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष सैलानियों व देश की रक्षा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विशेष मौन-ध्यान व शांति प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और शांति पाठ से हुआ। सभी कार्यक्रमों में विकास स्नेही, प्रिया रंजन, माधवी गुप्ता, दीपक कुमार व चंद्रशेखर गुप्ता सहित आर्ट ऑफ लिविंग के अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में आम लोगों की समस्याएं सुनी व समाधान का दिया आश्वासन

**चतरा।** समाहरणालय में मंगलवार को उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार का आयोजन किया, जहां उन्होंने आम लोगों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। जनता दरबार में जमीन विवाद, पेयजल की समस्या, कल्याण योजनाओं, राशन कार्ड, अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन और मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से जुड़े कई मामले सामने आए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को ध्यान से देखा और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि हर सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनता दरबार का आयोजन होता है, जिसमें आम लोग अपनी समस्याएं सीधे उपायुक्त के सामने रख सकते हैं।

### संघरी घाटी में भीषण सड़क हादसा, खाई में गिरा टेलर, चालक और उपचालक की मौत

**चतरा।** चतरा-डोभी मुख्य मार्ग पर संघरी घाटी में मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक टेलर गहरी खाई में गिर गया, जिससे चालक और उपचालक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेलर नंबर ओडी 14 जेड 8037 चतरा से हंटरगंज की ओर जा रहा था। घाटी में स्थित तीखे मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टेलर अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसा इतना भयावह था कि टेलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और दोनों शव उसमें ही फंसे रह गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को वाहन से बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टेलर की रफ्तार तेज थी। जिसके कारण मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### रूद्र चंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज

**सिमरिया।** प्रखंड के आरसेल कुट्टी रंगेनिया गांव में स्थित प्राचीन प्रतिमा श्री गणेश देवता के नव निर्मित मंदिर में शिव परिवार, मां दुर्गा और पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सात दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गयी है। बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञ को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा गया है तथा उसे रौशनी से जगमगाया जा रहा है। यज्ञ मंडप का निर्माण किया गया है। कथामंच और पंडाल को सजाया गया है। साधु संतों और पुरोहितों के रहने के लिए बांस की कुटिया का निर्माण किया गया है। यज्ञ के प्रचार प्रसार के लिए चौक-चौराहों पर होर्डिंग व गेट लगाया गया है। यज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि रूद्र चंडी महायज्ञ 14 मई से शुरू होगा जो 20 मई को हवन पूजन व विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। महायज्ञ में देश के प्रसिद्ध विद्वान कथा वाचन के लिए आ रहे हैं। वहीं सांध्यकालीन में भजन कीर्तन, प्रवचन और रात्रि में कृष्णलीला और राम लीला का आयोजन किया गया है। यज्ञ में लगातार भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को यज्ञ में शामिल होने और विभिन्न आयोजनों का लाभ उठाने की अपील है। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लोग जुटे हुए हैं।

### तेज रफ्तार हइवा ने बाइक को मारी टक्कर, युवक गंभीर रुप से घायल, रेफर

**हंटरगंज/चतरा।** एक बार फिर हाइवा का रफ्तार सातवें आसमान पर देखने को मिला। चतरा जिला प्रशासन के सख्ती के बाद भी तेज रफ्तार का कहर नहीं थम रहा है। ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के जावादोहार गांव के पास मंगलवार को एक तेज रफ्तार हइवा ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हाइवा चालक हाइवा लेकर भागने में सफल रहा। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहा चिकित्सकं ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति खराब देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल युवक की पहचान थाना क्षेत्र के सरहचिया गांव निवासी दुल्हन भारती के 25 वर्षीय पुत्र महेन्द्र भारती के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार युवक अपने रिश्तेदार बलनिया गांव से अपने बाइक पर सवार होकर घर वापस सरहचिया लौट रहा था इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में लिया था। चिकित्सकों के अनुसार युवक की स्थिति चिंताजनक है। इधर घटना के बाद पुलिस हइवा की पहचान में जुट गई है हाइवा की तलाश जारी है।

### कुएं में डूबने से बारात आये युवक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह पंचायत के पहरीडीह में बारात आये एक युवक के कुंआ में डूबने से मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 29 वर्षीय उज्जवल कुमार उर्फ गोपी तिलैया निवासी के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक बारात स्थल से कुछ दूरी पर एक कुंआ पर बैठकर शराब पी रहा था, इसी दौरान नशे में कुंआ में डूबने की आशंका जताई गई है। कुएं के बगल में ही शराब की बोतल मिली है। वहीं घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जिसके बाद थाना प्रभारी ओम प्रकाश घटनास्थल पर पहुंचकर शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### बुजूर्ग को जंगली हाथी ने कुचला, मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सरमाटांड स्टेशन के समीप सोमवार की देर रात जंगली हाथी के हमले में सतडीहा निवासी 60 वर्षीय वासुदेव यादव की मौत हो गई। बताते चलें कि वे बेटे और भाई के साथ पडियाडीह गांव में आयोजित एक बहू भोज में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। रात लगभग 12 बजे उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद तीनों ने फुट ओवर ब्रिज से पैदल सफर शुरू किया। इसी दौरान झाड़ियों से निकल कर एक जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया। इसी दौरान बेटे और भाई तो किसी तरह से अपनी जान बचाकर भाग निकले मगर वासुदेव यादव नहीं भाग सके। वहीं हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर पटक दिया और कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### रेल की चपेट में आने से युवक की मौत

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना अंतर्गत कोडरमा-मधुपुर रेलखंड स्थित रायडीह मोड़ के चौनपुर पुल के समीप रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पुरनाडीह पंचायत के चौनपुर निवासी 45 वर्षीय मदन दास पिता रामचंद्र दास के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक कान में हेडफोन लगाकर चल रहा था, तभी रेल उसी पटरी पर आ रही थी, जिसकी आवाज उक्त व्यक्ति के कानों तक नही पहुंची औरा युवक रेल की चपेट में आ गया, जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### सीबीएसई 10वीं का परीक्षा में पायनियर क्लास कोचिंग का प्रखर बना जिले का तीसरा टॉपर


PRAKHAR SINGH

**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं कक्षा की परीक्षा में झुमरीतिलैया स्थित पायनियर कोचिंग क्लासेज का प्रखर 97.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। बताते चलें कि पायनियर क्लासेज पिछले 5 वर्षों से हर वर्ष जिले में सीबीएसई के दसवीं का टॉपर देते आ रहा है। इस बार भी पायनियर ने न केवल तीसरा टॉपर बल्कि इस कोचिंग में पढ़ने वाले लगभग एक दर्जन विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाए हैं। जिसमें जिले के अलग-अलग विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इधर कोचिंग की इस उपलब्धि पर पायनियर के संचालक सह निदेशक कुंदन कुमार ने बताया कि यह न केवल पायनियर के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए हर्ष की बात है। उन्होंने प्रखर सहित सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीबीएसई 12वीं के विज्ञान में माही सिन्हा, कला में अंजली और वाणिज्य में डॉली व प्रणव बने जिला टॉपर

## डीएवी के बच्चों ने विज्ञान, वाणिज्य व कला तीनों संकायों में लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सीबीएसइ 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिला एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने एवं डीएवी एलएमसी के वाइस चेयरमेन विनय कुमार लाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के बच्चों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करके यह दिखाया है कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। विद्यालय के 12वीं विज्ञान की परीक्षा में कुल 127 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। जिसमें 122 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें माही सिन्हा ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय के साथ जिला टॉपर रही। वहीं क्षितिज राज 93% अंक के साथ दूसरे, अनन्या सोनी 91.6% तीसरे, सक्षम गुप्ता 91.6% चर्तुथ, आदित्य कुमार 91.4% पांचवा, सिया कुमारी 90% छठा स्थान पर रही। अंजली कुमारी 98.6 प्रतिशत अंक लाकर कला संकाय में जिला टॉपर रही। डीएवी स्कूल से बारहवीं कला की परीक्षा में 38 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 38 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें अंजली कुमारी ने 98.6% अंक लाकर जिला टॉपर के साथ विद्यालय टॉपर रही। वहीं आशीष कुमार गुप्ता 96.4% अंक के साथ दूसरे, आकृति 96% अंक के साथ तीसरे, मिनीषा काकुल ने 95.6 अंक के साथ चर्तुथ, वर्षा कुमारी ने 93% अंक के साथ पांचवा, मोक्षिता गुप्ता 92.8% अंक के साथ छठा, आदित्या कुमार साहू ने 92% अंक के साथ सातवें स्थान पर रहा।








उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

### डॉली कुमारी व प्रणव राज गुप्ता वाणिज्य संकाय में टॉपर बने

डीएवी स्कूल से बारहवीं वाणिज्य संकाय की परीक्षा में कुल 48 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 47 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें डॉली कुमारी व प्रणव राज गुप्ता 96% अंक लाकर जिला व विद्यालय टॉपर बने। वहीं सिम्मी कुमारी ने 94.2.% , शुभेंदु कुमार ने 93.8 %अंक , ज्योति अग्रवाल ने 92.8%,रिया दास गुप्ता ने 92% एवं राशि जायसवाल 90.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन














### विज्ञान संकाय में आर्य शाह 89 .8% अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय टॉपर

**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में कक्षा द्वादश बोर्ड के विज्ञान तथा वाणिज्य की परीक्षा में सभी भैया बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहन आर्य शाह 89.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रही। वही अभय कुमार 84.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि 83.6% अंक प्राप्त कर आराधना कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वाणिज्य संकाय में आर्यन मिश्रा 67.2 % अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान पर रहे। स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम किशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, सह सचिव त्रिभुवन शर्मा, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल तथा प्रमोद कुमार साबू , कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने भैया बहनों की सफलता पर खुशी व्यक्त की तथा कहा यह आचार्यों अभिभावको ,भैया बहनों के संयुक्त कठिन परिश्रम का परिणाम है कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सभी सफल भैया बहनों को उनके सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।




## 10वीं में डीएवी का नील मिश्रा 97.8% अंक के साथ रहा विद्यालय टॉपर








गुमला। सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का परचम लहराया है। 10वीं की परीक्षा में 217 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें 180 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जबकि 28 विद्यार्थियों ने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया। वहीं 53 विद्यार्थियों ने 80-90 के बीच अंक प्राप्त किया। जिसमें विद्यालय के साकेत कुमार 98.4% अंक के साथ विद्यालय टॉपर रही। वहीं नील मिश्रा 97.8%, अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जबकि अक्षय वंश प्रसाद 97% व जानवी लाल 97% अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आर्यन राज 96.8% व किशन शांडिल्य 96.8% अंक के साथ चर्तुथ, आयुष राज 96.2% व नीतीश जायसवाल 96.2% अंक के साथ पांचवें, अयान मेहता 95.8% अंक के साथ छठवें, शिवम मेहता 95.6% सातवां, अदिति 95.4% व प्रत्युष कुमार सिंह 95.4% अंक के साथ आठवां, आयुष गुप्ता 94.8% व आयुष कुमार गुप्ता 94.8% अंक के साथ नवें, तन्वी कुमारी 94.2 अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे। वहीं वाणी कुमारी 93.6%, अंशुमन राज 93.4%,सूरज गुप्ता 93.4%, शौर्य कुमार 93.2%, तृषा मालानी 92.8%, अनुराग 92.6%, वैष्णवी गुप्ता 92.6%, उत्सव मोहित 92.4%, नमन सोनी 92.2%, शाकंभरी शर्मा 92%,सृष्टि रानी कच्छप 91.8%, शुभ 91.6%, आर्या गुप्ता 91.4%, अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम बढ़ाया।

## नोट्रेडेम स्कूल की साक्षी प्रिया 92.4 % अंक लाकर विज्ञान संकाय में टॉपर रही

**गुमला।** सीबीएसई बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। नोट्रेडेम स्कूल गुमला के बच्चों ने विज्ञान संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय की साक्षी प्रिया विज्ञान संकाय में 92.4 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रही। वहीं जिले में तीसरे स्थान पर रही। जबकि विद्यालय की अनुज्ञाता कुजूर 89 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे, सुभानी कुमारी गुप्ता 87.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे, सादया 86.2 प्रतिशत अंक के साथ चौथे, शुभम कुमार साहु 84.2 प्रतिशत अंक के साथ पांचवें, जिया वारसी 82.6 प्रतिशत अंक के साथ छठवें, कोनिका सिन्हा 79.6 प्रतिशत अंक के साथ सातवें , जोन सिलास मुर्मू 79.2 प्रतिशत अंक के साथ आठवें, आदित्य जोनसन बिलुंग 79 प्रतिशत अंक के साथ नवें व मयंक वर्मा 77.6 % अंक के साथ दसवें स्थान पर रहे। सिस्टर प्रफुल्ला ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



## स्पीड न्यूज

### बज्मे रब्बानी ट्रस्ट ने डीसी से सदर अस्पताल में जन औषधी केंद्र खोलने की मांग की



गुमला। बज्मे रब्बानी ट्रस्ट के सदस्यों ने मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को ज्ञापन सौंपकर सदर अस्पताल गुमला में जन औषधी केंद्र प्रारंभ करने एवं रात्रिकालीन दवा दुकान तथा पेट्रोल पंप की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की। उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। यह जानकारी कमेटी के प्रवक्ता मोहम्मद गुलाम साबिर रब्बानी ने दी। बज्मे रब्बानी कमेटी के सदस्यों ने कहा कि सदर अस्पताल के मरीजों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के लिए जनऔषधी केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई थी लेकिन अब तक केंद्र स्थापित नहीं किया गया। जन औषधी केंद्र नहीं होने से गरीब व लाचार लोग महंगे दामों में दवा खरीदने को विवश हैं। ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि गुमला शहर में रात 9 बजे के बाद दवा दुकानें बंद हो जाती है। आकस्मिक स्थिति में लोगों को दवा नहीं मिल पाता है। जिसे मरीज के परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल व बाहर में दवा हमेशा उपलब्ध कराने की मांग की गई। वहीं रात में आकस्मिक स्थिति में पेट्रोल जिले वासियों को नहीं मिल पाता है। अधिकांश पेट्रोल पंप शहर के रात 9 बजे तक बंद हो जाते हैं। डीसी से रात में भी पेट्रोल पंप संचालित करने की मांग की गई। इस अवसर पर सदर फिरोज अली रब्बानी (पप्पू), सेक्रेट्री आमिर खान रब्बानी, तहसीन रब्बानी, शाहजहां रब्बानी, खुर्शीद रब्बानी, गुलाब रब्बानी, सादिक रब्बानी, सैफ रब्बानी, अखलख रब्बानी, बबलू रब्बानी, मुर्शीद रब्बानी, रिंकू रब्बानी मौजूद थे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के लुदगो ग्राम निवासी युवक राजबली उरांव ने गांव स्थित गिरजाघर के समीप पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वही ग्रामीणों द्वारा दोपहर में पेड़ पर राजबली का शव लटकता देखा। इसके बाद इसकी जानकारी परिजनों और घाघरा थाना को दी गई। जानकारी के अनुसार युवक 4 दिन पहले ईंट भट्ठा से कमाकर वापस लौटा था। आज घर से दिन के 10 बजे नशे में निकला था और गांव में ही घूम रहा था। आत्महत्या के कारणों का कुछ भी पता नहीं चल सका था। पुलिस मामले कर छानबीन में जुटी हुई है।

### कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मेगा हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन



लोहरदगा। विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मंगलवार को मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें रांची के प्रसिद्ध नस हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ विजय प्रसाद, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ एस के गुप्ता, जनरल फिजिशियन डॉ डी के खेस, डॉ पी पी सिन्हा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अनुभवी कुमार के द्वारा कुल 148 रोगियों का इलाज किया गया। साथ ही निशुल्क 11 रोगियों का एक्स–रे, 2 मरीजों का इ सी जी व 30 मरीजों का पैथोलाजिकल जांच किया गया। अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक एवं वरुण सिंह, सुखमय कुंडू, लक्ष्मी साहू, अरुण राम, जमुना देवी, मुकेश साहू, अनीता केरकेटटा, अंशु, सावित्री तिर्की, प्रीति तिर्की, ललिता देवी, अनीता देवी, दिलेश, सुरेंद्र, सुगेमबर, सुरजमणी व कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

## लोहरदगा जिला मुख्यालय के समीप अवैध रूप से कई पेड़ो की हो गयी कटाई, विभाग मौन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सुदूरवर्ती क्षेत्रों में तो अवैध रूप से पेड़ो की कटाई की खबर आती रहती है। जहां अवैध लकड़ी माफियाओं द्वारा चोरी छुपे इस तरह के कार्य किए जाते है। लेकिन अब शहरी क्षेत्र में खासकर जिला मुख्यालय जहां जिले के सभी वरीय अधिकारी का कार्यालय है अगर वहां पर भी अवैध रूप से पेड़ो की कटाई होने लगे तो ये आश्चर्य की बात है। लोहरदगा जिला मुख्यालय के ठीक सामने स्थित समाहरणालय मैदान के किनारे बने कुछ घरों में रहने वाले लोग मैदान मे स्थित लिपटाश के कई विशाल पेड़ को काट कर ट्रैक्टर द्वारा उसे बेचने का कार्य बिना परमिशन का किया जा रहा है। वही वन विभाग के कर्मियों का कहना है कि उनके द्वारा पेड़ काटने की कोई अनुमति नहीं दे गई है। अगर कोई शिकायत मिलेगी तो करवाई की जाएगी। सवाल उठता है क्या सूचना मिलने पर विभाग द्वारा स्वयं से इसकी जांच नहीं की जा सकती थी। खैर सरकार और सरकारी विभाग के नियम कायदे व्यक्ति विशेष के लिए कब बदल जाए कहा नहीं जा सकता है। मिली जानकारी अनुसार सी खलखो के द्वारा सोमवार की शाम अपने घर के सामने विशालकाय पेड़ कटवाया गया,लेकिन मंगलवार को सुबह देखने पर पता चला के आधा दर्जन से अधिक पेड़ काट दिया गया है। पेड़ काटने की न तो वन बिभाग और न ही अंचल कार्यालय से स्वीकृति ली गई है। जब पेड़ काट रहे लोगो से इसकी जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि वन विभाग को स्वीकृति के लिए पत्र दिया गया है लेकिन जब पत्र की कॉपी मांगी गई तो उन्होंने आनाकानी शुरू कर दिया। और पहुंच पैरवी की बात करने लगे। और बताया कि घर के सामने पेड़ से दिक्कत हो रही थी इसलिए कटवा दिया। वही स्थानीय लोग बता रहे है कि पूर्व में भी वहां के लोगो के द्वारा कई पेड़ काटे गए है। अब सवाल उठता है कि जिला मुख्यालय से महज 100 फिट की दूरी में इस तरह सरेआम पेड़ की कटाई हो रही है तो इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा।



काटा गया पेड़।

### अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन, एसपी शंभू सिंह ने कई आवश्यक निर्देश देते हुए कहा

## जेजेएमपी, पीएलएफआई व झांगुर गुट के खिलाफ सूचना एकत्रित कर करें कार्रवाई

### डायन प्रथा के विरूद्ध प्रत्येक सप्ताह जागरूकता अभियान चलाने पर दिया जोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अपराध गोष्ठी का आयोजन चंदाली स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुआ। अपराध समीक्षा बैठक आरंभ करने के पूर्व सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन पूर्वाह्न 09:00 बजे से 12:00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनेंगे एवं उसका निराकरण करेंगे। बैठक में सड़क सुरक्षा हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्र में तेज गति से वाहन नहीं चलाने, शराब पिकर वाहन नहीं चलाने व हेलमेट लगाकर वाहन चलाने हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं जेल से छुटे अपराधकर्मियों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में चर्चा की गई। एसपी ने कहा कि थाना में आने वाले आम जनों के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें तथा समाधान नहीं होने पर अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें। बालू व चिप्स के अवैध उत्खन्न करने वाले तस्करों व माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का एसपी ने निर्देश दिया। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध बिक्री एवं तस्करी की रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठाने का सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया। डायन प्रथा के विरूद्ध अपने-अपने थाना क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह जागरूकता अभियान चलाने पर बैठक में जोर दिया गया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदन पत्रों का त्वरित निष्पादन करने हेतु एसपी ने निर्देश दिया। मानव तस्करी एवं पलायन की रोकथाम हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में आमजनों के बीच जागरूकता अभियान थाना प्रभारियों को चलाने की बात कही गई। वहीं जेजेएमपी व पीएलएफआई एवं झांगुर गुट जैसे प्रतिबंधित संगठनों के संबंध में अधिक से अधिक सूचनाओं का संकलन कर वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में हत्या, बलात्कार, अपहरण व अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में अविलम्ब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित गति से अनुसंधान करने के संबंध में निर्देश दिया गया। गोष्ठी में लंबित कुर्की, गैर तामिला वारंट व अन्य वारंट एवं न्यायालय द्वारा निर्गत स्थाई वारंट का निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सभी एसडीपीओ, मुख्यालय डीएसपी, सभी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में एसपी शंभू कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी।

## तेलंगाना हादसा में नहीं मिला खम्भिया कुंबाटोली निवासी अनुज साहू का शव

### पुतला बनाकर किया गया अंतिम संस्कार, पिता ने दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** तेलंगाना टनल हादसा के बाद घाघरा प्रखंड के खम्भिया कुंबाटोली निवासी अनुज साहू के नाम का पुतला बनाकर परिजनों ने हिंदू रीति रिवाज और विधि विधान के साथ श्मशान घाट में मंगलवार को अंतिम संस्कार किया। इस बीच परिवार के लोग और पूरा गांव शव यात्रा में शामिल हुआ। बता दें कि तेलांगना राज्य के नागरकुलम में बीते 22 फरवरी को हुए देश का चर्चित टनल हादसा में फंसे मजदूर अनुज साहु के शव का अब तक जीवित व मृत नहीं मिलने पर परिजन अंततः पूरी आस छोड़ दिए। साथ ही हादसे के लगभग 81 दिन बाद अनुज के शव का पुतला बनाकर हिन्दू धार्मिक रीति रिवाज को पूर्ण करते हुए खम्भिया कुंबाटोली स्थित बड़का नदी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया। मुखग्नि पिता रामप्रताप साहू ने दिया। इस दौरान पूरा महौल गमगीन रहा। मां गायत्री देवी का रो रो कर बुरा हाल था।



## डॉक्टर बन गरीबों की सेवा कर पिता के सपनों को पूरा करना चाहती हूं : नीरजा शर्मा



लोहरदगा। सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में लोहरदगा निरीक्षण समिति सदस्य जय प्रकाश शर्मा और रितु शर्मा की पुत्री नीरजा शर्मा ने कुल 95 .8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल, परिवार और समाज का मान बढ़ाया। नीरजा ने बताया कि उसने पूरे साल नियमित पढ़ाई की। हर विषय को गंभीरता से लिया। बगैर किसी ट्यूशन के स्वाध्याय को प्राथमिकता दी। इसी लगन ने उसे यह सफलता दिलाई। नीरजा ने आगे विज्ञान विषय लेकर डॉक्टर बनने की इच्छा जताई है। उसका कहना है कि उनके पिता जय प्रकाश शर्मा का सपना है लोहरदगा में एक बढ़िया चैरिटी हॉस्पिटल खोलना जिसमें गरीबों का मुफ्त और सस्ते में इलाज हो सके। मैं डॉक्टर बन कर उनके सपनों को साकार करना चाहती हूं।

## एमबी डीएवी में होगा स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम : प्राचार्य

### 15 मई से 17 मई तक द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में स्काउट गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 70 छात्र-छात्राएं शामिल होगें। भारत स्काउट और गाइड जिला लोहरदगा के द्वारा 15 मई से द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य जीपी झा के निर्देशानुसार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान भारत स्काउट और गाइड के द्वारा बच्चों को व्हिपिंग, पायोनियरिंग, गांठें, बंधन, क्रॉफ्ट, खेल, गीत संगीत सहित विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के पश्चात बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत बच्चें एक समयावधि के पश्चात आगे का प्रशिक्षण प्राप्त कर पाएंगे। प्रशिक्षण को लेकर छात्र छात्राओं का पेट्रोल यूनिट बना दिया गया है।

15 मई से 17 मई तक द्वितीय सोपान प्रशिक्षण का आयोजन एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में ही किया जाएगा। जिसमें जिले के प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमवी डीएवी निरंतर हर क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए विधार्थियों के सर्वांगीण विकास करने का काम कर रहा है।



जीपी झा।

## जन शिकायत निवारण दिवस में गुमला डीसी ने सुनी लोगों की समस्या

>> नौकरी दिलाने के नाम पर धोखे से कुछ लोगों के द्वारा युवक को पंजाब में बेचा गया, बहन ने डीसी से सकुशल वापसी की लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में डीसी कर्ण सत्यार्थी ने जन शिकायत निवारण दिवस पर जिले के आम नागरिकों की समस्या सुनी और संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन शिकायत निवारण दिवस के दौरान चिरगांव पंचायत की आरती कुमारी जो विगत आठ महीनों से दिल्ली में फंसी हुई थी ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से उनकी सुरक्षित घर वापसी संभव हो सकी। जिसके बाद उनका देखभाल बाल कल्याण समिति द्वारा किया गया। आरती ने अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने की इच्छा जताई। जिसके लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन भी किया गया है। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को समुचित सहयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में सिसई की पूनम कुमारी ने अपने भाई योगेश उरांव को पंजाब से सकुशल गुमला वापस लाने हेतु सहयोग की मांग की। पूनम ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ व्यक्तियों द्वारा धोखे से योगेश को पंजाब भेजा गया था। जहां उसे 50,000 रुपए में बेच दिए जाने की जानकारी मिली। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रम अधीक्षक को पत्र अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा युवक को शीघ्र वापस लाने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत वृंदा की मुखिया सत्यवती देवी ने अपने पंचायत क्षेत्र में सोलर स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता जताते हुए 200 लाइटों की मांग रखी। उन्होंने बताया कि उनका क्षेत्र वनवर्ती और पहाड़ी है। जहां रोशनी की विशेष आवश्यकता है। उपायुक्त ने इस पर आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला योजना पदाधिकारी को निर्देशित किया। कार्यक्रम में अन्य कई नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं रखी। जिनमें अधूरे कुएं के निर्माण, रोजगार, बिजली आपूर्ति में बाधा और पीसीसी पथ की सुरक्षा जैसे विषय शामिल थे। गुमला निवासी मंगरा उरांव ने बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत अधूरे कुएं के कार्य को पूर्ण कराने की मांग की। वहीं करौंदी निवासी मनीष कुमार दास ने विभागीय कार्यालयों में रोजगार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। पुग्गू पंचायत के दाउदनगर ग्रामवासियों ने बिजली के पोलों के अभाव में बिजली आपूर्ति में आ रही बाधा की ओर ध्यान आकर्षित कराया। इस पर डीसी ने विद्युत विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लवागाई चेगरी ग्रामवासियों ने पीसीसी पथ की स्थायित्व के लिए कुछ स्थानों पर गार्डवाल निर्माण की मांग की। जिस पर डीसी ने स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आदेश दिया। जन सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 50 से अधिक नागरिक उपस्थित हुए।



डीसी कर्ण सत्यार्थी के समक्ष अपनी समस्या रखती महिला ।

## सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है : कुणाल अभिषेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य कुणाल अभिषेक ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के उपयोग पर जोर दिया और सड़क पर जिम्मेदारी के साथ चलने के ज्ञान से अवगत रहने की अपील की। कहा कि वाहन चलाते समय सतर्कता, संयम और नियमों का पालन जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का पालन करना हमारी जीवन रक्षा की गारंटी हो सकता है। कुणाल अभिषेक ने कहा कि सड़क सुरक्षा का दायरा केवल यातायात नियमों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जन-जागरूकता, सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिकों के जिम्मेदार व्यवहार से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, मीडिया और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा को एक जन-आंदोलन का रूप दें, जिससे आमजन में नियमों के प्रति स्वाभाविक अनुशासन और जिम्मेदारी विकसित हो। उन्होंने विद्यार्थियों का भी आह्वान किया कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति सजग बनें, अपने परिवार व समुदाय को जागरूक करें और नियमों का पालन स्वयं कर दूसरों के लिए प्रेरणा बनें। उन्होंने कहा सभी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों की बात नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली का हिस्सा बननी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण लापरवाही और नियमों की अनदेखी है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। उदाहरण के लिए, बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करें, और सड़क पर तेज गति से वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय आवश्यक कागजात, जैसे कि ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण पत्र, साथ रखना जरूरी है।



# दसवीं एवं बारहवीं का रिजल्ट हुआ जारी शत प्रतिशत पीएम श्री जेएनवि का रहा रिजल्ट


प्रिंस कुमार दसवीं टॉपर


निखिल कुमार बारहवीं साइंस टॉपर


अभिषेक कुमार रंजन बारहवीं आर्ट्स टॉपर

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बाजकुम के 10वीं एवं12 वीं का रिजल्ट 13 मई को जारी किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के 10वीं में कुल 78 12वीं कुल 76 छात्राओं ने परीक्षा दिया था। जिसमें विज्ञान के 37 एवं आर्ट्स 39 छात्र छात्राओं सभी उत्तीर्ण हुए। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। रिजल्ट बहुत ही अच्छा रहा। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा में 86.6 प्रतिशत अंक लाकर निखिल कुमार ने विद्यालय में टॉप हुए हैं। जबकि 84.6 प्रतिशत अंक लाकर दीपक रजक ने दूसरा, 84.2 प्रतिशत अंक लाकर सोनू यादव तीसरा, 73.8 प्रतिशत अंक लाकर अंकित कुमार ने चौथा और 75 प्रतिशत अंक लाकर रिया कुमारी ने पांचवा स्थान हासिल किया है। आर्ट्स में अभिषेक कुमार राजन 89% अंक लाकर प्रथम स्थान, मुस्कान कुमारी 87.6% अंक लाकर द्वितीय स्थान, रोशनी कुमारी 85.6% अंक लाकर तृतीय स्थान, रितेश कुमार 84.4% अंक लाकर चतुर्थ स्थान एवं खुशी कुमारी 83.6% अंक लाकर पंचम स्थान हासिल किया है। वही दसवीं क्लास के प्रिंस कुमार ने 92.6% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि पंकज कुमार 92.4% अंक लाकर द्वितीय स्थान अनुप भोक्ता 91.6% लाकर तृतीय स्थान कुमारी मीनाक्षी 89.2% लाकर चतुर्थ स्थान शेखर कुमार 86% लाकर पंचम स्थान एवं विमला कुमारी 85.8% लाकर सिस्टम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य श्री सिंह ने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी, साथ ही कहा के बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती है, इसलिए हर हाल में परिश्रम आवश्यक है।

## ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

## शत-प्रतिशत रहा विद्यालय का रिजल्ट, 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर साक्षी बनी प्रखंड टॉपर

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मंगलवार को 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस वर्ष भी ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल वर्ष 35 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की साक्षी कुमारी पिता विनोद अग्रवाल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल लिया। साक्षी में अंग्रेजी में 94, हिंदी में 96, गणित में 99, विज्ञान में 93 एवं सामाजिक विज्ञान में 98 अंक प्राप्त किया वहीं विद्यालय में दूसरा स्थान लक्ष्य सुलभ 94.4 प्रतिशत, तीसरा स्थान साक्षी अग्रवाल पिता उत्तम अग्रवाल 93 प्रतिशत, चौथा स्थान दीपक जॉयस पिता रिजु प्रसन्न किसिंद 92.4 प्रतिशत, जबकि शौर्य कुमार पिता अविनाश कुमार


टॉपर साक्षी को मिठाई खिलाते पिता।

91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण सिंह, डायरेक्टर कादंबरी सिंह, प्रिंसिपल हिमांशु सिंह, शिक्षक शशिकांत मिश्रा, रौशन पाठक, संजय प्रजापति, सुमंत कुमार, संतोष कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों की अच्छी मेहनत व शिक्षकों के संगठित प्रयास से यह मुकाम हासिल हुआ है। सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। साक्षी कुमारी:- मेन रोड स्थित अधिवक्ता विनोद अग्रवाल की पुत्री साक्षी कुमारी जो 96 % अंक लाकर टॉप की है, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत, शिक्षकों और माता-पिता के सहयोग को दिया है। अपने जूनियर के लिए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करने से सफलता अवश्य मिलेगी, सफलता के लिए कठिन परिश्रम जरूरी है। साक्षी आगे चलकर सीए की पढ़ाई कर देश की सेवा करना चाहती हैं।

## चंदवा: ग्रीनफील्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में किया कमाल

## 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृष कुमार बना प्रखंड का सेकेंड टॉपर

➲ विद्यालय के 106 में 72 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए उत्तीर्ण

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** सीबीएसई बोर्ड के द्वारा मंगलवार को 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में इस बार भी ग्रीन फील्ड एकेडम के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। इस बार विद्यालय से कुल 106 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें 102 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें कुल 72 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की है। मृत्युंजय कुमार के पुत्र कृष कुमार ने 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर के साथ प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैं। जबकि विद्यालय में द्वितीय स्थान रिया कुमारी 92.4, तृतीय स्थान खुशी यादव 91.4, चौथा स्थान फिजा जायरा 91 प्रतिशत एवं 90.2 अंक प्राप्त कर पियुष राज ने पांचवा स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता पिता के आशीर्वाद को दिया है। इधर विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम पर


कृष कुमार।


रिया कुमारी।


खुशी यादव।

### आईआईटीयन बनाकर करूंगा देश की सेवा: कृष कुमार

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में विद्यालय टॉपर के साथ प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कृष कुमार भविष्य में आईआईटीयन बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं। कृष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन एवं माता पिता के आशीर्वाद को दिया है। कृष अपने जूनियर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने से सफलता जरूर मिलती है। बता दें कि कृष के पिता दूसरे प्रदेश में प्राइवेट जॉब करते हैं, जबकि माता सोशल वर्कर हैं।

विद्यालय के निदेशक अरविंद सिंह, अनुराधा सिंह, प्रिंसिपल अन्नाकुटी, शिक्षक एलेक्स कण्डुलना, अमर कुमार, उत्तम, रघु, रंजन, रूपेश एवं अन्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफलता पर उन्हें बधाई दी है।

## सीबीएसई बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी निखिल कुमार प्रखंड टॉप


निखिल कुमार


स्वीटी कुमारी

**लातेहार।** सीबीएसई बोर्ड 12 वीं का रिजल्ट 13 मई को जारी किया गया है। जिसमें जिला मुख्यालय के केंद्रीय विद्यालय में इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड 12 वीं में कुल 31 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा दीया था। इनमें विज्ञान के 20 और वाणिज्य कला के 11 छात्र शामिल हैं। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सभी 31 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि 91.4 प्रतिशत अंक ला कर निखिल कुमार ने सिर्फ विद्यालय वरन प्रखंड में टॉप हुए हैं। जबकि 87.20 प्रतिशत अंक लाकर स्वीटी कुमारी ने दूसरा, 83.40 प्रतिशत अंक लाकर अंजली कुमारी तीसरा, 80.40 प्रतिशत अंक लाकर तनु महलका ने चौथा और 76.20 प्रतिशत अंक ला कर नाजिया परवीन ने पांचवा स्थान हासिल किया है। विद्यालय के प्राचार्य श्री सिंह ने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी, साथ ही कहा कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती है, इसलिए हर हाल में परिश्रम आवश्यक है।

## बीएस मेमोरियल टॉप तीन


रंजीत कुमार यादव प्रखंड टॉपर।

**बालूमाथ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की परीक्षा में रंजीत कुमार यादव 92.8% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। वही बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बीएस मेमोरियल हाई स्कूल में प्रथम स्थान पर 92.8 लाकर रंजीत कुमार यादव पिता गोपाल यादव ग्राम राजगुरु थाना बारियातु विद्यालय टॉपर के साथ-साथ प्रखंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। वही दूसरे स्थान पर मुस्कान कुमारी पिता जयप्रकाश प्रसाद बालूमाथ निवासी 89.6%अंक एवं तृतीय स्थान पर विशेष कुमार पिता बीरेंद्र कुमार ग्राम बालूमाथ निवासी- 88.2% अंक प्राप्त किया। वही बालूमाथ ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल में टॉप तीन में प्रथम पीयूष यादव 84.4%, द्वितीय नंदनी कुमारी 84%,तृतीय स्थान पर आंचल कुमारी 76% अंक लाकर रही। वही किड्स ए जूनियर स्कूल में टॉप तीन में प्रथम अंशु प्रिया 88%, स्वाति कुमारी 82.4%, पुष्पा कुमारी 76.2% अंक लाकर रही। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक एवं माता-पिता को दिया है।

## स्कूली छात्र घायल



**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबिया चढ़ान के समीप अनियंत्रित कार दुर्घटना में एक स्कूली छात्र घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बारियातु बीडीओ अमित कुमार पासवान की कार उक्त स्थल से गुजरने के दौरान हिसरी से दामोदर स्कूल जाने को निकले छात्र विक्रम कुमार (पिता महेंद्र लोहरा) को चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गया है। कार के धक्के से स्कूली बच्चे के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण पहुंचे। पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार को मिली सूचना के बाद चंदवा थाना पुलिस मौके पहुंची और अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। इधर घटना के बाद बारियातु बीडीओ ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बच्चे को इलाज के लिए रांची भिजवाया, जहां रांची के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## स्पीड न्यूज

### स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर



**बारियातू।** उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवना मे शिविर लगाकर टीबी स्क्रीनिंग खांसी बुखार, बीपी शुगर सहित अन्य बीमारी की जाँच कर मुफ्त दवा वितरण किया गया। स्वास्थ्य कर्मी बलराम कुमार सीएचओ सैलीना एक्का एएनएम जीवनकृति लकड़ा व उषा कुमारी ने बताया की बारियातु प्रखंड क्षेत्र मे जहाँ-जहाँ पत्थर क्रसर चलता है और धूल उड़ता है वहां टीबी एस्क्रीनिंग खांसी जाँच किया जाना है। नवना मे लगभग 60 लोगों को जाँच किया गया और आवश्यकता अनुसार दवा भी दी गई। लोगों को स्वास्थ्य रहने के लिए जागरूक भी किया गया। 14 मई को पुक्क्रु मे शिविर लगाया जायेगा.उक्त शिविर मे अधिक से अधिक ग्रामीणों को भाग लेने की अपील की है।

### सरहुल पूजा के दौरान दो पक्षों में मारपीट दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कलकलिया ग्राम में सरहुल पूजा के दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में सुनील उरांव 31 वर्ष पिता बहादुर उरांव ,धर्मेंद्र उरांव 29 वर्ष पिता बहादुर उरांव दोनों ग्राम कलकलिया,बालू थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार सरहुल पूजा के अवसर पर लगे मेला में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों पर लाठी से हमला बोल दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को मामूली चोट आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### पुलिस ने एक साल से लापता बुजुर्ग को स्वजनों से मिलाया



**महुआडांड़।** लातेहार महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी के जंगलों में में एक बुजुर्ग को भटकते देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना महुआडांड़ थाना को दी। सूचना मिलने पर महुआडांड़ पुलिस के द्वारा बुजुर्ग को साथ में थाना लाकर इसकी जांच पड़ताल शुरू की। जांच में पता चला कि बुजुर्ग का नाम निरंजन गोराई उम्र 60 वर्ष है। जो ग्राम मिजाडीह, थाना बोड़ाम जिला पूर्वी सिंहभूम के रहने वाले हैं। उनके बेटे हेमंत गोराई एवं विशाल गोराई के द्वारा एक वर्ष पूर्व पिता के गुमशुदगी की रिपोर्ट बोड़ाम थाने में दर्ज कराई गई थी। जानकारी मिलने के बाद बुजुर्ग के स्वजनों को इसकी सूचना दी गई। वही स्वजनों के पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन के द्वारा बुजुर्ग निरंजन गोराई का सम्मान करते हुए शॉल ओढ़ाकर उनके स्वजनों को सौपा। 1 वर्ष बाद अपने स्वजनों से मिलकर बुजुर्ग एवं उनके स्वजन काफी हर्षित दिखे। वही बेटे ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोग करीब 1 वर्ष से अपने पिताजी की खोजबीन कर रहे थे, जो आप लोगों की मदद से मिले है।

## युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल में जुटा प्रशासन, डीसी ने की भागीदारी की अपील

➲ उपायुक्त ने कहा जब हर नागरिक जिम्मेदारी निभाएंगे, तभी लातेहार एक नशामुक्त और सुरक्षित जिला बन पाएगा



खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला नशे के खिलाफ अब सिर्फ प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन के रूप में खड़ा हो रहा है। अफीम और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिला उपायुक्त ने इस मुहिम को जन-जन की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य छीनता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी तोड़ देता है। उन्होंने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती, भंडारण और कारोबार पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस, उत्पाद व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक कई गाँवों में छापेमारी कर संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। वहीं जनजागरूकता के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों व सामुदायिक केंद्रों में अभियान चलाया जा रहा है, जहां युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा रहा है। उपायुक्त ने अभिभावकों, शिक्षकों व समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध जानकारी को तुरंत प्रशासन के साथ साझा करें।

# मनरेगा के तहत मंगरा और केचकी में आम बागवानी की हुई शुरूआत

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखण्ड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल की गई है। सोमवार को मंगरा पंचायत के डोडामी गांव में सुभाष सिंह और केचकी पंचायत के केचकी गांव में चितबरण सिंह की एक-एक एकड़ भूमि पर बागवानी कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम के तहत आम के पौधों के लिए गड्ढा खुदाई का कार्य शुरू हुआ। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज खुद मौके पर पहुंचीं और गड्ढा खोदकर श्रमदान करते हुए कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि मनरेगा के माध्यम से किसानों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है। गड्ढा खुदाई का कार्य जून तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद जुलाई में पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर मनरेगा बीपीओ कमलेश सिंह ने बताया कि चयनित लाभुकों की भूमि पर पहले मृदा परीक्षण किया गया है, जिससे पौधों के उचित विकास के लिए जरूरी तैयारियां सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि आम बागवानी से ग्रामीणों को लंबे समय तक आय का एक स्थायी स्रोत मिलेगा। कार्यक्रम में सहायक अभियंता प्रभाकर मनी प्रताप, कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार, बीएफटी नवल किशोर प्रसाद, संजय राम, राजेश्वर उरांव, पंचायत समिति सदस्य राज महेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य जय शंकर सिंह सहित कई ग्रामीण लाभुक उपस्थित थे।


पौधारोपण के लिए गड्ढा खोदती बीडीओ।

## राहुल सिंह के घर चला कुर्की जब्ती अभियान


घर के सारे समान जब्त करती पुलिस।

**चंदवा।** कई आपराधिक मामलों में वांछित कुख्यात अपराधी राहुल सिंह के विरुद्ध चंदवा पुलिस के द्वारा कार्रवाई तेज कर दिया गया है। माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में चंदवा पुलिस के द्वारा चंदवा थाना कांड संख्या 232/23 में 27 आर्म्स एवं 17 सीएलए एक्ट मामले में राहुल सिंह पिता कालेश्वर सिंह के चेटर ग्राम स्थित घर में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। सोमवार को चंदवा पुलिस की टीम दलबल के साथ राहुल सिंह के घर पहुंची जहां अभियान चलाकर पुलिस ने घर के सारे सामान जब्त कर लिए साथ ही छप्पर भी पीट दिया। पुलिस ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस को राहुल सिंह की लंबे समय से तलाश है, अगर जल्द राहुल सिंह समर्पण नहीं करता है तो उसके विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि कुख्यात राहुल सिंह गिरोह गत 2-3 वर्षों से क्षेत्र में सक्रिय है, लेवी व रंगदारी वसूलने एवं व्यवसायियों में भय बनने को लेकर गोली बारी की कई घटना को अंजाम दे चुका है। एक मामले में लॉरेंस विश्नोई गैंग से भी राहुल सिंह के तार जुड़े होने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद से पुलिस राहुल सिंह गिरोह को काफी गंभीरता से ले रही है।

## दुर्लभ प्रजापति छिपकली जैसा रंग बिरंगा जीव देखकर बना चर्चा का विषय



**बारियातू।** प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत बालूभाँग मे वार्ड सदस्य मनोज राम के घर मे विचित्र रंग बिरंगे छिपकली के आकर मे एक जीव को देखकर भीड लग लग गई। कुदरत का करिश्मा बालूभांग में दिखी रंग-बिरंगी छिपकली जैसा आकर वाले दुर्लभ जीव देखकर चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय वार्ड सदस्य मनोज ने दुर्लभ प्रजाति को कैमरे में कैद कर लिया। सोमवार रात्रि लगभग 10 बजे जब मनोज अपना घर मे गया तो आमतौर पर भूरे या हरे रंग की छिपकली आकर से भी बड़ा देखने को मिला। कथा सफेद पीला काला रंगों वाली छिपकली आकर की जीव देखकर पास पड़ोस के लोग देखने पहुँच गए। स्थानीय लोगों ने इसे कुदरत का इंद्रधनुषी मेहमान करार दिया है। फोटो देखकर कहा जा रहा है की यह विलुप्तप्राय या अनजानी प्रजाति से जुड़ी हो सकती है। कुछ स्थानीय लोगों ने इसे शुभ संकेत माना है, जबकि कुछ ने इसे किसी पौराणिक कथा से भी जोड़ा है। ग्रामीणों ने दुर्लभ जीव को गांव किनारे छोड़ दिया।

## शहादत दिवस पर याद किये गये अमर शहीद जवान


शहादत दिवस मनाते सीआरपीएफ जवान।

**महुआडांड़।** लातेहार महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिदरा धवाईटोली अमर शहीद इसदोर लकड़ा पिता स्वर्गीय सोमा उरांव के शहादत दिवस पर 11 बटालियन सीआरपीएफ के सीओ वेद राम बुनकर, डीसी मुकेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर जसवीर सिंह परिवार के सदस्यों ने अमर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली देकर याद किये। इस अवसर पर सीओ ने बताया कि शहीद असम 13 बटालियन सीआरपीएफ में थे। असम में उनकी शहादत हुई थी। शहादत तिथि पर सीआरपीएफ जवानों द्वारा उसके सम्मान में सलामी सहित कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किए।

# मनिका विधायक ने रखी सरईडीह विद्यालय के नए भवन की आधारशिला, कहा हर गांव को मिलेगा शिक्षा का मजबूत आधार

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत स्थित सरईडीह प्लस 2 विद्यालय परिसर सोमवार को ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने विद्यालय के नए अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य की विधिवत आधारशिला रखी। पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किए गए इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामीण व समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की बच्चियों और शिक्षकों द्वारा पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। पुष्पगुच्छ, स्वागत गीत ने माहौल को गरिमामय बना दिया। विधायक रामचंद्र सिंह ने भी बच्चियों व शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।


अतिरिक्त भवन निर्माण का शिलान्यास करते विधायक।

ग्रामीण इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। मैं चाहता हूँ कि हमारे गांवों के बच्चे भी बड़ी ऊंचाइयों को छूएं और इसके लिए बुनियादी ढांचे का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह भवन सिर्फ ईंट-पत्थर का नहीं, बल्कि भविष्य के निर्माण की एक नींव है। पर काम करके दिखाते हैं। आज सरईडीह विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण की शुरुआत यह साबित करती है कि कांग्रेस जनता की बुनियादी जरूरतों के लिए गंभीर है। यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि ग्रामीण शिक्षा को ऊंचा उठाने की दिशा में बड़ा कदम है।

### शिक्षा से बदलेगा गांव का भविष्य : रामचंद्र सिंह

इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जिस पर एक समृद्ध समाज की नींव रखी जाती है। सरईडीह जैसे

### रामचंद्र सिंह जी जमीन से जुड़े नेता हैं : नसीम अंसारी

इस मौके पर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि रामचंद्र सिंह जी का नेतृत्व सिर्फ.वादों तक सीमित नहीं है, वो जमीन

### विकास के प्रति संकल्पित है सरकार : विधायक

कार्यक्रम के अंत में विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने तक विकास की रोशनी पहुंचेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर काम हो रहा है और आगे भी प्राथमिकता के साथ होता रहेगा।

### कब्रिस्तान की चहारदीवारी का किया शिलान्यास

इसके पूर्व विधायक ने पहड़तल्ली में कब्रिस्तान की चहारदीवारी फेज 2 के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। बता दें कि एक वर्ष पूर्व भी इस चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराया गया था। जिसके बाद भी चहारदीवारी अधूरी रह गई थी। कार्यक्रम में जिप सदस्य संतोषी शेखर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, युवा नेता विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रधानाध्यापक उमेश टोप्पो, रंजित कु. राजू, बुद्धेश्वर सिंह, मनोज जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता हेसामुल अंसारी, संजय यादव, तेतर यादव, शमशुल अंसारी, अजीत गुप्ता, सफदर खान, मुन्ना खान, असलम अंसारी, मुन्ना खान, सुजीत गुप्ता, बिरेंद्र सिंह, संजय यादव, गोपाल राजवंशी, फिरोज अहमद मुन्ना, प्रेम कु. अधूरा, डॉक्टर खान और दिलावर अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक को शिकायत मिलने के बाद हरकत में आया विभाग, जल मीनार को लेकर काम शुरू



**हेरहंज।** प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत इनातू ग्राम में एक साल से खड़ा जलमीनार से पानी की आपूर्ति नहीं होने पर ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार व विधायक प्रकाश राम के पास शिकायत किया था। यह शिकायत को पीएचडी विभाग के जेई व प्रधानलिपिक को सौंपा गया। इन दोनों व्यक्तियों ने टीकेदार झारखंड पावर लिमिटेड के कर्मचारियों को 24 घंटे के भीतर जल आपूर्ति बहाल करने के लिए निर्देशित किया था। झारखंड पावर लिमिटेड के कर्मचारियों ने आया हरकत में ज्ञात हो कि सोमवार को प्रखंड स्तरीय जनता दरबार में पीएचडी विभाग के कर्मचारियों को विधायक प्रकाश राम व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी श्री कुमार के निर्देश पर झारखंड पावर के कर्मचारियों ने हरकत में आया। और 24 घंटे के अंदर पानी की आपूर्ति चालू कर दी गई। पानी चालू होने से ग्रामीणों में हर्ष है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी का जल स्तर काफी नीचे जाने के बाद कई ऐसे चापाकल हैं जो पानी उससे निकलना नामुमकिंग है। अब पानी के लिए राहत मिलेगी।

# श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर दुमका डीसी ने की समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** समाहरणालय सभागार में राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को किया। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने किया। बैठक में 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेला के तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में डीसी ने पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। डीसी ने कहा कि श्रावण माह में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि इस वर्ष लगने वाले श्रावणी मेला में सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने की जरूरत है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करने बासुकिनाथ धाम पहुंचते है, कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें जलार्पण करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी। डीसी ने बासुकीनाथ नगर पंचायत क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर आवासन, पेयजल, शौचालय एवं कांवरिया रुटलाइन में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करें। श्रावणी मेला के दौरान विशेष जगहों को चिह्नित कर अग्निशमन यंत्र लगाए। बासुकीनाथ धाम में वाहनों की पार्किंग की बेहतर व्यवस्था की जाए। सड़कों के किनारे साइनेज लगाया जाए। कहा कि शिवगंगा की सफाई बेहतर ढंग से की जाए। सावन माह में जलार्पण के लिए आयें श्रद्धालु सुखद अनुभूति के साथ अपने घर लौटें। इसके लिए सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर अपना कर्तव्य निभाएं। उन्होंने कहा कि जलार्पण काउंटर के माध्यम से भी पूरे मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जलार्पण काउंटर को बेहतर ढंग से बनाया जाय। बैठक में एसपी, डीडीसी, निदेशक आईटीडीए, एसी, एसडीओ, डीटीओ व अन्य उपस्थित थे।

# इस धरती से जब आतंकी...., जलेंगे कर्मों की अग्नि में शांति कहां से पायेगा : गंगेश पाठक

## साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी में देशभक्ति व सेना के शौर्य की सराहना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद बोकारो के तत्वाधान में स्थानीय सेक्टर 2 ए स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में कनकलता राय की अध्यक्षता में आयोजित काव्य गोष्ठी की शुरूआत भारत माता के चरणों में पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। कनकलता राय की कविता- चेतावनी आतंकवाद पर गहरी चोट थी। गोष्ठी की शुरूआत करुणा कलिका ने मां शारदे की मधुर वंदना से हुई एवं उनकी रचना- माँ ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गोष्ठी का संचालन करते हुए परिषद के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र कुमार राय ने अपनी कविता- चौहान ! खोलो चक्षु ज्ञान गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारतीय सेना के पराक्रम एवं आतंकवाद पर सभी कवियों ने समसामयिक पाठ कर श्रोताओं को वीर रस से अभिभूत किया। सचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी की साहसिक मसवरा व डॉ आशा पुष्प ने -सिंदूर के रंग गाकर लोगों की वाहवाही लूटी। प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक की आतंकवाद पर- इस धरती से जब आतंकी, पास खुदा के जाएगा, जलेंगे कर्मों की अग्नि में शांति कहां से पाएगा। जन्नत का जज भ्रष्ट नहीं है-जमानत कैसे कराओगे? पूछो अपने आकाओं से कब तक साथ निभाओगे ! की प्रस्तुति सराहनीय रही। इसके अतिरिक्त अमृता शर्मा की धर्म का मर्म आनंद सिंह की शौर्य दीनानाथ ठाकुर की- दूनिया को दिखा दो गाकर युवाओं को ललकारा है- आदि देशभक्ति एवं सेना पराक्रम से ओतप्रोत कविताएँ जम कर पढी गयी। उपस्थित सभी श्रोताओं एवं काव्य प्रेमियों ने कवि गोष्ठी का भरपूर आनंद उठाया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन गोष्ठी की अध्यक्षा कनक लता राय ने किया।

## एक नजर में

### अनुसांगी खेमका ने 98% अंक प्राप्त कर बेरमो का किया नाम रोशन

बेरमो। सीबीएसई ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए है। वर्तमान में पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ आर्थिक अपराध शाखा में कार्यरत उपेंद्र कुमार अग्रवाल और श्वेता अग्रवाल की सुपुत्री अनुसांगी खेमका को सीबीएसई की वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 98% अंक लाकर अपने माता –पिता सहित बेरमो का नाम रोशन रोशन किया। बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के प्रसिद्ध कोल ट्रांसपोर्टर स्व: महेंद्र खेमका एवं सुरेंद्र कुमार खेमका की भतीजी अनुसांगी खेमका है। बेरमो कोयलांचल में खुशी की लहर दौड पड़ी। इस बार नोएडा रीजन में 10 वी का परीक्षा परिणाम 89 .41 प्रतिशत रहा। वहीं 12 वीं का परीक्षा परिणाम 81.29 प्रतिशत रहा। पिछले साल 10 वीं का परीक्षा परिणाम 91.72 प्रतिशत रहा था। वहीं 1 2 वीं में विगत साल 80 .27 प्रतिशत रिजल्ट रहा।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी की सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी

बेरमो। सीबीएसई ने मंगलवार को कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2024–25 के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जिसमें प्रांशु प्रिया 93% अंक से प्रथम स्थान, पूजा कुमारी 92 .2 प्रतिशत अंक से द्वितीय स्थान, आराध्या शर्मा 90% से तृतीय स्थान, जयश्री विश्वकर्मा 89% से चतुर्थ स्थान,जीन्नत नाज 88% से पांचवें स्थान पर रही। इस मौके पर विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे एवं संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह ने बहनों को बधाई दी। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो, मंतोष प्रसाद एवं सभी आचार्य जी एवं दीदी जी ने बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बेबी देवी को बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बनने पर मदन मोहन अग्रवाल ने दी बधाई

बेरमो। पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो की पत्नी पूर्व मंत्री बेबी देवी जी को झारखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मदन मोहन अग्रवाल ने उनके आवास पर जाकर पुष्पगुच्छ कुछ देकर उन्हें बधाई दी साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का भी आभार व्यक्त किया।

### फुसरो मे मजदूर नेता कृष्ण मुरारी पांडेय की 30वीं पुण्यतिथि मनाई गयी

बेरमो। प्रसिद्ध मजदूर नेता रहे कृष्ण मुरारी पाण्डेय की 30 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनायी गई। फुसरो स्थित आवास पर पुण्यतिथि समारोह में राजनीतिक दलों के नेता श्रमिक यूनियनों के नेता व अन्य खास व आम ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी। उनके पुत्र गिरिडीह के पूर्व सांसद रवीन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि अपने पिता के पदचिन्हों पर चलकर क्षेत्र की जनता की सेवा में चौबीस घंटे तत्पर हूं। पांडेय ने कहा कि आज समाज में समसरता कायम रखने की जरूरत है। समाज में अच्छे काम करने वाले लोगों की आयु कम होती है।

## स्पीड न्यूज

### अज्ञात महिला का शव पुलिस ने किया बरामद

शिकारीपाड़ा। दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव के स्कूल के समीप से एक अज्ञात महिला का शव पुलिस बरामद की है। महिला की उम्र 65 वर्ष के आसपास होगी। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त भी हो सकती है।

### वज्रपात के चपेट में आने से किशोर की मौत



दुमका। जिले के रानेश्वर प्रखंड स्थित टोंगरा थानां क्षेत्र अंतर्गत बांसकुली पंचायत के माणिकडीह गांव में मंगलवार को हुई बारिश में वज्रपात के चपेट में आने से एक किशोर का मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय किशोर शैलास किस्कू है। वह बांसकुली पंचायत के जगदीशपुर गांव का रहने वाला था। स्थानीय लोगो ने बताया कि माणिकडीह गांव में सांसद निधि से बन रहे जाहेरथान घेराव में किशोर मजदूरी का काम कर रहा था। दोपहर को बारिश हो रही थी। बारिश के साथ बज्रपात भी गिर रहा था। किशोर बारिश से बचने के लिए पेड़ के समीप जाकर खड़ा हो गया। जहां वज्रपात के चपेट में आने से किशोर का मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रानेश्वर सीओ शादां नुसरत सीएचसी पहुचकर घटना का जायजा ली।

### फरार वारंटी की तलाश में जारंगडीह पहुंची पतरातु थाना ने चिपकाया इस्तीहार

बेरमो। फरार वारंटी की तलाश में रामगढ़ जिला के हद में पतरातु थाना की पुलिस 12 मई को बोकारो थर्मल के जारंगडीह पहुंची। यहां जारंगडीह गुरुद्वारा कॉलोनी निवासी वारंटी अंजय कुमार के घर पहुंच कर तलाशी ली व पूछताछ की। साथ ही वारंट घर के दरवाजे पर इस्तीहार चसपा कर पतरातु थाना अथवा रामगढ़ न्यायालय में 16 जून तक उपस्थित होने की चेतावनी दी। इस संबन्ध में भदानीनगर स्थित पतरातु थाना के सब इंस्पेक्टर सोमय सोरेन ने बताया कि जारंगडीह निवासी फरार वारंटी अंजय कुमार के खिलाफ कोयला तस्करी करने से संबंधित मामला पतरातु थाना में दर्ज है। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना के पुलिस अवर निरीक्षक भागीरथ महतो पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।

### जमीन नापी को लेकर दो पक्षों में मारपीट



गोड्डा। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मलहारा गांव में सोमवार की शाम जमीन नापी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, जिसमें 5 लोग घायल हुए। वहीं घायलों में प्रफुल कुमार पंडित और उनके पिता सरजू पंडित की हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है। प्रफुल को सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि सरजू के हाथ और सिर में चोट लगी है। दोनों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उक्त मामले को लेकर प्रदीप पंडित ने बताया कि दूसरा पक्ष अमीन को बुलाकर जमीन की दोबारा नापी करवा रहा था। जब उन्होंने कहा कि पहले से नापी हो चुकी जमीन को फिर से क्यों नापा जा रहा है, तो भूपेंद्र पंडित और दयानंद पंडित समेत 8 लोगों ने डंडे और पत्थरों से हमला कर दिया जिसमें करीब पांच से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त मामले को लेकर मुफस्सिल थाना प्रभारी आनंद साहा से हुई वार्ता में प्रभारी ने कहा कि मामले की सूचना मिली है। घायलों का उपचार होने के बाद शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने दुमका में कहा- प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन में नहीं मिला आमलोगों के सवालों का जवाब**

# संसद का विशेष सत्र बुलाये केंद्र सरकार

व्यापार का दबाव देकर या फिर धमकी देकर ट्रंप ने भारत–पाक के बीच कराया समझौता, जबाब दे पीएम मोदी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव और सीजफायर के मुद्दे पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी ने देशहित के मामले में केंद्र सरकार को बगैर शर्त समर्थन दिया है। इस स्थिति में सरकार जो भी निर्णय ले रही है। पार्टी उसके साथ है।

उन्होंने कहा कि पार्टी बस इतना ही चाहती है कि जो भी दोषी है, जिसने निर्दोष लोगों की हत्या की, देश को एक तरह से चैलेंज किया। देश इसका बदला ले। इसके लिए जिस तरह की कार्रवाई की जरूरत हो उसे किया जाये। उक्त बातें एक केस में पेशी करने दुमका पहुंची मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में जो भी घटनाक्रम हुआ है। उससे लगता है कि विपक्ष ही नहीं देश की जनता भी पूछ रही है कि आखिर क्यों डोनाल्ड ट्रंप हम लोगों के देश के निर्णय के बारे में देश को सूचित कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग की है। क्योंकि सवाल कांग्रेस पार्टी का नहीं बल्कि देश की जनता का है। किन परिस्थितियों में इस तरह की बातें आ रही है। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि क्या व्यापार का दबाव देकर या फिर धमकी देकर ट्रंप के द्वारा हमारे देश में यह निर्णय कराया गया। पूरे देश में ऊहापोह की स्थिति है। कहीं से सही जानकारी लोगों को नहीं मिल रही है। उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया पर भी सवाल सवाल खड़े करते हुए कहा कि मीडिया में कई प्रकार की बातें कही जा रही है। कुछ चैनल तो रात भर में ही लाहौर पहुंचा दिया। इस तरह गैर जिम्मेदाराना तरीके से खबर प्रसारित किया जाना कहीं से भी उचित नहीं है। मंत्री ने कहा कि मोदी और ट्रंप मित्र हैं। कौन सही कह रहे हैं यह लोगों को पता नहीं। कब ट्रंप को पाकिस्तान और भारत ने मध्यस्थता के लिए कहा यह भी लोगों को पता नहीं है। मीडिया में जो बातें चल रही है उस पर देश को भरोसा नहीं है। इसलिए संसद में जो बातें कही जाएगी वह सच होगा। विपक्षी पार्टियों द्वारा देश हित में सवाल पूछना भी उचित नहीं है क्योंकि देश हित पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। सोमवार की रात पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि देश के हर व्यक्ति के दिमाग में जो सवाल है। उसका जवाब प्रधानमंत्री के संबोधन में नहीं था।

खासकर वैसे परिवार जिनके लोगों ने देश के लिए शहादत दी है, अपनों को खोया है, वह परिवार सवाल पूछ रहे हैं। उन्हें जवाब मिले इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना आवश्यक है।

### एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई पेशी

ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय मंगलवार को एमपी–एमएलए की विशेष अदालत सह एसडीजेएम मोहित कुमार चौधरी की अदालत में पेशी हुई। अदालत में आंशिक बहस हुई। बहस की अगली तिथि 17 मई को निर्धारित हुई। यहां बता दें कि वर्ष 2017 में क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस के तत्कालीन जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। सड़क जाम करने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गई थी। इस मामले में थाना कांड संख्या 72/2017 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में 10 गवाहों की गवाही हुई है। केस में बहस होनी है।

## पेज एक का शेष

### अतुल्य 99.2 फीसदी ...

वहीं, 179 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 20 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

**टापरों की सूची**

1. अतुल्य श्रेष्ठ : 99.2 प्रतिशत, डीपीएस रांची, 2. यासिर अहमद : 99 प्रतिशत, डीपीएस रांची. 2. यशराज : 99 प्रतिशत, जेवीएम श्यामली, 2. अर्कानिभा मेते : 99 प्रतिशत, जेवीएम श्यामली, 2. अरण्या भारद्वाज : 99 प्रतिशत, कैरलि स्कूल, धुर्वा, 2. राशि बिंजराज : 99 प्रतिशत, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची। 3. आर्शी सिन्हा : 98.8 प्रतिशत, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची। 4. लक्ष्य मिश्रा : 98.6 प्रतिशत, डीएवी कपिलदेव, रांची, 4. श्रेया गुप्ता : 98.6 प्रतिशत, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची, 4. मेहल सिंह : 98.6 प्रतिशत, डीपीएस रांची।

साइंस : तेजस तनय : 98.4 प्रतिशत डीपीएस रांची। सिद्धार्थ अग्रवाल : 98.4 प्रतिशत, जेवीएम श्यामली। (2) उत्कर्ष भारत 98.2 प्रतिशत, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची, 3. आदित्य शौर्य सिंह : 98 प्रतिशत, डीपीएस रांची।

कामर्स :- रुद्र राज डान : 98.8 प्रतिशत, आक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची, 2. तनिषा गुप्ता : 98.6 प्रतिशत, कैरलि स्कूल धुर्वा 3. कशिश : 98.4 प्रतिशत, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल रांची,

आर्ट्स :--1. वैष्णवी स्वधा : 99.6 प्रतिशत, डीपीएस रांची, 2. अतुल कुमार गुप्ता : 98.6 प्रतिशत, ब्रिजफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची, 3. प्रज्ञा पल्लवी : 98.4 प्रतिशत, डीपीएस रांची, 3. सुभान शर्मा : 98.4 प्रतिशत, डीपीएस रांची, 3. अनुप्रिया : 98.4 प्रतिशत, जेवीएम श्यामली।

### पाकिस्तान कई दिनों ...

इंटिग्रेटेड एयर डिफेंस और थल वॉर सिस्टम ने अद्भुत काम किया। भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता की एक मजबूत पहचान बन गयी है। मंगलवार को आदमपुर एयरबेस से पीएम मोदी ने कहा कि भारत माता की जय से दुश्मन के कलेजे कांपते हैं।

**आपने दुश्मन को घर घुस कर मारा :** पीएम ने कहा, आपने पाकिस्तान में अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। 20-25 मिनट के भीतर आपने सीमा पार सटीक लक्ष्यों को निशाना बनाया। यह केवल आधुनिक तकनीक वाली पेशेवर सेना ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से अब दुश्मन के कलेजे कांपते हैं। जवानों को संबोधित करते समय उनका एक-एक शब्द जोश और राष्ट्रभक्ति से भरा था। उन्होंने कहा, भारत माता की जय से दुश्मनों के कलेजे कांपते हैं। यह बयान न सिर्फ सैनिकों के हौसले को नई ऊंचाई देता है, बल्कि दुश्मनों को भी साफ संदेश देता है कि भारत अब सिर्फ शांति की बात नहीं करता, जरूरत पड़ी तो ताकत भी दिखाता है। 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से जवानों ने पीएम का स्वागत किया।

### पाक के किराना हिल्स...

**पाकिस्तान पहुंचा अमेरिका का विमान :** सोशल मीडिया के अनुसार अमेरिका का एक खास विमान बी-350 एएमएस पाकिस्तान भेजा गया है। ताकि पता चल सके कि कहीं रेडियोएक्टिव पदार्थ तो नहीं फैला है। रेडियोएक्टिव पदार्थ वो होते हैं जो परमाणु हथियारों में इस्तेमाल होते हैं और सेहत के लिए बहुत खतरनाक होते हैं। अमेरिकी एनर्जी डिपार्टमेंट का एटॉमिक इमरजेंसी हेल्प एयर प्लेन पाकिस्तान में देखा गया। पाकिस्तान के पास 12 बड़े हवाई ठिकाने हैं। इन्हें तीन हिस्सों में बांटा गया है-उत्तरी, मध्य और दक्षिणी। इनके अलावा, कई ऐसे ठिकाने भी हैं जहां विमान नहीं उड़ते। ये ठिकाने मदद, मरम्मत, सामान पहुंचाने और कामकाज के लिए इस्तेमाल होते हैं।

**सरगोधा समेत कई ठिकानों पर हमले :** माना जा रहा है कि भारत ने शोरकोट में रफिकी एयरबेस, रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस, चकवाल में मुरीद, रहीमयार खान, सुक्कुर और चुनियान पर हमला किया। इसके अलावा, पासरूर और सियालकोट में रडार स्टेशनों पर भी हमले किये गये। रडार स्टेशन वो जगह होती है जहां से हवाई जहाजों और दूसरी चीजों पर नजर रखी जाती है। कराची में मलिर छावनी पर भी हमला हुआ था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के हर बड़े शहर में ठिकानों पर बमबारी की, जिनमें इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर, सियालकोट, सरगोधा और कराची शामिल हैं। भारत स्पष्ट किया कि इन जगहों को टारगेट तभी किया गया, जब पाकिस्तान ने जानबूझकर भारत के कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की थी।

**अचानक किराना हिल्स चर्चा में आया :** पाकिस्तान स्थित किराना हिल्स की चर्चा खूब हो रही है। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि किराना हिल्स पर कोई हमला नहीं किया गया। किराना हिल्स में परमाणु संबंधित कोई फैसिलिटी उपलब्ध है, इसके बारे में भारत को कोई जानकारी नहीं है। अब सवाल ये है कि भारत ने साफ तौर पर इनकार कर दिया है कि उसकी ओर से किराना हिल्स पर कोई अटैक किया गया है। किराना हिल्स पाकिस्तान के सरगोधा जिले में स्थित है। इस पहाड़ी इलाके का पाकिस्तानी रक्षा मंत्रालय विशेष ख्याल रखता है। इसे ब्लैक माउंटेन के नाम से भी जाना जाता है। सरगोधा शहर और राबवाह के बीच का इलाका किराना हिल्स कहलाता है। पाकिस्तान ने शायद अमेरिका से युद्धविराम के लिए इसलिए कहा क्योंकि एक परमाणु ठिकाने पर हमला हुआ था। उसे डर था कि कहीं भारत उनके परमाणु हथियारों पर और हमले न कर दे।

# शिकारीपाड़ा : क्रेशर से हो रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग ग्रामीणों ने किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के पिनरगढ़िया पंचायत के बरमसिया गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को क्रेशर से हो रहे प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग को लेकर सीओ को आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास चल रहे क्रेशर प्लांट से काफी ज्यादा प्रदूषण हो रहा है। धूलकण और क्रेशर के तेज आवाज के कारण लोगों का गांव में रहना मुश्किल हो गया है। जिससे गांव के वातावरण, जल स्त्रोतों और भूमि की गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ रहा है। क्रेशर की धूल से खेती जमीनों पर धूल की एक मोटी परत जम गई है। इस कारण लगभग 100 एकड़ भूमि पर खेती नहीं कर पा रहे हैं। गांव के घाट हरिपुर में और दो-तीन नए क्रेशर प्लांट बैठाने की योजना बनाई जा रही है। जो कि गांव के ठीक सीमा पर सटा हुआ है। यदि यह प्लांट भी खुल गया तो और भी ज्यादा लोगों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। प्रदूषण का बुरा प्रभाव ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से पड़ रहा है। लोगों को सांस की बीमारी, खांसी, आंख में जलन, त्वचा रोग और पानी से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। पशु पक्षी और खेती पर भी इसका दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने मांग किया कि बरमसिया मौज से सटे किसी भी जमीन पर नए क्रेशर प्लांट को अनुज्ञवती नहीं दी जाये। प्रेशर प्लांट के संचालन की जांच की जाए और धूल को नियंत्रित करने का उपाय करने का मांग किया। क्रेशर प्लांट को गांव और खेती योग्य भूमि से दूर रखने, गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बीमार ग्रामीणों का इलाज कराने एवं भूमि और जल की गुणवत्ता की जांच कराने और सुधार के उपाय करने का मांग किया।

# 20 मई की देशव्यापी हड़ताल को लेकर ढ़ोरी क्षेत्र मे संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कसी कमर

खबर मन्त्र संवाददाता



**फुसरो(बेरमो)।** 20 मई की देशव्यापी हड़ताल को लेकर सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने अपनी कमर कस ली है। इस हड़ताल को लेकर संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने जीएम ऑफिस के सभागार में बैठक कर हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति बनाई है। बैठक में इंटक, एटक, सीटू तथा एचएमएस से जुड़े यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता इंटक के हरेंद्र कुमार सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 मई हड़ताल के दिन ढ़ोरी क्षेत्र का संपूर्ण कार्य बंद कराया जाएगा। इसके लिए कामगारों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कामगारो को जागरूक करने हेतु पीट मीटिंग के साथ प्रचार वाहन से प्रचार किया जाएगा। जगह-जगह पोस्टर लगाया जाएगा। हड़ताल के एक दिन पूर्व 19 मई की संध्या मसाल जुलूस निकाला जाएगा। पीट मीटिंग 15 मई की सुबह ढ़ोरी खास के इन्कलाइन नंबर 7-8, संध्या में इन्कलाइन नंबर 4-5-6, 16 मई को एरिया अकाउंट ऑफिस, 17 मई को एसडीओसीएम के कैंटीन तथा तारमी साइडिंग, 18 मई को ढ़ोरी खास के इन्कलाइन नंबर 4-5-6 तथा इन्कलाइन नंबर 7-8, 18 मई को एएडीओसीएम परियोजना के 12 नंबर, 12 नंबर एक्सवेशन तथा रेलवे साइडिंग में किया जाएगा। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र सरकार मजदूरों की सुविधा में कटौती कर रही है। कहा कि केंद्र सरकार चार लेबर कोड लाया है, जो मजदूरों को गुलाम बनाने का काम करेगी। मौजूदा सरकार पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। बैठक में इंटक से शिवनंदन चौहान, बृजबिहारी पांडेय, राजेश्वर सिंह कोलफील्ड मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव आर उनेश, राजू बुकिया, यूकोवयू के क्षेत्रीय सचिव भीम महतो, जवाहरलाल यादव, झाकोकायू के बैजनाथ महतो, जेसीएमयू के मिथलेश सिंह, जनता मजदूर संघ के विकास सिंह, धीरज पांडे, उज्जवल मुखर्जी, राकोमयू के महारुद्र सिंह, जेसीएमयू के जयनाथ मेहता, सीटू के गोवर्धन रविदास, कुंज बिहारी प्रसाद उपस्थित थे।

# बीएसएल से सेवानिवृत कर्मियों के लिए 'एक नये सफर की शुरूआत' कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से मई 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 39 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा- एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक- मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक- वित्त एवं लेखा सुश्री दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से एजीएम जितेंद्र कुमार ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड चन्दन कुमार अरोड़ा एवं ब्रांच हेड एके पाण्डेय के टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं से अवगत कराया। सुश्री अनीता झा ने अंतिम निपटारा के सम्बन्ध में जानकारी दी एवं श्रीमती कल्पना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सड़क निर्माण में मुआवजा लेकर निर्मित संरचना नहीं हटाया, अब चलेगी मशीन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बरलंगा कसमार सड़क निर्माण में मुआवजा ले निर्मित संरचनाओं को तय समय पर नहीं हटाने पर अब मशीन से हटाया जायेगा। इसको लेकर बेरमो एसडीओ ने कसमार-बरलंगा भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि पर निर्मित संरचनाओं को बलपूर्वक हटाने के लिए दंडाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी है।

14 मई को मंजूरा तथा 16 एवं 20 मई को खुदीबेड़ा में बलपूर्वक संरचनाओं को हटाने के लिए मनरेगा के कनीय अभियंता राजीव रंजन व आशीष कुमार को दंडाधिकारी तथा कसमार सीओ प्रवीण कुमार को वरीय दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा महिला व पुरुष पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निर्देश भी दिया गया है। संपूर्ण कार्य के नोडल पदाधिकारी के रूप में बेरमो के कार्यपालक दण्डाधिकारी कुमार कनिष्क मौजूद रहेंगे। मालूम हो कि कसमार प्रखंड के बगदा गर्री खुदीबेड़ा एवं मंजूरा गांव के दर्जनों पंचाटियों ने मुआवजा भुगतान हो जाने तथा स्थानीय प्रशासन के स्तर से बार-बार आग्रह व सूचना के बावजूद अधिग्रहित भूमि पर से अपनी संरचनाओं को नहीं हटाया है। इसके परिणामस्वरूप जिला भूअर्जन पदाधिकारी ने कसमार सीओ को बलपूर्वक संरचनाओं को हटाने का निर्देश दिया है। इसके बाद सीओ ने बेरमो एसडीओ को पत्र लिखकर दंडाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की मांग की थी। एसडीओ ने प्रतिनियुक्ति कर दी।

स्पीड न्यूज

## व्यापार वार्ता के लिए 16 मई को अमेरिका जायेंगे पीयूष गोयल



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 16 मई को वाशिंगटन के दौरे पर जाएंगे, जहां वे दोनों देशों के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय वार्ता का नेतृत्व करेंगे। यह कदम भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों का एक दल बीटीए पर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ 17 मई से वाशिंगटन में चर्चा करेगा। बैठक में भाग लेने के लिए पीयूष गोयल 16 मई को वाशिंगटन पहुंचेंगे।

## सऊदी अरब पहुंचे ट्रंप

**रियाद।** पश्चिम एशिया में स्थिरता लाने के लिए अमेरिका द्वारा भूमिका निभाए जाने के आह्वानों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचे । ट्रंप पश्चिम एशिया की चार दिवसीय तूफानी दौरे में सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात जाएंगे, जहाँ उनका खाड़ी देशों के नेताओं से मिलने और खरबों डॉलर के निवेश सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं।

## यूक्रेन के हमले में रूस के 6 नागरिकों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोशिनक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए।

## सुकमा में 14 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के दक्षिण बस्तर डिवीजन में सक्रिय पांच महिलासहित 14 हार्डकोर नक्सलियों ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पित 05 महिला, 03 पुरुष नक्सली पर 02-02 लाख, कुल 16 लाख रुपए के इनाम घोषित है।

## 23 सितंबर को मनाया जायेगा आयुर्वेद दिवस

**नयी दिल्ली।** देश में अब हर साल अब 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में केन्द्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। पहले हर वर्ष धनतेरस के दिन यह दिवस मनाया जाता था, चूंकि धनतेरस की तारीख हर साल बदलती रहती है। मंगलवार को आयुष मंत्रालय ने जानकारी दी कि वैश्विक दृश्यता और पालन में निरंतरता बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने 23 सितंबर को प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाने की तिथि निर्धारित की है।

## बिहार के 144 प्रखंडों में जल्द खुलेंगे सहकारी बैंक

**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि प्रदेश के 23 जिलों में सहकारिता बैंक मौजूद हैं और जल्द हीं अन्य 15 जिलों में सहकारिता बैंक खोलने की कवायद शुरू होने जा रही है। डॉ. कुमार ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 15 जिलों के 144 प्रखंडों में सहकारी बैंक खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से राज्य सरकार ने अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि अनुमति मिलने के बाद सहकारिता बैंक की शाखाएं खोली जाएंगी। वर्तमान में 23 जिलों में सहकारिता बैंक मौजूद हैं। सभी 534 प्रखंडों में अभी 290 में सहकारिता बैंकों की शाखाएं खुल चुकी हैं।



## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद इंडिया गेट पर दिखा भारत का दम

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले वीर सैनिकों के सम्मान में दिल्ली सरकार ने कर्तव्य पथ पर मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाला। इस तिरंगा यात्रा में दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत कई कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। इसके अतिरिक्त सांसद और विधायक के अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# सीबीएसइ 12वीं में लड़कियों ने मारी बाजी

एजेंसी

- 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, लड़कियों का परीक्षा परिणाम लड़कों से 5.94 प्रतिशत बेहतर रहा
- 10वीं में 93.66 % छात्र पास



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 12वीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। इस बार कुल 88.39 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। लड़कियों का परीक्षा परिणाम लड़कों से 5.94 प्रतिशत बेहतर रहा। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 17,04,367 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 16,92,794 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 14,96,307 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस साल 88.39 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 87.98 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इस साल लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कों से 5.94 प्रतिशत ज?यादा रहा। विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत अधिक है। इस बार की परीक्षा में 91.64 प्रतिशत लड़कियों ने और 85.70 प्रतिशत लड़कों ने सफलता हासिल की है।

वहीं, ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत 100 प्रतिशत रहा है, जो पिछले साल 50 प्रतिशत था। 1.1 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। परीक्षा में इस बार कुल 1,11,544 विद्यार्थियों ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, जबकि 24,867 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं 10वीं कक्षा में इस साल छात्र-छात्राओं का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93.66 प्रतिशत रहा। छात्राओं ने छात्रों से 2.37 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 23,85,079 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था और 23,71,939 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 22,21,636 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इस साल 93.66 प्रतिशत उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं, जो पिछले साल के 93.60 प्रतिशत से 0.06 प्रतिशत अधिक है। इस साल लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कों से 2.37 प्रतिशत ज्यादा रहा। परीक्षा में 95 प्रतिशत लड़कियों ने और 92.63 प्रतिशत लड़कों ने सफलता हासिल की है। जवाहर नवोदय विद्यालय 99.49 प्रतिशत उत्तीर्ण दर के साथ संस्थागत परिणामों में सबसे आगे रहे। सीबीएसई कक्षा 10 के परिणामों में त्रिवेंद्रम और विजयवाड़ा दोनों रीजन ने 99.79 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। बेंगलुरु 98.90 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।

# पाक को खाली करना होगा पीओके

## भारत की दो टूक, कश्मीर पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं

एजेंसी

- पाक जब तक आतंक के साथ रहेगा, तब तक सिंधु संधि स्थगित रहेगा : जायसवाल
- ट्रंप नहीं, सेना के ताकत से घुटने पर आया पाकिस्तान



**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तान को पीओके को खाली करना होगा। जम्मू-कश्मीर मामले में किसी तीसरे देश का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से हल होंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। आतंकियों के पाकिस्तान कनेक्शन के सबूत हैं। पाकिस्तान की गोली का जवाब गोली से देंगे। पाक जब तक आतंक के साथ रहेगा तब तक सिंधु संधि स्थगित रहेगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने उन आतंकवादी ढांचों को नष्ट किया जो न केवल भारतीयों की, बल्कि दुनिया भर में कई अन्य निर्दोष लोगों की मौत के लिए भी जिम्मेदार थे। रणधीर जायसवाल ने कहा कि उसका लंबे समय से रुख यह है कि कश्मीर मुद्दे को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रूप से सुलझाया जाना चाहिए और इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के पीछे परमाणु युद्ध की आशंका और व्यापार बंद करने की धमकी को कारण बताये जाने को आज खारिज कर दिया तथा जम्मू कश्मीर को लेकर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराने की मंशा को भी अस्वीकार कर दिया।

यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता की पेशकश की पृष्ठभूमि में आया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमारा लंबे समय से रुख रहा है कि भारत के केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से संबंधित किसी भी मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से सुलझाना होगा। इस रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि एकमात्र मुद्दा पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्रों को खाली करना है। जायसवाल ट्रंप की पेशकश पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु हमले की अटकलें लगाए जाने पर जायसवाल ने कहा कि सैन्य कार्रवाई पूरी तरह से पारंपरिक हथियारों तक सीमित थी।

जायसवाल ने कहा कि ऐसी कुछ खबरें थीं कि पाकिस्तान की राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की बैठक 10 मई को होगी। लेकिन बाद में उन्होंने इसका खंडन किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने खुद ही परमाणु हमले की बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, भारत का दृढ़ रुख है कि वह परमाणु धमकी के आगे नहीं झुकेगा और न ही इसका हवाला देकर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों की अनुमति देगा। जायसवाल ने कहा कि कहा कि भारत सिंधु जल संधि को तब तक स्थगित रखेगा जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता।

## पाकिस्तान के एक अधिकारी को भारत ने निष्कासित किया

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पसोर्ना नॉन ग्राटा घोषित किया है। इस अधिकारी का नाम एहसान उर रहीम उर्फ डेनिश बताया जा रहा है। उन पर भारतीय सेना से संबंधित संवेदनशील जानकारियों को लीक करने के आरोप लगे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार ने पाकिस्तान उच्चायोग, नई दिल्ली में कार्यरत एक अधिकारी को पसोर्ना नॉन ग्राटा घोषित किया है क्योंकि वह अपनी आधिकारिक स्थिति के अनुरूप गतिविधियों में लिप्त था। इस अधिकारी को 24 घंटों के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। इस संबंध में आज पाकिस्तान उच्चायोग के चार्ज द अफेयर्स को एक डेमार्च जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि पंजाब पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 17 मरे

एजेंसी

- डीएसपी और एसएचओ निलंबित, मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख देगी सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा में जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या 17 पहुंच गई है, जबकि चार लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार न डीएसपी और मजीठा थाने के प्रभारी को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी मृतकों के आश्रितों को 10-10 लाख रुपये आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। अमृतसर जिले के मजीठा में सोमवार रात हुए जहरीली शराब कांड की चपेट में अब तक भंगाली कलां, बुराड़ी कलां, पातालपुरी थ्रिएवाल, तलवंडी खुम्मन और करनाला के लोग चपेट में आ चुके हैं। मंगलवार सुबह यहां मरने वालों की संख्या जहां 14 थी वहीं शाम तक तीन अन्य व्यक्तियों की मृत्यु के साथ मरने वालों की संख्या 17 तक पहुंच चुकी है। इस मामले में अब तक 10 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। मुख्यमंत्री मान के निर्देश पर पुलिस महानिदेशक ने मजीठा थाना प्रभारी अवतार सिंह ओर डीएसपी अमोलक सिंह को निलंबित कर दिया है। इस हादसे में सबसे अधिक पांच लोगों की मौत मराड़ी कलां में हुई है। मृतकों में मराड़ी कलां निवासी मेजर सिंह, परमजीत सिंह, सतबीर सिंह, सुखविंदर सिंह, सर्बजीत सिंह, के अलावा गांव पातालपुरी निवासी रोमी, गंजू राम, थ्रिएवाल निवासी करनैल सिंह, अजीत सिंह, जोगिंदर सिंह तथा भंगाली कलां निवासी इकबाल सिंह, रमनदीप सिंह, रोबनजीत सिंह, बलबीर सिंह, राजा, अमरपाल सिंह तथा काका सिंह के रूप में हुई है।

## न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे सुप्रीम कोर्ट के सीजेआइ पद की शपथ

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवारको उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुँचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।गवई ने नागपुर विश्वविद्यालय से बीए एलएलबी की डिग्री पूरी करने के बाद 16 मार्च, 1985 को वकालत शुरू की थी। उन्होंने वर्ष 1987 से 1990 तक बम्बई उच्च न्यायालय में स्वतंत्र रूप से वकालत की।

# देश की रक्षा में बिहार का एक और लाल शहीद

## रामबाबू कश्मीर में एस-400 को कर रहे थे संचालित

खबर मन्त्र संवाददाता

- आज सीवान आयेगा जवान का पार्थिव शरीर



**सीवान।** पाकिस्तान के कायराना हमले में बिहार में सीवान जिले के वसिलपुर गांव के रहने वाले बीएसएफ जवान रामबाबू कुमार शहीद हो गए हैं। सोमवार की देर शाम परिजन को उनके शहादत की जानकारी मिली। इसके बाद से परिवार और गांव में शोक है। रामबाबू कश्मीर में तैनात थे और भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 को संचालित कर रहे थे। शहीद रामबाबू कुमार का पार्थिव शरीर कश्मीर से विमान से दिल्ली लाया जाएगा। बुधवार सुबह दिल्ली से उनके पार्थिव शरीर को पहले पटना फिर सीवान लाया आएगा। पटना में राजकीय सम्मान के साथ शहीद के गांव वासिलपुर लाकर अंतिम संस्कार किया जाएगा। मंगलवार सुबह से ही रामबाबू कुमार के घर प्रशासनिक अधिकारियों, नेताओं और इलाके के लोगों का जमावड़ा लगा रहा। हर कोई रामबाबू कुमार के जज्बे को सलाम कर रहा था। रामबाबू के ससुर सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि दामाद डिफेंस सिस्टम एस 400 चलाते थे। 10 अप्रैल को उन्होंने जम्मू कश्मीर में अपनी ड्यूटी ज्वाइन की थी, जबकि उनकी बेटी अंजलि धनबाद में थी। हालांकि रामबाबू की पत्नी अंजली सिंह को अभी भी उनकी शहादत की जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि वह गर्भवती हैं।

## शहीद इम्तियाज के परिजन को नीतीश कुमार ने दिया 50 लाख



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर शहीद मोहम्मद इम्तियाज के सारण स्थित पैतृक गांव गरखा प्रखंड के नारायणपुर गांव मंगलवार को पहुंचे। यहां उन्होंने शहीद मोहम्मद इम्तियाज के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज के पुत्र मोहम्मद इमरान रजा, मोहम्मद इमदाद रजा एवं अन्य परिजन से बात कर उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की तरफ से शहीद मोहम्मद इम्तियाज के परिजन को 50 लाख रुपये की सम्मान राशि का चेक सौंपा।

# सेंसेक्स 1282 और निफ्टी 331 अंक लुढ़का

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी




**मुंबई।** विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई वहीं 74 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपये रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट-कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है। दूसरी ओर, वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है। वहीं, फार्मा क्षेत्र के लिए स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है।